CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 25°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 1 अक्टूबर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 260 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 8 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विवाह जब तक रद्द नहीं हो जाता, पत्नी भरण पोषण की हकदार: हाईकोर्ट पेज 2



पाकिस्तानी खिलाड़ी अब विदेशी टी-20 लीग नहीं खेल सकेंगे खेल टाइम्स



भाजपा का महिला सशक्तिकरण: वास्तविकता और दिखावा सम्पादकीय



इजरायल गाजा में जंग रोकने को तैयार ट्रम्प ने 20 पॉइंट का बनाया प्लान पेज 12

### भाजपा नेता विजय कुमार मल्होत्रा का 93 साल की उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** भाजपा के सीनियर नेता विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार सुबह 93 साल की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से दिल्ली एम्स में भर्ती थे। एम्स ने मंगलवार सुबह उनकी मौत की जानकारी दी। मल्होत्रा दिल्ली से 5 बार सांसद और दो बार के विधायक थे। वे 1980 में दिल्ली के पहले प्रदेश अध्यक्ष बने। उन्होंने 1999 के लोकसभा चुनावों में दक्षिण दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार मनमोहन सिंह को हराया था। उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली स्थित उनके आवास पर रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित भाजपा के कई बड़े नेता उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। पीएम मोदी ने विजय कुमार मल्होत्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार वालों को सांत्वना दी। मोदी ने एक्स पर कहा कि विजय कुमार मल्होत्रा एक महान नेता थे जिन्हें जन मुद्दों की गहरी समझ थी। उन्होंने दिल्ली में हमारी पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उन्हें संसदीय मामलों में उनके हस्तक्षेप के लिए भी याद किया जाता है। उनका निधन बहुत दुखद है।

### करूर भगदड़: विजय बोले- सीएम स्टालिन बदला ले रहे

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के करूर में भगदड़ के 2 दिन बाद एक्टर विजय थलपति ने मंगलवार को कहा कि क्या सीएम स्टालिन बदला लेने की कोशिश कर रहे हैं। हमने कुछ गलत नहीं किया। अगर बदला लेना है, तो मेरे पास आओ। मैं घर में मिलूंगा या ऑफिस में। उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी के पदाधिकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मैं सीएम से अपील करता हूं कि कृपया मेरी पार्टी के पदाधिकारियों को नुकसान न पहुंचाएं। विजय ने कहा कि जल्द ही, हर सच्चाई सामने आ जाएगी। मुझे इस घटना पर खेद है। हम राजनीतिक यात्रा पर हैं। इस पर हम मजबूती और हिम्मत से आगे बढ़ेंगे। तमिल एक्टर विजय की पॉलिटिकल पार्टी टीवीके की चुनावी रैली में 27 सितम्बर की शाम भगदड़ मची थी। इसमें 41 लोग मारे गए थे। घायल 51 लोग आईसीयू में भर्ती हैं। तमिलनाडु पुलिस ने इस मामले में अब तक 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें टीवीके के जिला सचिव वीपी माथिय्यालगन और पदाधिकारी पौनराज और एक पत्रकार शामिल है।

### चैतन्यानंद की महिलाओं के साथ चैट सामने आई

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी के बारे में कई बातें सामने आई हैं। पुलिस ने चैतन्यानंद के मोबाइल से कई महिलाओं की चैट बरामद की है। इसमें पता चला कि वह महिलाओं को आकर्षित करने के लिए उनसे कई वादे करता था। यही नहीं, चैतन्यानंद के फोन में कई एयरहोस्टेस की फोटोज भी मिली हैं। उसने कई महिलाओं की सोशल मीडिया प्रोफाइल फोटो भी सेव करके रखी थीं। पुलिस ने चैतन्यानंद की दो महिला सहयोगियों को हिरासत में लिया है। इनसे पूछताछ हो रही है।




नई दिल्ली: दिल्ली-एनसीआर में बादल और बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया, तापमान में गिरावट और प्रदूषण स्तर में सुधार से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। बारिश के बीच से गुजरते वाहन।

## पीएम ने लद्दाख के लोगों से धोखा किया: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कहा: गोलीबारी की न्यायिक जांच की जाए, लेह में इंटरनेट 3 अक्टूबर तक बंद**

**नई दिल्ली/लेह।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पीएम मोदी ने लद्दाख के लोगों के साथ धोखा किया है। लेह में पुलिस गोलीबारी में 4 प्रदर्शनकारियों की मौत की निष्पक्ष न्यायिक जांच की जाए। इनमें कारगिल युद्ध में शामिल त्सावांग थारचिन भी शामिल थे।

उन्होंने एक्स पर थारचिन के पिता का वीडियो पोस्ट किया। राहुल गांधी ने हिंदी में अपने पोस्ट में कहा कि पिता की दर्द भरी आंखें एक सवाल पूछती हैं, क्या आज देश सेवा का यही इनाम है। हिंसा और भय की राजनीति बंद करें। वहीं, गृह मंत्रालय ने मंगलवार को लद्दाख के लेह जिले में 3 अक्टूबर तक मोबाइल इंटरनेट और सार्वजनिक वाई-फाई सेवाओं को पूरी तरह से बंद करने का आदेश दिया। यहां सुबह 10 से शाम 7 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई है।

### वांगचुक की पत्नी बोलीं- डीजीपी के आरोप झूठे

**कहा: ये अपने आप में एक साजिश है, सरकार बना रही बलि का बकरा**

**लेह।** पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के खिलाफ पुलिस द्वारा लगाए गए आरोपों पर उनकी पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो ने ऐतराज जताया है।

उन्होंने पुलिस महानिदेशक के बयानों को झूठा और गढ़ी गई कहानी बताते हुए कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश है, जिसके जरिये किसी को फंसाकर मनमर्जी करने की कोशिश हो रही है। हम डीजीपी के बयान की कड़ी निंदा करते हैं। सिर्फ मैं ही नहीं, बल्कि पूरा लद्दाख इन आरोपों को खारिज करता है। ये एक बनावटी कहानी है, ताकि किसी को बलि का बकरा बनाया जा सके और वे जो चाहें वो कर सकें। उन्होंने सवाल उठाया कि सीआरपीएफ को गोली चलाने का आदेश किसने दिया? अपने ही नागरिकों पर गोली कौन चलाता है?

## 26/11 पर चिदंबरम का बड़ा खुलासा

### बोले- मैं मुंबई हमले का बदला लेना चाहता था, मनमोहन सरकार पर था अमेरिकी दबाव

**कहा: नहीं कर पाए पाकिस्तान पर कार्रवाई**



**मैंने जवाबी कार्रवाई पर पीएम और अन्य जिम्मेदार लोगों से की थी चर्चा**

**नई दिल्ली।** मनमोहन सरकार में गृह मंत्री रहे पी. चिदंबरम ने खुलासा किया है कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद उनके मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के 17 साल बाद पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने एक चैनल को कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला अंतर्राष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख के कारण लिया गया था।

मुंबई हमले में 175 लोगों की जान गई थी। 60 घंटों तक 10 आतंकियों ने मुंबई की सड़कों, ताज होटल, सीएसटी रेलवे स्टेशन, नरीमन हाउस और कामा हॉस्पिटल को निशाना बनाया था। अंधाधुंध फायरिंग की थी। चिदंबरम ने बताया कि पूरी दुनिया का दबाव था। हमें युद्ध नहीं करने के लिए समझाया जा रहा था। तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री दिल्ली आईं और उन्होंने कहा कि कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा। कोई आधिकारिक राज उजागर किए बिना मैं मानता हूं कि मेरे मन में प्रतिशोध की भावना आई थी। मैंने जवाबी कार्रवाई पर पीएम और अन्य जिम्मेदार लोगों से चर्चा की थी। पीएम ने तो इस पर चर्चा हमले के दौरान ही कर ली थी। विदेश मंत्रालय का मानना था कि सीधा हमला नहीं करना चाहिए। इसके बाद सरकार ने कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक्स पर इस इंटरव्यू की क्लिप शेयर की है। उन्होंने लिखा कि पूर्व गृह मंत्री ने मान लिया है कि देश पहले से जानता था कि मुंबई हमलों को विदेशी ताकतों के दबाव के चलते सही तरीके से हैंडिल नहीं किया गया।

### जिंदा पकड़ा था अजमल कसाब, बाद में फांसी दी

**नई दिल्ली।** हमले के बाद 3 दिनों तक सुरक्षाबल के जवान आतंकवादियों से लड़ते रहे और 9 आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया। एक आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ा गया।

कसाब को हमले के अगले ही दिन, यानी 27 नवंबर को जुहू चौपाटी से गिरफ्तार किया गया था। जनवरी 2009 में स्पेशल कोर्ट में मामले की सुनवाई शुरू हुई। 25 फरवरी 2009 को 11 हजार पन्नों की पहली चार्जशीट दाखिल की गई। इस दौरान कसाब के नाबालिग होने पर भी विवाद चलता रहा। मार्च 2010 में केस से जुड़ी सुनवाई पूरी हो गई। 21 नवंबर 2012 को पुणे की यरवडा जेल में सुबह कसाब को फांसी दी गई थी। 3 मई 2010 को कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कसाब को 26/11 हमले में दोषी पाया और 6 मई को फांसी की सजा सुनाई। 2011 में मामला बॉम्बे हाईकोर्ट गया। हाईकोर्ट ने स्पेशल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने भी कसाब को राहत नहीं दी और फांसी की सजा पर मुहर लगा दी। कसाब ने राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के पास दया याचिका भेजी, जिसे 5 नवम्बर को राष्ट्रपति ने खारिज कर दिया।

### मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर का अप्रैल में भारत प्रत्यर्पण

**नई दिल्ली।** 2008 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा का इसी साल अप्रैल में अमेरिका से भारत प्रत्यर्पण किया गया है। तहव्वुर राणा को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था। मुंबई हमले के मास्टरमाइंड डेविड हेडली की गवाही के आधार पर तहव्वुर राणा को 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी।

## परमाणु और जैविक हमलों के खिलाफ तैयारी जरूरी: सीडीएस

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कहा : भारतीय डीएनए बेहद खास है**

**नई दिल्ली।** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि हमें भविष्य में परमाणु और जैविक खतरों के खिलाफ तैयार रहना होगा।

नई दिल्ली के मानेकशा सेंटर में सैन्य नर्सिंग सेवा के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिए अपने संबोधन में सीडीएस चौहान ने कहा कि आज के डेटा-केंद्रित युद्ध के युग में, जहां सूचना तक पहुंच, दुश्मन को हम पर बढ़त दिला सकती है, वहां चिकित्सा डेटा की भूमिका भी बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि भारतीय डीएनए बेहद खास है। हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली अलग-अलग वातावरण या संक्रमणों के प्रति अलग-अलग प्रतिक्रिया करती है। ऐसे में व्यक्तिगत चिकित्सा डेटा की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है और इसमें केस हिस्ट्री, रिपोर्ट और चिकित्सा स्वास्थ्य रिकॉर्ड आदि शामिल हैं। परिचालन डेटा, स्वास्थ्य पैटर्न से संबंधित तैनाती, निकासी योजनाओं को भी लीक से सुरक्षित रखने की जरूरत है। हालांकि डेटा सुरक्षा और डेटा संरक्षण सीधे तौर पर एमएनएस (मिलिट्री नर्सिंग सर्विस) की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन आपको इन सभी प्रकार की चुनौतियों के बारे में पता होना चाहिए। सीडीएस चौहान ने कहा कि हमारी नर्सों के प्रशिक्षण में भविष्य में आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखना होगा।

### ट्रॉफी विवाद पर बीसीसीआई ने एसीसी की बैठक में जताया विरोध

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया क्रिकेट परिषद (एसीसी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान एशिया कप की विजेता ट्रॉफी भारतीय टीम को नहीं सौंपने पर कड़ा विरोध जताया है। बीसीसीआई ने इस दौरान एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी को घेरा। भारत ने रविवार को फाइनल में पाकिस्तान को हराकर नौवीं बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ियों ने ट्रॉफी नकवी के हाथों से लेने से इन्कार कर दिया था जिसके बाद पुरस्कार समारोह बिना विजेता ट्रॉफी सौंपे समाप्त कर दिया गया था। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद ट्रॉफी के बिना खिताब जीतने का जश्न मनाया था। बाद में बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया था कि नकवी ट्रॉफी को अपने साथ होटल के कमरे में ले गए हैं।

### इंडिगो उड़ान में बम की धमकी

**नई दिल्ली।** इंडिगो की मुंबई से दिल्ली आ रही एक फ्लाइट को मंगलवार सुबह बम की धमकी दी गई, जिसके बाद हड़कंप मच गया। दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षा कारणों से पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। इंडिगो की फ्लाइट 6ई 762 में करीब 200 यात्री सवार थे। सुरक्षा एजेंसियों ने जांच के बाद इस धमकी को गैर-विशिष्ट बताया। यह विमान एयरबस ए321 नियो था और सुबह करीब 7:53 बजे सुरक्षित रूप से दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरा।

## हिस्ट्रीशीटर की कोर्ट परिसर में हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**जज कंपाउंड में कोर्ट मैरिज करने के लिए आया था मृतक**

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में मंगलवार को कचहरी परिसर में प्रेमिका के साथ कोर्ट मैरिज करने पहुंचे हिस्ट्रीशीटर की युवती के भाइयों ने चाकू से गोद कर हत्या कर दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि बुलंदशहर नगर के ऊपर कोट निवासी नईम अंसारी नामक हिस्ट्रीशीटर बदमाश नगर की ही गद्दी बिरादरी की एक युवती को दो दिन पूर्व भगाकर ले गया था। मंगलवार को अपराह्न वह जज कंपाउंड में कोर्ट मैरिज करने के लिए आया था। इस दौरान जब वह कुछ कागजों के फोटो स्टेट करवाने के लिए दुकान पर पहुंचा, तभी लड़की के भाइयों ने उस पर ताबड़तोड़ चाकू से प्रहार करना शुरू कर दिया। हत्या करने के बाद सभी आरोपी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि हत्यारों की संख्या दो से तीन थी। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों की मदद ले रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### बिहार में SIR की फाइनल लिस्ट जारी

**पटना।** मंगलवार को मतदाता सूची प्रारूप का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। चुनाव आयोग ने कहा कि 30 सितम्बर को अंतिम मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। करीब सात करोड़ 30 लाख से अधिक मतदाताओं की फाइनल सूची जारी की गई। खास बात यह है कि इस बार वोटर लिस्ट में करीब 14 लाख से अधिक नए मतदाता भी शामिल हुए। इनमें अधिकतर ऐसे हैं, जिनकी उम्र 18 साल से अधिक है। इधर, चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को सार्वजनिक करने के साथ-साथ हर जिले के निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में भौतिक प्रति भी उपलब्ध करवा दी है। सभी राजनीतिक दलों को भी मतदाता सूची प्रारूप की अंतिम सूची उपलब्ध करवा दी गई।

## तीनों सेनाओं का एकीकरण अब वक्त की जरूरत: राजनाथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कहा: आज के दौर में आ रही चुनौतियों का सामना करने के लिए बेहतर विकल्प यही है**



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मौजूदा समय में थल, जल, वायु ,अंतरिक्ष और साइबरस्पेस के क्षेत्रों के आपस में गहराई से जुड़े होने तथा सुरक्षा के बदलते स्वरूप और खतरों की जटिलता को देखते हुए तीनों सेनाओं के एकीकरण पर बल दिया है ।

उन्होंने कहा है कि आज के दौर में जिस तरह की चुनौतियां हमारे सामने आ रही हैं उसमें बेहतर विकल्प यही है कि हम इन चुनौतियों का मिलकर सामना करें। उन्होंने कहा कि अंतर संचालन और एकीकरण अब केवल वांछनीय लक्ष्य नहीं रह गए, बल्कि अब ये संचालन जरूरत बन चुके हैं। श्री सिंह ने मंगलवार को यहां तीनों सेनाओं के सेमीनार को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सेनाओं को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में गिना जाता है और हर सेना की अपनी गौरवशाली परंपरा तथा अपनी पहचान रही है। उन्होंने कहा कि लेकिन एकीकरण और तालमेल के बिना इससे जो मूल्य या अनुभव या नई चीज उस सेना ने सीखी वह उसी तक सीमित रह गई और उसका फायदा दूसरी सेना को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी में सुरक्षा और खतरों का स्वरूप बदल चुका है और वे अधिक जटिल हो गए हैं इसे देखते हुए तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण जरूरी है, जिससे मिलकर चुनौतियों का सामना किया जा सके। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में सुरक्षा का स्वरूप काफी बदल चुका है। खतरे पहले से कहीं अधिक जटिल हो गए हैं। आज थल, जल, वायु , अंतरिक्ष और साइबरस्पेस ये सभी क्षेत्र आपस में गहराई से जुड़ गए हैं। ऐसे समय में कोई भी सेना यह सोचकर अलग-थलग नहीं रह सकती, कि अपने क्षेत्र में वह अकेले ही सब संभाल लेगी। आज के दौर में, जिस तरह की चुनौतियां हमारे सामने आ रही हैं, उसमें बेहतर विकल्प यही है, कि हम इन चुनौतियों का मिलकर सामना करें।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### भारत फिर से चुना गया आईसीएओ परिषद का सदस्य

**नई दिल्ली।** भारत को संयुक्त राष्ट्र की विशिष्ट एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) की परिषद के भाग 2 के लिए दोबारा चुना गया है। भाग 2 में वे देश शामिल हैं जो अंतर्राष्ट्रीय नागरिक हवाई नेविगेशन के लिए सुविधाओं के प्रावधान में सबसे बड़ा योगदान दे रहे हैं। यह चुनाव 27 सितम्बर को मॉन्ट्रियल में आयोजित आईसीएओ की सभा के 42वें सत्र के दौरान हुआ। इसमें भारत को 2022 के चुनावों की तुलना में अधिक मत प्राप्त हुए हैं। इससे पहले, 2 सितम्बर को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने आईसीएओ सभा के 42वें सत्र से पहले नई दिल्ली में राजदूतों और उच्चायुक्तों के लिए एक स्वागत समारोह का आयोजन किया था। इस अवसर पर नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने 2025-2028 के कार्यकाल के लिए पुनर्निर्वाचन के लिए भारत की उम्मीदवारी के लिए सदस्य देशों से समर्थन मांगा था।

### मल्होत्रा के निधन पर योगी ने जताया शोक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार मल्होत्रा के निधन पर अत्यंत दुख्खद व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। योगी ने एक्स पर लिखा- मेरी संवे. दनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। दिल्ली भाजपा के पहले अध्यक्ष रहे प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार को निधन हो गया। पिछले कुछ दिन से दिल्ली एम्स में उनका इलाज चल रहा था, जहां आज सुबह लगभग छह बजे उन्होंने 94 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली।

# विवाह जब तक रद्द नहीं हो जाता, पत्नी भरण-पोषण की हकदार: हाईकोर्ट

**प्रयागराज, वार्ता**



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जब तक किसी विवाह को शून्य घोषित नहीं कर दिया जाता, तब तक पत्नी अपने पति से भरण-पोषण पाने की हकदार बनी रहती है। यह टिप्पणी करते हुए हाईकोर्ट ने पत्नी की ओर से भरण-पोषण के लिए दाखिल अर्जी को स्वीकार कर लिया और पारिवारिक न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया।

इसके साथ ही नए सिरे से फैसले पर विचार करने के लिए मामले को वापस भेज दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ला की पीठ ने श्वेता जायसवाल की पुनरीक्षण अर्जी पर दिया। चंदौली निवासी श्वेता जायसवाल ने प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय में पति से भरण-पोषण के लिए वाद दायर किया था।

न्यायालय ने नवम्बर 2017 के आदेश से कहा कि पति के पहली शादी को छुपाने के आधार पर पत्नी अलग रह रही है। वह स्वयं पत्नी होने का कर्तव्य नहीं निभा रही। पत्नी पिछली शादी को छिपाने के आधार पर विवाह शून्यता की डिक्री प्राप्त कर सकती है। इसलिए वह भरण-पोषण की हकदार नहीं है। हालांकि उनकी नाबालिग बेटी के लिए 2,000 रुपये प्रति माह के भरण-पोषण की अनुमति दी गई थी। इस आदेश के खिलाफ याची पत्नी ने हाईकोर्ट में पुनरीक्षण अर्जी दाखिल की। हाईकोर्ट ने पक्षों को सुनने के बाद पारिवारिक न्यायालय के फैसले रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि जब तक एक शून्यकरणीय विवाह को डिक्री से शून्य घोषित नहीं किया जाता, तब तक विवाह बना रहता है। कोर्ट ने मामले को पारिवारिक न्यायालय को वापस भेज दिया और निर्देश दिया कि वह भरण-पोषण के दावे के संबंध में नए सिरे से आदेश पारित करें।

# टीईटी अनिवार्य: शिक्षकों-कर्मचारियों का ऐलान

## 25 नवम्बर को करेंगे दिल्ली कूच, पुरानी पेंशन बहाली की भी होगी मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ विभागों में निजीकरण समाप्त करने का भी मुद्दा उठाया जाएगा

**लखनऊ।** नेशनल मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) ने प्राथमिक शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के मुद्दे पर शिक्षकों-कर्मचारियों के 25 नवम्बर को दिल्ली कूच की घोषणा की है। इस आंदोलन के माध्यम से विभागों में निजीकरण समाप्त करने व पुरानी पेंशन बहाली का भी मुद्दा उठाया जाएगा। संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की हुई वर्चुअल बैठक में यह निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने बताया कि इससे पहले एक अक्तूबर को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर देशव्यापी अभियान चलाया जाएगा।

25 अक्तूबर को देश की सभी राजधानियों में एक साथ दिल्ली रैली के लिए सामूहिक प्रेसवार्ता होगी। वहीं आठ नवम्बर को दिल्ली में सभी प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्रियों की बैठक भी होगी। इसमें रैली की सफलता की रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव स्थित प्रज्ञा ने कहा कि शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपे जाने के मुद्दे को भी प्रमुखता से रखा जाएगा। बैठक में रामानुजय पलेला, सरदार सुखजीत सिंह, वितेश खांडेकर, शांताराम तेजा, विजेंदर सिंह धारीवाल, डा. नीरजपति त्रिपाठी आदि उपस्थित थे। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की सोमवार को हुई आनलाइन बैठक में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल किए जाने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मजबूत तथ्यों के साथ लड़ाई लड़ेंगे। साथ ही सड़क से लेकर संसद तक शिक्षकों की सेवा को सुरक्षित करने के लिए संघर्ष करेंगे। वहीं 15 अक्तूबर तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करने व हस्ताक्षर अभियान पूर्व की भांति चलता रहेगा।

## बरेली बवाल को लेकर जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज की

# सपा पार्षद के चार्जिंग स्टेशन पर चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मौलाना तौकीर रजा के करीबी का बरातघर सील किया, रिश्तेदार हिरासत में लिए गए
■ डा. नफीस समेत 31 आरोपी गिरफ्तार, जांच को एसआईटी गठित, इंटरनेट सेवा बहाल

**बरेली।** बरेली में बवाल की साजिश रचने के आरोपी मौलाना तौकीर रजा के करीबियों और रिश्तेदारों पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) और नगर निगम की संयुक्त टीम ने मंगलवार को प्रेमनगर थाना क्षेत्र के बानखाना मोहल्ले में बड़ी कार्रवाई की। यहां सपा पार्षद ओमान रजा के अवैध चार्जिंग स्टेशन को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। बताया गया कि नाले पर बाउंड्रीवाल बनाकर अवैध तरीके से चार्जिंग स्टेशन बनाया गया था। बुलडोजर से बाउंड्री वाल को तोड़ दिया गया। पार्षद ओमान का एक और चार्जिंग स्टेशन विद्युत चोरी से संचालित होता पाया गया। इस पर भी कार्रवाई की गई है। मौलाना तौकीर रजा के रिश्तेदार मोहसिन रजा खान और उसके भाई को हिरासत में लिया गया है। मोहसिन रजा मननानी मियां का दामाद है। मोहसिन के घर पर कार्रवाई करने के लिए बीडीए और नगर निगम की टीम पहुंची थी। इस दौरान मोहसिन रजा की अफसरों से तीखी नोकझोंक हो गई। मोहसिन ने आंवला भाजपा जिलाध्यक्ष पर आरोप लगाया और कहा कि यह मामला सिर्फ राजनीतिक है। वह 2005 में आईएमसी छोड़ चुके हैं। तौकीर रजा से कोई वास्ता भी नहीं है। मोहसिन ने कहा कि तौकीर रजा से उसका कोई वास्ता नहीं है। यह सब भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष के कहने पर हो रहा है। उन्होंने पहले भी उन पर गो. कशी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मोहसिन के पिता ने कोर्ट का स्टे आर्डर दिखाया, तो टीम ने कार्रवाई रोकी। वहीं मोहसिन रजा और उसके भाई को हिरासत में ले लिया गया है। मोहसिन रजा के घर के सामने ही नाले पर अवैध चार्जिंग स्टेशन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। बीडीए की टीम ने शाहज. हांपुर रोड स्थित नरियावल में हमसफर बरातघर को सील कर दिया है।

### सपा नेताओं ने पुलिस पर लगाया निर्दोषों का उत्पीड़न करने का आरोप

**बरेली।** बरेली में 26 सितम्बर को हुए बवाल के मामले में आरोपियों पर पुलिस की कार्रवाई जारी है। अब कई आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। अब समाजवादी पार्टी के पदाधिका. रियों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए डीआईजी अजय कुमार साहनी से शिकायत की है। मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल डीआईजी से मिला और उन्हें बताया कि पुलिस ने गिरफ्तारी का लक्ष्य पूरा करने के लिए ऐसे लोगों को भी मुकदमे में शामिल कर दिया है, जो बवाल वाले दिन बाजार में खरीदारी करने या किसी और काम से आए थे। सपा नेताओं ने कहा कि बवाल के मामले में कई बुजुर्गों और बच्चों को भी नामजद किया गया है। कोतवाली और बारादरी थाना पुलिस लगातार इस मामले में गिरफ्तारी कर रही है, इसे रोका जाए।

# रिहा हुए पूर्व सपा विधायक इरफान की भाई रिजवान

**कानपुर, वार्ता**



33 महीनों में 1061 रातें जेल में कैसे काटी हैं इसका दर्द बयां नहीं किया जा सकता। तीन साल मां, पत्नी और बच्चों से दूर रहने का बहुत कष्ट है। मां सिर पर हाथ रखेगी उनका आशीर्वाद लूंगा। यह बात सोमवार रात 8.15 बजे जिला कारागार से रिहा हुए सीसामऊ के पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी के भाई रिजवान सोलंकी ने कही।

बाहर आकर बच्चे जिनिया और मुज्जू के माथे को चूमा, तो आंखों से आंसू छलक पड़े। कहा कि अब एक नई जिंदगी की शुरूआत करनी है। जेल के बाहर रिजवान की रिहाई की जानकारी होते ही सैकड़ों कार्यकर्ताओं की भीड़ लग गई। रिहाई होती है, परिवार, दोस्त और कार्यकर्ताओं ने गले लगना शुरू कर दिया। रिजवान जेल से सबसे पहले नमाज अता करने ईदगाह पहुंचे। इसके बाद अब्बू हाजी मुश्ताक सोलंकी की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ा। वहां से वह परिवार के लोगों और कार्यकर्ताओं के साथ जाजमऊ डिफेंस कालोनी घर के लिए रवाना हो गए।

इस मौके पर जेल के बाहर मां खुर्शीदा और पत्नी रोजी रिजवान का बेसब्री से इन्तजार करतीं दिखीं। इरफान सोलंकी और रिजवान सोलंकी ने दो दिसम्बर 2022 को तत्कालीन पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड के आवास पर आत्मसमर्पण किया था। सात जून 2024 को इरफान व रिजवान समेत अन्य आरोपियों को सात साल कैद और 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी।



**सेंसेक्स** 80956.01
**निफ्टी** 24782.70



**सोना रु.** 113080
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 137467
प्रति किलो



# सेंसेक्स आठ दिन में 2746 अंक टूटा

**मुंबई, वार्ता**



विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी निकासी और वैश्विक कारकों को लेकर जारी चिंता के कारण घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार आठवें दिन गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स इन आठ दिनों में 2,746 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 812 अंक टूट चुका है। सेंसेक्स आज सुबह बढ़त में था, लेकिन बाद में उतार.चढ़ाव से होता हुआ अंततः 97.32 अंक (0.12 प्रतिशत) नीचे 80,267.62 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 भी 23.80 अंक यानी 0.10 फीसदी टूटकर 24,611.10 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांक चार सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गये हैं। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति के बुधवार को जारी होने वाले बयान से पहले सरकारी बैंकों के शेयरों में तेजी देखी जा रही है। धातु और ऑटो समूहों में भी तेजी रही। वहीं एफएमसीजी, रियलिटी, आईटी और फार्मा कंपनियों के शेयरों में निवेशकों ने बिकवाली की।

मझौल कंपनियों पर कम दबाव रहा, जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली देखी गयी। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.02 प्रतिशत गिर गया। वही स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.08 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एनएसई में कुल 3,118 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,517 के शेयर बढ़त में 1,507 के गिरावट में रहे, जबकि 94 कंपनियों के शेयर भाव अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 के शेयरों में तेजी और शेष में गिरावट रही। आईटीसी का शेयर सबसे अधिक 1.19 प्रतिशत गिर गया। भारती एयरटेल में 1.18 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.13 प्रतिशत और टाइटन में 1.07 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फिनसर्व, एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टेक महिंद्रा के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.43 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स में 1.41 प्रतिशत और टाटा मोटर्स में 1.18 प्रतिशत की तेजी रही। बीईएल, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, सनफार्मा और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी बढ़त से साथ बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशियाई शेयर बाजारों में जापान का निक्केई 0.25 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। हांगकांग के हैंगसेंग में 0.87 प्रतिशत और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स सूचकांक 0.07 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.14 प्रतिशत की गिरावट में था।

# युवाओं में खादी के प्रति आकर्षण पैदा करेगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने युवाओं को खादी के इस्तेमाल की ओर आकर्षित करने की क़वायद शुरू कर दी है। यूपीआईटीएस 2025 में शामिल हुए बुनकरों और कारीगरों की माने तो टिकाऊ फ़ैशन के प्रति बढ़ती जागरूकता युवाओं को खादी के इस्तेमाल की ओर आकर्षित कर रही है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में भी हस्तनिर्मित खादी के कपड़ों की मांग बढ़ रही है। प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एक ज़िला एक उत्पाद (ओडीओपी) और विश्वकर्मा श्रमिक सम्मान जैसी योजनाओं ने हज़ारों कारीगरों और बुनकरों को सशक्त बनाया है। उन्होंने बताया कि सरकार अब उत्तर प्रदेश को खादी हथकरघा केंद्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा, खादी आत्मनिर्भरता, शिल्प कौशल और सतत विकास का प्रतीक है, जो दर्शाता है कि स्थानीय शिल्प राज्य के लिए एक मज़बूत अंतर्राष्ट्रीय पहचान बना सकती है।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर विदेशी यात्रियों के लिए आज से ई-अराइवल कार्ड की सुविधा

■ आव्रजन ब्यूरो के तत्वावधान में की जा रही सुविधा शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदि. रा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार से विदेशी यात्रियों के लिए ई-अराइवल कार्ड की सुविधा शुरू होगी। हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने मंगलवार को बताया कि आव्रजन ब्यूरो के तत्वावधान में यह सुविधा शुरू की जा रही है। इसका उद्देश्य यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक सहज प्रक्रिया तैयार करना है। अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को एक सहज डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने आगमन की जानकारी ऑनलाइन भरने होगी।

इससे हवाई अड्डे पर मैन्युअल कागज-आधारित कार्ड की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। इससे न केवल यात्रियों के लिए अराइवल की प्रक्रिया आसान होगी, बल्कि दक्षता में भी सुधार होगा, कतारें कम होंगी और कागज के उपयोग में कमी से हवाई अड्डे के हरित लक्ष्यों को भी बल मिलेगा। थाईलैंड, इंडोनेशिया, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और मलेशिया के कुछ विश्वस्तरीय हवाई अड्डों पर ऐसी ही सुविधाएं पहले से उपलब्ध हैं। विदेशी यात्री अपनी आगमन जानकारी आव्रजन ब्यूरो के पोर्टल, भारतीय वीजा वेबसाइट और भारतीय वीजा मोबाइल ऐप 'सु-स्वागतम' के साथ-साथ दिल्ली हवाई अड्डे की वेबसाइट पर सुरक्षित तरीके से भर सकते हैं। यह उनके आगमन से तीन दिन पहले तक किया जा सकता है। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि हमें अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए ई-अराइवल कार्ड सुविधा शुरू करने के लिए आव्रजन ब्यूरो के साथ हाथ मिलाकर खुशी हो रही है। यह पहल स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देते हुए विश्व स्तरीय, परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव प्रदान करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इससे पहले, जून 2024 में दिल्ली हवाई अड्डा 'फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' (एफटीआई- टीटीपी) शुरू करने वाला देश का पहला हवाई अड्डा बन गया था।

# यूपी में भेड़ियों की दहशत, दंपति को जिंदा चबाया

**बहराइच।** बहराइच में मंझारा तौकली ग्राम पंचायत में सोमवार रात भेड़ियों ने फिर कहर बरपाया। गांव प्यारे पुरवा में अहाते में सो रहे बुजुर्ग दंपती पर भेड़ियों ने हमला कर उन्हें जिंदा चबा लिया। घटना में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं देवनाथ पुरवा और भृगु पुरवा में भेड़ियों के हमले से महिला समेत दो लोग घायल हुए हैं।

लगातार हो रहे हमलों से गांवों में दहशत का माहौल है। पुरवा निवासी खेदन (70) पुत्र जनार्दन और उनकी पत्नी मनकी (65) रोज की तरह सोमवार रात घर से करीब 200 मीटर दूर बने अहाते में सो रहे थे। आधी रात लगभग 1 से 2 बजे के बीच भेड़ियों का झुंड वहां आ पहुंचा। सोते समय ही दंपती पर हमला कर दिया। दोनों के हाथ-पांव और शरीर के कई हिस्सों को भेड़िये चबा गए। गले और चेहरे पर गहरे जख्म मिले। सुबह देर तक दंपति घर नहीं पहुंचे, तो उनका बेटा झब्बर खोजते हुए अहाते पहुंचा। वहां मां-बाप के क्षत-विक्षत शव देखकर उसकी चीख निकल गई। गांव के लोग इकट्ठा हुए, तो सभी सन्न रह गए। ग्रामीणों का कहना है कि गन्ने के खेतों में भेड़ियों का झुंड घूमता देखा गया है। इसी रात भेड़ियों ने देवनाथ पुरवा की सेबरी (30) और भृगु पुरवा के रामू पर भी हमला कर उन्हें घायल कर दिया। दोनों का इलाज जारी है। गांव में फैली दहशत को देखते हुए लोग रात में जागकर पहरा दे रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद अभी तक वन विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। डीएफओ राम सिंह यादव दो दिन से न मीडिया से बात कर रहे हैं और न ही फोन रिसीव कर रहे हैं। बिलखते हुए मां ने कहा कि हमला भेड़िये ने किया। कुछ ग्रामीणों का दावा है कि उन्होंने तेंदुए को देखा है। वन विभाग अभी तक पक्के तौर पर कुछ कह नहीं पा रहा है। 10 मार्च 2024 से अब तक जिले में भेड़ियों के 80 से अधिक हमले हो चुके हैं। वहीं बरेली में इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के करीबी और शहर में हुए बवाल के आरोपी डा. नफीस की नावल्टी स्थित मार्केट को नगर निगम ने सोमवार को सील कर दिया। इसमें 74 दुकानें हैं। इसी मार्केट में आईएमसी का दफ्तर भी संचालित किया जा रहा था। उस पर भी नगर निगम ने ताला लगा दिया है। आरोप है कि नाले पर कब्जा कर यह मार्केट बनाई गई है।

# कांग्रेस ने मोदी सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ महिलाओं, दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार के मामलों में उठाए सवाल

कांग्रेस ने महिलाओं तथा आदिवासियों के खिलाफ राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अपराध संबधी आंकड़ों का हवाला देते हुए मोदी सरकार पर मंगलवार को निशाना साधा और कहा कि ये आंकड़े आदिवासियों, महिलाओं, दलितों के खिलाफ सरकार के सुरक्षा के दावों की पोल खोलते हैं।

कांग्रेस ने आदिवासियों तथा महिलाओं के खिलाफ 2023 में हुए अपराधों का विवरण देने के साथ ही बिहार में हुए अपराधों के भी आंकड़े दिये हैं और कहा है कि वहां सरेआम हत्या, गैंगवॉर, दिन-दहाड़े लूट, अपहरण, फिरौती जैसी घटनाएं हो रही है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। पार्टी ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश तथा बिहार में दलितों के साथ हुए अपराधों भी विवरण दिया है। पार्टी ने कहा ष्मोदी सरकार में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़े हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है कि 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4,48,211 केस दर्ज हुए, जबकि 2022 में यह संख्या 4,45,256 थी। साफ है कि अपराध का ये आंकड़ा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के महिला सुरक्षा के खोखले दावों की पोल खोल रहा है। आदिवासियों के साथ हुए अपराधों का आंकड़ा देते हुए पार्टी ने कहा कि मोदी सरकार में आदिवासियों के खिलाफ अपराध के मामलों में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ये आंकड़े साल 2023 की एनसीआरबी रिपोर्ट में सामने आए हैं। साल 2023 में 12,960 अपराध के मामले दर्ज हुए जबकि इससे पहले साल 2022 में 10,064 अपराध के मामले दर्ज हुए।

कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार में आदिवासियों के हक छीने जाते हैं और जब वो इसके खिलाफ आवाज उठाते हैं, तो उनकी आवाज को दबा दिया जाता है। इससे साफ पता चलता है कि मोदी सरकार की मानसि. कता 'आदिवासी विरोधी' है। पार्टी ने बिहार के साथ ही दलितों के साथ हुए अपराधों का हवाला देते हुए मोदी सरकार को दलित विरोधी बताया और कहा कि उत्तर प्रदेश में दलितों के साथ 15,130, राजस्थान में 8,449, मध्य प्रदेश में 8,232, बिहार में 7,064 और महाराष्ट्र: 3,024 अपराध हुए हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# रामलीला देखने गए दो युवकों को चाकुओं से गोदा

## मंडी क्षेत्र में हुई घटना, एक की मौत, साथी गंभीर, दो युवकों से पूछताछ शुरू

**■ सीओ मंडी व कोतवाल ने दिया कार्यवाही का आश्वासन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** सोमवार की रात पटेलनगर में रामलीला में लंका दहन देखने गए युवक पर ताबडतोड चाकुओं से कई वार किए गए इतना ही नहीं आरोपी ने युवक के साथी को भी चाकुओं से बिन कर लहुलूहान कर दिया। दोनों युवकों को खून से लथपथ देखकर यहां अफरा-तफरी व कोहराम मच गया। आनन-फानन में ही घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृतक घोषित कर दिया जबकी उसके साथी की हालत खराब बताई गई है। पुलिस ने परिजनों के गुस्से व सनसनी खेज घटना को गंभीरता से लेते हुए दो हमलावरों को हिरासत में लेने का दावा किया। इसके बाद पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया और मंगलवार को मंडी श्मशान घाट में युवक का अंतिम संस्कार किया गया।

बताया जाता है कि नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत मौहल्ला शिवपुरी धानक बस्ती का रहने वाला बीस वर्षीय शिवा पुत्र धर्मेन्द्र कुमार अपने साथी के साथ पटेल नगर में चल रही रामलीला में लंका दहन देखने गया था। इस समय रात के ग्यारह बजे हुए थे। बताया जाता है कि शिवा और उसका साथी मंडी स्थित ग्रैन चैम्बर इंटर कॉलेज के साथ दूसरे गुट के युवकों से विवाद शुरू हो गया। दोनो पक्षों के बीच मारपीट शुरू हुई और यह मामला खूनी खेल तक जा पहुंचा। आरोप है कि दूसरे गुट ने शिवा पर चाकुओं से हमला कर दिया और इस हमले में उसका उन्नीस वर्षीय साथी रितिक पुत्र सतीश भी बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के दौरान चीख-पुकार शुरू हुई तो लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। बताया जा रहा है कि इस दौरान परिवार के लोग भी पास में ही थे और शिवा और रितिक को खून से लथपथ देखकर यहां कोहराम मच गया। दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया तो यहां डॉक्टरों के रैफर करने के बाद मेरठ रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में शिवा की मौत हो गई, जबकि उसके साथी रितिक की हालत अभी भी गंभीर बताई गई है। इस पूरी वारदात के पीछे रंजिश बताई जा रही है और यह रंजिश क्या है यह पुलिस के संज्ञान में पूरी तरह आ चुका है मौके पर पहुंचे सीओ मंडी राजु साव ने परिजनों को कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया। और दो युवको को हिरासत में लिया गया। रितिक का इलाज अभी भी एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। पुलिस पूरी घटना के पीछे छेडखानी का विरोध बता रही है सच्चाई क्या है यह तो जांच का विषय है फिलहाल पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। इस वारदात के पीछे हिमांशु का नाम भी सामने आ रहा है।

## पराली व पत्ती जलाने पर लगेगा पांच से तीस हजार का जुर्माना

**मुजफ्फरनगर।** पराली व पत्ती जलाने से होने वाले प्रदूषण को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है। जनपद में पराली और पत्तियों से जलाने पर पांच हजार से लेकर तीस हजार तक का जुर्माना वसूला जाएगा। उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही ने जनपद के सभी किसानों को जागरूक करते हुए एडवाइजरी जारी की है। आगामी दिनों में धान की कटाई और गन्ने की छिलाई शुरू हो जाएगी, ऐसे में किसानों को पराली और गन्ने की पत्ती जलाने से बचना चाहिए। उन्होने कहा कि यदि कोई किसान बिना पराली को हटाई रबी की बुवाई के लिए जीरो ट्रिल सीड कम फर्टीलाइजर ड्रिल, हैप्पी सीडर या सुपर सीडर का प्रयोग कर सीधे बुवाई करना चाहता है ऐसे किसान को अनिवार्य रूप से इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा।

# मंडी थाने के मालखाने से 19 लाख की नकदी, जेवर व शस्त्र गायब

## डीआईजी व एसएसपी ने लिया संज्ञान, दरोगा पर मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** जनपद पुलिस शासन की नीतियों पर काम कर रही है कि पीड़ित को इंसाफ मिले और अपराधियों को मिट्टी में मिलाया जाए, लेकिन जनपद के थाना मंडी में एक सनसनी खेज मामला सामने आया है इस सनसनी खेज का आरोपी हैड कांस्टेबल से दरोगा बने अधिकारी को बनाया गया है और यह कार्यवाही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की गई टीम गठित की जांच के बाद जब मालखाना इंचार्ज को आरोपी पाया गया तो यह कार्यवाही अमल में लाई गई। अब सवाल यह है कि यदि थाना ही महफुज नहीं तो आम लोगों का क्या होगा? यह भी सवाल है कि थाने के भीतर मालखाने में लाखों की नगदी, जेवर व सरकारी कारतूस में सैंद लगाने का काम में भी खाकी ही धूमिल हुई है। नई मंडी कोतवाली के मालखाने में जब नोटबंदी से लेकर हाल में यानि के 2017 से लेकर अब तक लाखों की नगदी, जेवरात ही नहीं सरकारी हथियार और कारतूसों का गायब होना आम लोगों के लिए ही नहीं यह पुलिस विभाग के लिए भी बड़ी चिंता का विषय है, हालांकि घटित की गई टीम के नायब तहसीलदार और सीओ रूपाली राव तत्तकालीन एसएचओ दिनेश भघेल की रिपोर्ट के बाद माल खाना इचांज के विरूद्ध हैड मोहर्रिर के खिलाफ विश्वासघात की धारा सहित अन्य गंभीर धाराओं का मामला दर्ज किया गया है।

बताया जाता है कि मालखाने के चार्ज को हैड मोहर्रिरों को किए गए आदान-प्रदान के दौरान जब मालखाने से 19 लाख से अधिक की नगदी व अपराधियों से बरामद किए गए सोने चांदी के जेवर गायब मिले। पुलिस विभाग में उस वक्त हड़कंप मच गया जब मालखाने के चार्ज के आदान-प्रदान में यह भी सामने आया कि नगदी व जेवर ही नहीं मालखाने से कारतूस व तमंचे भी गायब है। यह मामला उच्च स्तर के अधिकारियों के संज्ञान में आया तो कुछ दिन गोपनीय तरीके से जांच की गई और जब मामला पकड में आया कि मालखाने की चोरी में हैड मोहर्रिर में चोरी का हाथ है, लेकिन कई बार तलब करने के बाद जब वह अधिकारियों के समक्ष पेश हुआ और न ही उसने कोई स्पष्टीकरण दिया इसके बाद नायब तहसीलदार पूर्व सीओ रूपाली राव व पूर्व कोतवाल दिनेश भघेल यानि के तीन अधिकारियों की टीम गठित की गई और इस मामले की जांच पड़ताल शुरू की। जांच के दौरान पाया गया कि हैड मोहर्रिर नरेन्द्र सिरोही ही इसका गुनहगार है। नरेन्द्र सिरोही को अधिकारियों द्वारा कई बार नोटिस देकर तलब किया गया। और एसएचओ ने एसएसपी को अगस्त 2025 में एक रिपोर्ट दी और एसपी सिटी व सीओ मंडी को निर्देश दिए गए कि हैड मोहर्रिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए बताया जाता है कि हैड मोहर्रिर दरा. ेगा के पद पर रिटायर्ड हुए नरेन्द्र सिरोही ने अपने चार्ज के दौरान मालखाने का चार्ज पूर्ण रूप से दूसरे को नहीं सौंपा और कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी वह अधिकारियों के समक्ष पेश नहीं हुए नरेन्द्र सिरोही ने 2017 में 19 सितम्बर को मालखाने का चार्ज ग्रहण किया था। उधर पूर्व कोतवाल दिनेश भगेल ने दी गई तहरीर में बताया कि करीब साढ़े पांच साल की तैनाती के दौरान माल मुक. दमाती को लेकर उन पर आरोप लगते रहे थे और नोटबंदी के दौरान पुराने नोटों को उन्होने बैंकों में बदला, ऐसा भी मामला सामने आया था। दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया गया कि इस मामले का संज्ञान डीआईजी ने भी लिया है। और 17 लाख एक हजार 600 रूपये की पुरानी करेंसी भी बताई गई है। कुछ अधिकारियों का यह भी कहना है कि माल मुकदमाती के रूप में कोतवाली मंडी के मालखाने में जमा पुरानी करैंसी बदलने की जिम्मेदारी भी हैड मोहर्रिर की थी, लेकिन उन्होने ऐसा नहीं किया।

# भारतीय योग संस्थान ने निकाली जागरूकता रैली




**■ एसडी मार्किट से शुरू हुई रैली तुलसी पार्क में जाकर समाप्त**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** योग के प्रति जागरूकता लाने के लिए भारतीय योग संस्थान ने योग क्लास के साथ-साथ लोगों को योग करने के लिए तैयार करते हुए 2 अक्टूबर को होने वाले योग दिवस की तैयारी भी शुरू कर दी है।

भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में योग के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। एसडी मार्केट से शुरू होकर झांसी की रानी, शिव चौक से होकर तुलसी पार्क में समाप्त हुई। भारतीय योग संस्थान प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर से पहले लोगों को जागरूक करने के लिए योग रैली का आयोजन करता है दो अक्टूबर को भारतीय योग संस्थान अपना योग दिवस मनाता है। यह योग संस्थान की योग क्लासों में सिखाया जाता है।

रैली की अध्यक्षता ज्ञानचंद अरोड़ा योगाचार्य एवं रैली संयोजक आरके गर्ग, महामंत्री प्रेम सिंह राणा, केंद्र प्रमुख विनय कुमार वर्मा रहे। रैली को सफल बनाने में राक. ेश शर्मा पूर्व पंचायत प्रशासनिक अधिकारी धर्मवीर पाल, संजीव गोयल, अजय मित्तल, शशि राज गुप्ता, इंद्रपाल सिंह मलिक एडवोकेट, नरेंद्र सिंह एडवोकेट, डॉक्टर जय शर्मा, डॉक्टर प्रमोद कुमार, पवन गर्ग, सुधीर शर्मा, बीके ग्रोवर, धर्मपाल, राकेश खुराना, सुरेंद्र पाल, रवि धीमान, प्रवीण कुमार, सतीश महेश्वरी, बाबूराम, रेनू तायल, रेखा शर्मा, सुधा गर्ग, अलका सैनी, प्रमिला राय, ममता शर्मा, संतोष देवी, मिथलेश पाल,साधना गुप्ता, ममता त्यागी, शतरूपा त्यागी, शशि जैन, सुधा देवी, शालिनी अग्रवाल, नामदेव, मधु गर्ग, मोनिका त्यागी का सहयोग रहा।



घटना का निरीक्षण करते एसएसपी व एसपी सिटी, घायल को अस्पताल ले जाते लोग।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी में स्वास्थ्य कर्मी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** जिला चिकित्सालय आए दिन किसी ना किसी विवाद में घिरा रहता है। निरीक्षण को पहुंचे मंत्री कपिल देव के सामने भी परिजनों ने शिकायतों के अंभार लगाए और विभाग से संबंधित अधिकारी जब मरीजों का हाल जानने पहुंचे तो यहां भी भ्रष्टाचारी के आरोप मिले। ऐसा कई बार देखने को मिला है कि जब संबंधित विभाग के अधिकारी व कोई भी मंत्री निरीक्षण को आता है तो बीमार व तीमारदार अपनी पीड़ा लेकर खड़े हो जाते है, हालांकि शिकायत के समय सुधार का आश्वासन व आरोपी कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की बात कही जाती है, लेकिन मामला फिर ठंडे बस्ते पड़ जाता है। मंगलवार को तो जिला अस्पताल के कर्मचारी पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नाम पर नौकरी दिलाने के लिए कई लोगों से पैसे ऐठने का भी आरोप लगाया गया है। बताया जाता है कि जब बेरोजगार युवक शिवम पुत्र आनंद प्रजापति की नौकरी नहीं लगी तो वह अपने परिचित अस्पताल कर्मचारी को दिए गए पैसे लेने वापस लेने पहुंचे तो यहां बखेडा खडा हो गया। मामला यहां तक पहुंच गया कि पीड़ित लोगों को डायल 112 को मौके पर बुलाना पडा। इसके बाद अस्पताल चौकी पुलिस ने कर्मचारी को हिरासत में लिया और कोतवाली ले जाकर बैठा दिया। डायल 112 की गाडी ने अपना पैसा मांगने पहुंचे पीड़ितों को भी थाने लाकर बैठा दिया था जिसके बाद नौकरी का झांसा खाए पीड़ित युवकों के परिवार नगर कोतवाली पहुंच गया। कर्मचारी ने नौकर लगवाने के नाम पर क्रांति सेना की एक पदाधिकारी के बेटे सभी 40 हजार रूपये ले रखे थे जिसके चलते क्रांतिसेना की पदाधिकारी पूनम चौधरी भी कोतवाली पहुंच गई। इस समय पुलिस दोनो पक्षों के खिलाफ शांतिभंग करने की बात कह रही थी, लेकिन क्रांतिसेना की पदाधिकारी पूनम चौधरी ने सूझबूझ से काम लिया और आरोपी व पीडित युवकों को समझाया। बताया जाता है कि क्रांतिसेना महामोर्चा की पदाधिकारी सुमन प्रजापति के बेटे 25 वर्षीय शिवम की साथ भी नौकरी न लगने पर पैसे लेने को लेकर विवाद शुरू हुआ था शिवम का आरोप है कि उसने कर्मचारी विपिन को मुलाकात के बाद नौकरी के लालच में पैसा दिया था और इसके बाद दीपक के साथी शिवम निवासी रामपुरी और गौरव निवासी सिसौना आदि से भी नौकरी लगवाने के नाम पर पैसा लिया था उक्त आरोप शिवम के परिवार व अन्य पीड़ितों का था। जब पुलिस कार्यवाही की बात आई तो दोनो पक्षों ने समझौता किया और विपिन ने लिखापढ़ी करते हुए यह आश्वासन दिया कि वह सभी लोगों को हर माह दस-दस हजार रूपये देगा। इसके बाद यह मामला शांत हुआ।




> यह मामला मीडिया के माध्यम से हमारे संज्ञान में आया है इस मामले में किसी ने कोई लिखित शिकायत नहीं की है, लेकिन संज्ञान में आने के बाद आरोपी कर्मचारी की जांच डॉक्टर अशोक व डॉक्टर विपिन को सौंपी गई है जांच के बाद जो सत्यता पाई जाएगी उस पर कार्यवाही की जाएगी। लोग इस तरह पैसे क्यो देते है, लेकिन फिर भी यदि कोई तहरीर आई तो कार्यवाही की जाएगी और दोनो डॉक्टरों ने इसकी जांच शुरू कर दी।.......
>
> **डॉ. सुनील तेवतिया**
> **मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
> **मुजफ्फरनगर**

# दुर्गाष्टमी पूजा के बाद अब रावण के दहन की तैयारी



## नुमाईश ग्राउंड में बनकर तैयार हुए रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दशहरे के लिए शहर के नुमाइश मैदान में लगने वाले लंका पति रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले बनकर तैयार हो गए है। डेढ़ माह के अथक प्रयासों से बने इन पुतलों का दहन विजय दशमी पर किया जाएगा। मौहम्मद रफी का परिवार तीन पीढ़ियों से यूपी और उत्तराखंड में पुतला तैयार करने के काम को बखूबी ढंग से अंजाम देता आ रहा है। शहर के नुमाइश मैदान में विजय दशमी पर लगने वाले 60 फुट उंचे लंकापति रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले बनाने का काम डेढ माह से चल रहा है। कारीगर मौहम्मद रफी और उसकी टीम के अथक प्रयासों से तीनों पुतले बनकर तैयार हो गए है।

बुधवार को तीनों पुतले नुमाइश मैदान में खडे हो जाएगा। कारीगर मोहम्मद रफी का कहना है कि 1964 से उनकी तीन पीढी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में पुतले बनाने का काम कर रही है। हर बार पुतलों में नया पन लाने का प्रयास किया जाता है।

# मिशन शक्ति 5.0 अभियान में सुरक्षा का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता तथा जागरूकता के लिए शासन के निर्देश पर मिशन शक्ति 5.0 अभियान चलाया जा रहा है यह कार्यक्रम पूरे जनपद में हो रहा है इसी क्रम में मंगलवार को शाहपुर थाना क्षेत्र में जागरूकता एवं पिंक रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा, बुढ़ाना विधायक राजपाल बालियान, पूर्व विधायक उमेश मलिक, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ, सीओ बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह, क्षेत्राधिकारी फुगाना रूपाली राव, बीजेपी जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, बुढाना नगर पालिका चेयरमैन जितेन्द्र त्यागी, शाहपुर नगर पालिका चेयरमैन हाजी अकरम, ब्लॉक प्रमुख नितिन मलिक, कोऑपरेटिव चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह एसओ शाहपुर मोहित चौधरी के साथ-साथ क्षेत्र के नागरिक, छात्र-छात्राएँ एवं महिलाएँ बड़ी संख्या में शामिल हुईं। इस दौरान अधिकारियों ने समाज को महिला सुरक्षा और सम्मान के प्रति संवेदनशील बनाए जाने का आह्वान किया। साथ ही महिला सशक्तिकरण व सुरक्षा में सराहनीय कार्य करने वाली महिला पुलिसकर्मियों व मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के पश्चात पुलिस अधिकारीगण तथा उपस्थित पिंक स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस रैली के माध्यम से आमजन, विशेषकर छात्राओं और महिलाओं में आत्मविश्वास जागृत करना, विभिन्न हेल्पलाइन नबर, साइबर क्राइम से बचाव, घरेलू हिंसा एवं छेड़छाड़ से संबंधित विधिक प्रावधानों के बारे में जागरूक किया गया साथ ही समाज को यह संदेश दिया गया कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।



# महिला चिकित्सक पर अश्लील वीडियो बनाने का आरोप

**■ पति के साथ मिलकर शिक्षा विभाग के कर्मचारी को पीटा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** प्राइवेट महिला चिकित्सक ने इलाज कराने गए शिक्षा विभाग के कर्मचारी को बंधक बनाकर अश्लील वीडियो बनाते हुए उससे बीस लाख रूपये की रंगदारी मांगी गई है। यह आरोप पीड़ित शिक्षा विभाग के कर्मचारी ने छपार थाने की पुलिस को तहरीर देकर लगाया है। पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही शुरू कर दी है।

जनपद मेरठ के रहने वाला एक व्यक्ति गत दिवस छपार थाने पहुंचा और पुलिस को अपनी पीड़ा सुनाते हुए बताया कि वह जनपद मुजफ्फरनगर में शिक्षा विभाग में कार्यरत है और काफी समय से उसकी अंगुली काम नहीं करती है। काफी परेशानी झेलने के बाद उसने अपनी साथी त्रिस्त पाल से इलाज कराने की बात कही तो वह उसको रामपुर तिराहा स्थित एक महिला चिकित्सक के क्लीनिक पर ले गया। घटना 28 सितम्बर सवेरे आठ बजे की बताई गई है काफी समय तक पीड़ित को क्लीनिक पर बैठाया और कमरा बंद करने के बाद उसके साथ मारपीट की गई और कपडे फाडकर उसकी अश्लील वीडियो भी बनाई गई।

ऐसा आरोप पीड़ित ने लगाया है और बताया कि झुठे मुकदमें में फंसाने की चेतावनी देकर बीस लाख रूपये की मांग की गई है पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही शुरू कर दी।

College Code- 1491
शिवा कॉलेज ऑफ फार्मेसी
Admission Open
Session 2025-26
(JEECUP COUNCILING START)
D. Pharma
➡ सरकारी फीस पर प्रवेश
➡ छात्राओं के लिए विशेष छूट एवं सुविधा
➡ अनुभवी शिक्षक
➡ आधुनिक प्रयोगशालाएं
➡ छात्रों के लिए मॉडर्न लाइब्रेरी एवं बुक बैंक की व्यवस्था
Contact No.
9690731170, 9411449915, 9927075234
पताः- नियर एनएच-58, जौली रोड़, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)



मुजफ्फरनगरः नुमाईश ग्राउंड में दहन के लिए तैयार किए गए रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतले।

# अस्थाई गोशालाओं की बदहाल तस्वीर, ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आवारा गोवंश को बचाने के उद्देश्य से बनाई गई अस्थायी गौशालाओं की तस्वीर अब सवालों के घेरे में है। गंगधाड़ी गांव स्थित अस्थायी गौशाला में गायों की बदहाल हालत देख मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए गौशाला संचालकों पर गंभीर आरोप लगाए।

ग्रामीणों का कहना था कि गौशाला में बीमार गायों का समय पर उपचार नहीं कराया जाता। चारे की भी कमी रहती है। यहां तक कि बीमार गायों को रात के समय बाहर निकाल दिया जाता है। कई बार घायल या बीमार गायों को ग्रामीण खुद गौशाला में भेजते हैं, लेकिन कर्मचारी बिना इलाज किए उन्हें दोबारा बाहर कर देते हैं। इससे गायों की हालत और बिगड़ जाती है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि मृत गायों को आधा-अधूरा दफनाने से संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। कुछ दिन पूर्व एक गाय पर तेजाब फेंक कर घायल किया गया था, लेकिन उसका भी उपचार नहीं कराया गया और उसे बाहर ही छोड़ दिया गया, जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसडीएम राजकुमार भारती ने गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं में भारी लापरवाही देखी और तुरंत पशु चिकित्सकों की टीम बुलाकर बीमार गायों का इलाज कराने के निर्देश दिए। साथ ही चिकित्सक को प्रतिदिन गौशाला का निरीक्षण करने के आदेश दिए। प्रदर्शन में भारतीय किसान क्रांतिकारी संगठन के जिला अध्यक्ष पंकज चौहान, कपिल चौहान, गौरव चौहान, अखिल चौहान, सचिन चौहान, हितेश, सुंदर चौहान द्धब्लॉक अध्यक्षत्रः, प्रशांत





चौहान, राम अवतार चौहान, अनिल, हिमांशु, अभिषेक, अंकित समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## दीवार प्रकरण में ग्रामीण को मार पीटकर किया घायल

**बुढाना।** दीवार को लेकर परिवार के ही सदस्यों ने एक राय होकर एक ग्रामीण की पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी निवासी आरती पत्नी सचिन कुमार ने बुढ़ाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीती 27 सितम्बर को उसके पति सचिन का मकान की दीवार को लेकर अपने परिवार के अनिल पुत्र विजय, अक्षय पुत्र जविन्द्र उर्फ जयविन्द्र, बबीता पत्नी जयविन्द्र, पंकज व अंकित पुत्रगण विजय, विक्की, रोबिन और प्रदीप पुत्रगण रामपाल, नीटू और नितिन पुत्रगण विनोद और रोहित पुत्र रामशरण समस्त निवासी ग्राम रसूलपुर दभेडी के साथ विवाद हो गया था। जिसमे उक्त लोगों ने उसके पति के साथ मारपीट की। जिसमें उसके पति के सिर में काफी चोटें आई और टांके लगे। उसके पति का इलाज जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर मे चल रहा है। जब उसके पति के साथ मारपीट हो रही थी तब गांव के कुछ लोग शोर शराबा सुनकर मौके पर आए जिन्हे देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुऐ भाग गये। उधर पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# पूर्व विधायक उमेश मलिक ने हटाए बैरिकेडिंग

**बुढ़ाना।** कई सालों से परेशानी झेल रहे कस्बे के लोगों व व्यापारियों को आज सोमवार के दिन सुकून मिलता दिखाई दिया। जिसमें पूर्व विधायक की जय जयकार भी हो गयी और समस्या का भी हाथों हाथ निस्तारण हो गया। हुआ यूं कि बुढ़ाना कस्बा चौकी के बाहर महावीर तिराहे पर लगी मूर्ति के इर्द गिर्द पुलिस प्रशासन ने कई साल पहले यह सोचकर बैरिकेडिंग लगा दी थी कि इसके लगने से जाम नहीं लगेगा। यहां से गुजरकर आते जाते लोगों के लिए तो यह बैरिकेडिंग वरदान साबित तो हुई और जाम भी लगना बंद हो गया था लेकिन कस्बे के लोगों और खासकर व्यापारियों को भारी असुविधा हो गयी थी। ग्राहकों ने इस बैरिकेडिंग के कारण कस्बे के प्रमुख दो बाजारों छोटा और बड़ा बाजार में जाना छोड़ दिया था और वे कांधला मार्ग पर ही स्थित दुकानों से खरीददारी करने लगे थे। जिसमें दोनों प्रमुख बाजारों में बैठे दुकानदारों को काफी नुकसान होना शुरु हो गया। इस बैरिकेडिंग को हटाने के लिए व्यापारी नेता राजेश संगल समय समय पर



सक्रिय हुए। संबंधित अधिकारियों और नेताओं को भी इस समस्या से अवगत कराया लेकिन ये बैरिकेडिंग ज्यूं की त्यूं ही लगी रही। जिसके चलते व्यापारियों का कारोबार चौपट नजर आने लगा। इस समस्या को आज बुढ़ाना आए पूर्व विधायक उमेश मलिक के समक्ष रखा गया तो उन्होंने इस समस्या को तुरंत खत्म करते हुए बैरिकेडिंग हटवाकर व्यापारियों को राहत दी। इस मांग को राजेश संगल और हिमांशु संगल ने आज तेजी से उठाई तो इसका निस्तारण हो भी गया। इस बारे में हिमांशु संगल ने बताया कि बुढ़ाना महावीर तिराहे पर पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेडिंग से व्यापारियों को होने वाली परेशानी को देखते हुए पूर्व विधायक उमेश मलिक के द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित कर बैरिकेडिंग हटवा दिए गये। जिसको लेकर व्यापारियों में खुशी की लहर दौड़ गयी और उन्होंने इसके लिए पूर्व विधायक का आभार जताया।

# मां वैष्णों देवी के प्रति अटूट आस्थवान हैं कमल वर्मा

**शाहपुर।** कस्बे में धार्मिक सामाजिक आयोजनों में विशेष आस्था रखने वाले समाजसेवी कमल वर्मा ने पावन शारदीय नवरात्र के अवसर पर जम्मू कटरा के त्रिकुटा पहाड़ियों में विराजमान माता वैष्णों देवी के मंदिर में दर्शन-पूजन को परिवार सहित दर्शन किए। संग में पुत्र गोविंद वर्मा, पत्नी प्रिया वर्मा, पुत्रियां मुद्रिका वर्मा नित्या वर्मा ने माँ की आराधना की। इस दौरान मंदिर परिसर की



फूलों से की गई साज सज्जा ने मन को मोह लिया।

## सेंट जेवियर वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव

**मीरापुर।** सेंट जेवियर वर्ल्ड स्कूल, मीरापुर में दशहरा का त्योहार बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए रामायण के प्रमुख पात्रों जैसे राम, लक्ष्मण और सीता का रूप धारण किया। वहीं, शिक्षकों ने भी रावण की भूमिका निभाकर प्रस्तुति को जीवंत बना दिया। विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन को सीख और उत्सव का सुंदर संगम बताया। इस पहल से छात्रों ने न केवल भारतीय संस्कृति और परंपराओं को करीब से जाना, बल्कि शिक्षा के साथ त्योहारों को जोड़ने का भी अनोखा अनुभव प्राप्त किया।

# बकाएदारों के खिलाफ विद्युत टीम ने चलाया अभियान

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना में 3 अलग-अलग विद्युत टीमों ने डोर टू डोर पहुंचकर कई बकायेदारों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान बकायेदारों में जबरदस्त हड़कंप मच गया और वे बिजली का बिल जमा करवाने के लिए कुछ और दिनों का समय मांगते नजर आए लेकिन विद्युत टीम ने पिछले दिनों की तरह इस बार रहमदिली नहीं दिखाई और बकायेदारों के कनैक्शन काट दिए और चेतावनी दी कि अगर उनको उनके मकान में बिजली जलती दिखी तो उनके विरुद्ध बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

यह टीम कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला मिर्दगान सहित अन्य कई मौहल्लों में आई। जिसका नेतृत्व जेई शिव कुमार ने किया। तीनों टीमों ने 32 कनैक्शन काटे तो अन्य कई बकायेदारों ने कनैक्शन कटने के डर से 6 लाख रुपये हाथों हाथ टीम के समक्ष ओनला. इन जमा करवाएध। विद्युत जेई शिवध कुमार ने कहा कि जिस बकायेदार पर पांच हजार रुपये से अधिक का बिल होगा उस उपभोक्ता का कनैक्शन काट दिया जाएगा। विद्युत टीम में टीजी टू दीपक कुमार, लाइनमेन सोनू कुमार, अरविंद, संविदाकर्मी शिवम त्यागी, अजीत, विजय, बिटू, कपिल, डेविड, मोनी व शंकर आदि विद्युतकर्मी मौजूद थे। जेई शिव कुमार ने बताया कि आज 3 टीमें गठित हुई। इन टीमों ने कुल 32 कनैक्शन काटे और कई बकायेदारों से 6 लाख रुपये जमा करवाए। जिस उपभोक्ता पर 5 हजार रुपये का भी बिल हुआ उसका भी कनैक्शन कटेगा। यह अभियान प्रतिदिन चलेगा।

## खनन करते नौ गिरफ्तार

**भोपा।** गांव गादला के जंगल में रात के अंधेरे में मिटी खनन कर लेकर जा रहे नौ आरोपियों को पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए गिरफ्तार कर लिया जबकि उनकी सात ट्रैक्टर-ट्रालियों को सीज कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट खनन विभाग को भेज दी। प्रभारी निरीक्षक मुनीश कुमार ने बताया कि बरूकी पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक गोपाल कुंतल की टीम ने सोमवार की रात्रि में गांव गादला के जंगल छापेमारी करते हुए खनन कर सात ट्रैक्टर-ट्रालियों में मिटी भरकर लेकर जा रहे गांव नंगला बुजुर्ग निवासी अंजुम, नवाजिश, कपिल, शाने आलम, शैबान, हरीश, अनश व किशनपुर के गुलनवाज व जौंली के फरमान समेत नो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा मिटी से भरी उनकी सात ट्रैक्टर-ट्रालियों को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट खनन विभाग को भेज दी। पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

## दिव्यांग बच्चों का किया गया पंजीकरण

**मुजफ्फरनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार के कुशल निर्देशन में नगर क्षेत्र मुजफ्फरनगर के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय डायट कैंपस में कक्षा 1 से 08 तक विद्यालयों में अध्ययनरत 06 से 14 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु पंजीकरण शिविर का आयोजन जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुशील कुमार द्वारा कराया गया कैम्प में एलिम्को कानपुर के आर्थोटिक एण्ड प्रोस्थोटिक विशेषज्ञ अश्वनी कुमार, सूरज कुमार, ऑडियोलरजिस्ट, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण द्वारा दिव्यांग बच्चो का परीक्षण किया गया तथा उपकरणो हेतु चिन्हित किया गया, तथा आकाश सैनी व अभिषेक द्विवेदी (डाटामेन) द्वारा बच्चों का डाटा ऑनलाइन किया गया। कैम्प मे 103 बच्चों का पंजीकरण किया गया तथा 74 बच्चों को 95 उपकरणों जिसमें 14 ट्राइसाइकिल, 16 व्हील चेयर, 30 हियरिंग ऐड, 22 एम0आर0 किट, 4 बैशाखी, 03 सी0पी0 चेयर, 2 रोलेटर, 02 स्मार्ट केन ,02 ब्रेल किट, हेतु चिन्हित किया गया। जिला सक सुशील कुमार द्वारा बताया गया कि जनपद में दो कैंपों का आयोजन हुआ है अप दोनों कैंपों में 150 बच्चों को चिन्हित किया गया है, चिन्हित बच्चों को महा नवंबर 2025 में वितरण का कार्यक्रम प्रस्तावित है कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्पेशल एजुकेटर तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन बबीता शर्मा का विशेष योगदान रहा।



# सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में जला रावण का पुतला



**भोपा।** मुज़फ्फरनगर -भोपा मार्ग पर स्थित सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में दशहरा का पर्व बड़े हर्षोल्लास और आध्यात्मिक भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में छात्रों द्वारा 20 फीट ऊँचा रावण का भव्य पुतला तैयार किया गया, जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत माता रानी के नौ रूपों के पूजन से हुई, क्योंकि आज नवरात्रों का अंतिम दिन था। विद्यार्थियों व शिक्षकों ने मिलकर माँ शैलपुत्री से लेकर माँ सिद्धिदात्री तक के स्वरूपों की पूजा-अर्चना की। स्कूल परिसर में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत माहौल देखने को मिला।इसके प्राथमिक शाखा के छात्रों ने रामलीला का सुंदर दश्य प्रस्तुत किया। बच्चों ने श्री राम के भजनों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए और पूरे आयोजन का आनंद लिया। उनके नृत्य और अभिनय ने दर्शकों को भक्ति, आनंद और ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या ने रावण के पुतले का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी छात्रों को दशहरे व नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा उन्हें यह संदेश दिया कि वे अपने अंदर की अच्छाई और मानवता को कभी मरने न दे। पूरे विद्यालय परिसर में जय श्री राम के जयघोष गूंज उठे, और यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।।

## विधायक के सभापति बनते ही बंटी मिठाईयां

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढाना क्षेत्र के राष्ट्रीय लोकदल के विधायक राजपाल सिंह बालियान को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने संयुक्त रुप से राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह की संस्तुति पर बीती सोमवार के दिन आ्वासन समिति का चेयरमैन नियुक्त किया। उन्हें पार्टी की बहुत बडी जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधायक ने फोन पर अपनी जिम्मेदारी की जानकारी दी। उन्हें पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। सूचना मिलते ही रालोद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड गई। बुढ़ाना कस्बे में कांधला रोड पर स्थित एक प्रतिष्ठान पर रालोद कार्यकर्ताओं ने खुशी में जश्न बनाया और मिठाईयां बांटी। इस मौके पर यहां मुख्य रूप से सुरेंद्र सहरावत, बालकिशोर त्यागी, विजय सहरावत, संदीप उजलायन, संजय राणा, दीपक भारद्वाज, घशिवराज सिंह, लोकेश कुमार और योगेंद्र सिंह आदि रालोद कार्यकर्ता मौजूद रहे। गांव फुगाना में पूर्व प्रधान थाम सिंह के घेर में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। इस मौके पर थाम सिंह ने सभी ग्रामीणों को लड्डू खिलाकर खुशी जताई। यहां पर मुख्य रूप से मुकेश मलिक, पिंटू सिंह, प्रकाश, धर्मपाल, राजीव, मनोज शर्मा, कुलदीप मलिक, राजेंद्र सिंह, जोगेंद्र मलिक मौजूद रहे।

# सम्राट इंटर कॉलेज की छात्राओं ने किया राजकीय जिला पुस्तकालय का भ्रमण

**मुजफ्फरनगर।** आज पुस्तकालय चलो अभियान और मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत आज सम्राट इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा राजकीय जिला पुस्तकालय का भ्रमण किया गया। जिला पुस्तकालय के प्रभारी डॉ. रणवीर में सिंह ने छात्राओं का स्वागत किया और उन्हें संबो. धित करते हुए कहा कि वर्तमान में पुस्तकालय में चालीस हज़ार से अधिक पुस्तकें हैं, डिजिटल लाइब्रेरी के वाचनालय प्रभारी डा. रणवीर सिंह ने पुस्तकालय में मिल रही सुविधाओं से छात्राओं को अवगत कराया और सभी से सदस्यता लेने का किया आह्वान किया।



पुस्तकालय कक्ष में छात्र-छात्राओं के लिए अध्ययन की सुविधा है, इसमें वातानुकूलित वातावरण के साथ वाई फाई की सुविधा भी उपलब्ध है। साथ ही साथ आर.ओ. वाटर, स्वच्छ शौचालय और सुरक्षा हेतु पुलिस व्यवस्था भी उपलब्ध है। छात्र छात्राओं की सुविधा को देखते हुए लाइब्रेरी का समय प्रात: सात बजे से शाम पाँच बजे तक निर्धारित किया गया है।

उन्होंने सभी से पुस्तकालय की सदस्यता लेने का आह्वान किया। सम्राट इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ अरशद सम्राट ने सभी विद्यार्थियों को राजकीय पुस्तकालय की विशेषताओं से अवगत कराया और बताया कि जबसे पुस्तकालय का चार्ज डॉ रणवीर को दिया गया हे तबसे राजकीय पुस्तकालय की तरफ विद्यार्थियों का रुझान खुद ही बढ़ने लगा हे। प्राइवेट लाइब्रेरी में जो सुविधा हर माह फीस देकर नहीं मिल रही वह राजकीय पुस्तकालय में मुफ्त में उपलब्ध हैं ।राजकीय पुस्तकालय के भ्रमण में सम्राट इंटर कॉलेज की छात्राओं के साथ विद्यालय स्टाफ मो कसान का पूरा सहयोग रहा।

## पार्टी की लोकप्रियता को बढ़ा रहे हैं सपा नेता

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढाना क्षेत्र में अल्प समय में ही अपनी मेहनत और लगन से जनता के दिलों में अपनी मजबूत पकड़ बनाने में पूर्ण रूप से सफल रहे समा. जवादी पार्टी के कद्दावर नेता सत्येंद्र पाल बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में एक मात्र ऐसे नेता बनकर उभरे हैं जो हर वर्ग और जाति धर्म के लोगों को बराबर का सम्मान करते हुए उनके सुख-दुख में साथ खड़े मिलते हैं। पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को साथ लेकर समाजवादी पार्टी को समर्पित होकर कार्य करना इनका स्वभाव है। जिला मुजफ्फरनगर से लेकर पार्टी हाईकमान लखनऊ तक की पहली पसंद बन चुके सत्येंद्र पाल पर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र की जनता अपना प्यार, सहयोग और समर्थन लुटाने को पूरी तरह से तैयार हैं क्योंकि उन्हें पता है कि हर साल सैंकड़ों गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा का मामला हो, किसी गरीब व्यक्ति की बेटी की शादी हो या फिर बीमारी से पीड़ित के इलाज में मदद हर पल हाजिर रहकर अपनी सेवाएं दे रहे सत्येंद्र पाल को सर्व समाज का समर्थन मिल रहा है। इनके दरवाजे पर हर रोज उमड़ रही भीड़ बताने के लिए ही काफी है कि सपा नेता सत्येंद्र पाल उनकी उम्मीद बन चुके हैं। सबसे प्यारा और सम्मान से मुलाकात कर उनके दु:ख दर्द को जानकर हर संभव मदद करते हुए अपने स्तर से समस्याओं का समाधान कर रहे सत्येंद्र पाल के पार्टी हित में किए गए कार्यों से क्षेत्र में पार्टी की लोकप्रियता निरंतर बढ़ती ही जा रही है इसमें कोई दो राय नहीं है।

**धूं-धूकर जल उठी रावण की सोने की लंका**

**मुजफ्फरनगर।** श्री रामलीला सभा रजिस्टर टाउन हॉल शहर में शबरी लीला, राम-सुग्रीव मित्रता, बालि वध हनुमान-रावण संवाद, लंका दहन की लीला का बहुत ही सुन्दर मंचन रहा, मंचन की सुंदर प्रस्तुति को देखकर दर्शक भावविभोर हो गए, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सचिन अग्रवाल पटाखे वाले (राष्ट्रीय मंत्री अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन), गिरिश अग्रवाल, नरेंद्र गोयल (दुर्गा इस्पात), सुमित गर्ग, प्रवीण गोयल ने विधिवत पूजा अर्चनाकर रामचंद्र जी को तिलक व रामायण जी के समक्ष आरती करके शुभारंभ किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष शिवचरण गर्ग, मंत्री सतीश गर्ग, उपमंत्री अनमोल सिंघल, कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, संरक्षक एवं मुख्य निर्देशक साधुराम गर्ग, सहा. मुख्य निर्देशक अजय गर्ग, रामायण वाचक रविंद्र गुप्ता, सुखदेव मित्तल (वरिष्ठ अधिवक्ता), कार्यालय मंत्री वैभव मित्तल, नवीन गुप्ता (ठेकेदार) सुशील गोयल, संजय गोयल (ठेकेदार), अंजुल भूषण आदि कलाकार उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृष्ण पाल पुत्र वेद प्रकाश निवासी रसूलपुर थाना मीरापुर जिला मुजफ्फरनगर हाल प्रवक्ता डीएवी डिग्री कॉलेज मुजफ्फरनगर को न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा दी गई सजा जिसमें धारा 498A में 2 वर्ष का कठोर कारावास एवं रु. 5000 जुर्माना, जुर्माना अदा न करने पर एक माह कारावास की अतिरिक्त सजा, धारा 323 आईपीसी में 6 माह की सजा एवं रु. 500 का जुर्माना, धारा 406 आईपीसी में 1 वर्ष की सजा हजार रुपए का जुर्माना, धारा 506 आईपीसी में एक वर्ष का कठोर कारावास व जुर्माना, धारा 4 आईपीसी दहेज प्रतिषेध अधिनियम में 1 वर्ष की सजा और 5000 का जुर्माना होने के नियमानुसार माननीय अपर न्यायालय ने आज दिनांक 30 सितंबर 2025 को अभियुक्त द्वारा अपर कोर्ट में की गई अपील को खारिज करते हुए निचली अदालतों द्वारा दी गई सजा की पुष्टि कर अभियुक्त कृष्णपाल एवं भाई सुरेंद्र को जिला कारागार डासना भेजा गया है। यह मामला थाना कविनगर जनपद गाजियाबाद से संबंधित है।

# रेशू विहार में कन्या पूजन प्रात: 5 बजे से

**मुजफ्फरनगर।** नवरात्रो में कन्याओ का पूजन हर घर में किया जाता हैं। रेशू विहार की गृहणियों ने प्रात: 4 बजे उठकर शुभ मुहूर्त में कन्याओ के पूजन की तैयारियां की। जिससे पूरा वातावरण धर्ममय हो गया। प्रात: ही कन्याओ के स्वागत में जल छिड़काव, कली से सजावट, पुष्पों से सम्मान, शंख से अभिनन्दन किया गया।

सत्यप्रकाश रेशू, शैल गर्ग, साधना, वार्षिका, मोहित, शोभित, प्रियंका, बबलू, लोकेश, रेखा, पूनम, सभी ने उच्च भाव से कन्याओ की आरती की। हाथो से घिसा गया अखरोट, मुनक्का,



बादाम सत्यप्रकाश रेशू ने कन्या - लुंकड़ को अपने हाथो से खिलाया। जिसे सभी ने आनंद से खाया। छोटी कन्याये मंद मुकुद हो गयी। मधुर मुस्कान से भोजन करके तिलक लगवाया। सभी ने कन्याओ को चुनरी ओढ़ाकर तिलक लगाकर चरण स्पर्श किये द्य जिससे देवी स्वरुप कन्याये स्वयं ही अपने हाथो से आशीर्वाद देने लगी। पूरा वातावरण नवदुर्गा, भगवान श्री राम के जयकारों से गूंज उठा।

# भारत की जीवन रेखा गंगा विषय पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी कण्डारकर कमलकिशोर देशभूषण के निर्देशन में जिला गंगा समिति द्वारा मुज़फ्फरनगर के डी ए वी पी जी कॉलेज परिसर में स्थित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचा. लित निशुल्क कोचिंग सेंटर, में भारत की जीवन रेखा गंगा विषय पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी में सफल शिक्षार्थियों का किया गया उत्साहवर्धन ।डॉ राजीव कुमार द्वारा शिक्षर्थियों को नमामि गंगे, जनपद से होकर गुजरने वाली/ बहने वाली नदियों गंगा, सोलानी/ बाण गंगा, काली नदी व हिंडन नदी, जलीय जीवों, एवं उक्त अभियान के विषय मे जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम का आयोजन राजीव कुमार प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग/ सदस्य सचिव जिला गंगा समिति के मार्गदर्शन में डॉ राजीव कुमार एवं जिला परियोजना अधिकारी हर्ष कुमार द्वारा किया गया। उक्त प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित नि:शुल्क कोचिंग सेंटर के जिला समन्वयक उपेन्द्र पांडेय का सहयोग रहा।?

## खरड भाकियूअ की कार्यकारिणी घोषित

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ग्राम खरड के ग्राम अध्यक्ष चौधरी विरेंद्र सिंह मलिक ने आज मंगलवार के दिन अपने गांव खरड की पूरी कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। जिसमें उन्होंने भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष पहलवान सुधीर पंवार माजरा, राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक और ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण पंवार के निर्देश पर गांव खरड का भाकियूअ का ग्राम सलाहकार चौधरी विजय मलिक, कोषाध्यक्ष रामपाल सिंह और सदस्य साधूराम, कालूराम धीमान, बाबूराम कश्यप, श्रीनिवास कश्यप, राजकुमार, बच्चू, नवीन मलिक, संजीव शर्मा, जोनी, नवाब, बिल्लू मलिक, संजय, चंद्र बलि मलिक, कपिल, कालू कश्यप, सोनू, मंगलू मलिक और बिज. ेंद्र मलिक बनाए गये।

## आत्मनिर्भर यात्रा पर कार्यशाला हुई आयोजित

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के सभागार में आज भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान 2025 यात्रा पर की गयी। मुख्य अतिथि बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक रहे। जिन्होंने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी उत्पादों का उपयोग अत्यंत आवश्यक है।

# रालोद छोड़कर सपा में शामिल हुए सैकड़ों छात्र व युवा

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने बताया कि रालोद के युवा नेता आयुष चौधरी ने आज सपा कार्यालय पर सैकड़ों युवाओं के साथ जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट व समाजवादी पार्टी विधायक पंकज मलिक के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट व सपा विधायक पंकज मलिक ने रालोद छोड़कर सपा में शामिल हुए युवा नेता आयुष चौधरी व उनके साथियों का समाजवादी पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जनता के हितों के लिए संघर्ष व छात्रों युवाओं के उज्वल भविष्य हेतु उनकी विचारधार, नीतियों से प्रभावित होकर ही युवा नेता आयुष चौधरी ने अपने सैकड़ों साथियों



के साथ समाजवादी पार्टी में आने का निर्णय लिया उनका समाजवादी पार्टी में पूरा सम्मान व स्वागत है।

उन्होंने छात्रों व युवाओं से भाजपा की नफरत फैलाने की साजिश से सावधान रहने का आह्वान कर सभी के हितों के लिए समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में सहयोग का आह्वान भी किया। समाजवादी पार्टी में शामिल हुए युवा नेता आयुष चौधरी ने कहा कि वह समाजवादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के युवाओं के हित में संघर्ष व सभी को सम्मान व हिस्सेदारी के एजेंडे से प्रभावित होकर ही समा. जवादी पार्टी में शामिल हो रहे है। गत दिनों भाजपा छोड़कर सपा में आए रिजवान अंसारी का भी स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से समा. जवादी पार्टी जिला महासचिव चौधरी विकिल गोल्डी अहलावत समाजवादी पार्टी जिला उपाध्यक्ष सोमपाल सिंह कोरी,धर्मेद्र सिंह नीटू, अंकित शर्मा जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन,पूर्व जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा डॉ नूर हसन सलमानी,छात्र सभा उपाध्यक्ष जुनेद आलम,योगेन्द्र बालियान,विराट शर्मा, आयुष त्यागी, समीर, अहद,गौरव, बादल चौधरी सहित सैकड़ों युवा मौजूद रहे।

# त्यौहारों पर ही सक्रिय होती है खाद्य विभाग की टीम, सैम्पल भरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** जैसे-जैसे त्यौहार करीब आ रहे है वैसे-वैसे खाद्य विभाग की टीम अधिकारियो के निर्देशन में मिठाई सहित अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमार कार्यवाही कर रही है यह कार्यवाही कोई पहली बार नहीं हो रही है हर त्यौहारों पर विभागीय अफसर मिठाई व अन्य खाद्य सामाग्रियों के सैम्पल भरते है, लेकिन सवाल यह है कि आखिर खाद्य विभाग की टीम अधिकतर छापे त्यौहार के नजदीक ही क्यो मारती है? इसके बाद विभागीय टीम की कार्यवाही ठंडे बस्ते पड़ जाती है यह बात अलग है कि बड़ी शिकायत व अधिकारी के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम बारह माह में आधा दर्जन या फिर एक दर्जन पूरे जनपद में कार्यवाही करती है, लेकिन इसके बाद मिलावट खोरो का खेल फिर शुरू हो जाता है। लोग यही कहते मिले है कि बाजारों में कुछ खाद्य पदार्थ नकली बेचे जा रहे है।

मावे से लेकर इससे बनी मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थो में भी मिलावट खोरी का खेल चलता रहता है। नकली खाद्य पदार्थ के माफिया बाजारों में अपनी सक्रियता दिखाते हुए नकली खाद्य पदार्थ बाजारों में भेजते है। मिलावट खोरी का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ता है। कुछ खाद्य पदार्थ तो ऐसे है जिसका सेवन करने से व्यक्ति और कभी-कभी तो पूरा परिवार फूड प्वाइजनिंग का शिक. ार हो जाते है।इसके बाद ही संबंधित अधिकारियों की नींद टूटती है। बड़ी शिकातय के बाद कभी-कभी विभागीय टीम अभियान चलाकर कुछ खाद्य पदार्थ को नष्ट करने का काम करती है। दीपावली के त्यौहार पर कुछ स्थानों पर नकली व घटिया मावे से बनी मिठाईयां, मिलावटी तेल की बिक्री जोरो पर होती है। इसमें कुछ खाद्य पदार्थ पैकेट बंद भी होते है। और कभी-कभी छापे में संबंधित विभाग ने यह भी पाया कि बड़े ब्रांडो की कॉपी करके उन्हे बाजारों में लाया जाता है यदि खाद्य विभाग की टीम गंभीरता से जांच करे तो अभी भी कुछ स्थानों पर मिलावटी सामान मिल सकता है।

## ऐसे होती है नकली मिठाई की पहचान

**मुजफ्फरनगर।** नकली मिठाई की पहचान करने के लिए रंग और उसके चमक पर ध्यान दे और पानी में मिलाकर झाग देखे। यदि घी की शुद्धता की जांच करनी हो तो सबसे पहले एक्सपायर डेट और मिठाई पर लगे वर्क को रगड कर देखे, मिठाई की खुशबु व स्वाद पर गौर करे। असली मिठाई का रंग हल्का होता है जबकि चमकदार आरटीफीशियल रंग वाली मिठाई में कैमिकल ड्राई हो सकती है। मिठाई के टुकडे को गर्म पानी में घोले और अगर मिठाई से झाग लगे तो यह माना जा सकता है कि उसमें डिटरजेंट मिला होता है। घी की जगह वनस्पति तेज मिला होने पर मिठाई का स्वाद अलग होता है और वह ज्यादा चिकनी भी नहीं होती। नकली वर्क हाथ से रगडने पर गायब हो जाता है, जबकि असली वर्क गोली बन जाता है और नकली वर्क जलकर राख में भी तब्दील हो जाता है। नकली मावे पर आयोडीन की कुछ बुंदे डालने पर वह काला पड़ जाता है। विगत दिवस भी खाद्य विभाग की टीम ने कुछ स्थानों पर खाद्य सामाग्री के नमूने भरे थे।

### छपार हाइवे टोल प्रकरण....

# प्रमोद त्यागी के आवास पर पहुंचे नरेश टिकैत

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश सिंह टिकैत बीती सोमवार की देर रात बुढ़ाना कस्बे में स्थित समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता प्रमोद त्यागी के पैतृक आवास पर पहुंचे। जहां पर दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक गहन विचार विमर्श भी हुआ। क्या विचार विमर्श हुआ यह तो पता नहीं लग पाया लेकिन जो चर्चा है वो ये है कि छपार टोल प्रकरण में जिस तरह से कई दिनों से दो पक्ष के हजारों लोगों के बीच जो तनाव चल रहा है उस तनाव को समाप्त करने पर चर्चा चली। समझा जा रहा है कि नरेश टिकैत और प्रमोद त्यागी आपस में एक दो दिन में इस मसले को हल कर लेंगे क्योंकि एक तरफ जाट समाज से ब्लाक बुढ़ाना के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक हैं तो उनके सामने त्यागी समाज के मांगेराम हैं जो एक दूसरे के विरुद्ध उल्टे सीधे आरोप लगा रहे हैं। दरअसल बीती 19 सितम्बर को जनपद मुजफ्फरनगर के नेशनल हाईवे पर स्थित छपार टोल प्लाजा के गेस्ट हाउस पर आराम कर रहे डिप्टी मैनेजर अरविन्द पाण्डेय पुत्र श्रीप्रकाश निवासी गांव फूलपुर परसादपुर जिला चन्दौली की कुछ लोगों के द्वारा अपहरण के बाद हत्या कर दी गयी थी। उनका शव मेरठ जिले के जानी थाना क्षेत्र के जंगल में मिला था। इस दोरान टोल के कांट्रेक्टर विनोद मलिक के टोल पर हुई इस घटना के विरोध में अगले दिन हजारों लोग टोल पर पहुंच गये थे और एक बड़ी पंचायत कर मृतक मैनेजर पांडेय के परिजनों को दो करोड़ रुपये का मुआवजा और हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग कर डाली थी। पुलिस अपना काम कर ही रही थी कि इसी टोल क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले चर्चित व्यक्ति मांगेराम त्यागी ने इस कांड को एक मुद्दा बनाते हुए टोल के आसपास के कर्मचारियों को बरगलाकर धरना शुरु कर दिया था तो टोल बंद हो गया था। जिसमें 16 घंटे से भी अधिक समय तक लाखों वाहन फी में निकले। जिसमें कई लाख रूपये का मोटा नुकसान हुआ क्योंकि टोल पर तैनात कर्मचारी मांगेराम के बहकावे में आकर हड़ताल पर चले गये थे। तब नुकसान से उबरने के लिए पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने रातों रात अपने अन्य टोलों से प्रशिक्षित कर्मचारी और कुछ कर्मचारी टोल के आसपास के रहने वाले बुलाए और बंद टोल चालू करा दिया। टोल चालू होने पर मांगेराम की योजना धरी की धरी रह गयी क्योंकि वे टोल पर अपने व्यक्तियों को रखवाना चाह रहे थे। बस इसी को लेकर मांगेराम ने अपनी ओच्छी राजनिति के तहत लोगों को बरगलाकर पूर्व प्रमुख विनोद मलिक के विरुद्ध रोजाना जहर उगलना शुरु कर दिया। अगर देखा जाए तो इस मामले को पूर्व प्रमुख तूल नहीं देना चाहते लेकिन मांगेराम पूर्व प्रमुख से एक मोटी रकम प्रतिमाह हड़पने की नीयत से अभी तक भी लोकल कर्मचारियों को लेकर हड़ताल पर है। इस मामले में मांगेराम के गुर्गों के टोल से अवैध वसूली किए जाने की धमकी के ओडियो भी वायरल हो चुके हैं। जनता और पुलिस प्रशासन भी पूरी हकीकत को समझ रही है। कुल मिलाकर जाट और त्यागी समाज के लोगों में करीब दो हफ्ते से इसी प्रकरण के तहत आपस में अंदरुधी तनाव है। अगर नरेश टिकैत व प्रमोद त्यागी के बीच बीती रात इस मामले को लेकर भी बात हुई है तो ये एक अच्छी पहल है नहीं तो ये टोल प्रकरण किस करवट बैठेगा कुछ कहा नहीं जा सकता। इस दौरान प्रमोद त्यागी के छोटे भाई सुबोध त्यागी और गांव जौला के पूर्व प्रधान साजिद मुन्ना भी मौजूद रहे।

# गुरुद्वारे के 260 मीटर के दायरे में नहीं बनने देंगे हाईवे :टिकैत

**मीरापुर।** ग्राम देवल स्थित बीआईटी चौकी के समीप बने गुरुद्वारे के पास पिछले कई माह से जारी किसान यूनियन का धरना मंगलवार को उस समय और जोर पकड़ गया, जब किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत स्वयं धरनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रशासनिक और हाईवे अधिकारियों को तुरंत बुलवाया तथा उनसे स्पष्ट शब्दों में कहा कि गुरुद्वारे से 260 मीटर के दायरे में किसी भी कीमत पर हाईवे का निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा।

राकेश टिकैत ने चेतावनी दी कि यदि किसी एनएचएआई के कर्मचारी ने इस क्षेत्र में कार्य शुरू करने की कोशिश की तो किसान यूनियन उसका सामान जब्त कर लेगी और धरना-प्रदर्शन को तेज कर देगी। उन्होंने कहा कि यह गुरुद्वारा क्षेत्र के साथ-साथ यात्रियों की आस्था का केंद्र है, जहां प्रतिदिन हजारों लोग पहुंचते हैं। यहां चलने वाले लंगर में लोग भोजन ग्रहण कर विश्राम करने के बाद अपनी यात्रा आगे बढ़ाते हैं। यदि हाईवे का निर्माण इस स्थान पर कर दिया गया तो गुरुद्वारा दूसरी ओर छिप जाएगा और राहगीरों की नजर से ओझल हो जाएगा, जिससे श्र)ालुओं की संख्या प्रभावित होगी। टिकैत ने किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि 260 मीटर तक का क्षेत्र चिन्हित कर वहां झंडे लगाए जाएं और वहीं से धरना समाप्त कर दिया जाए। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस दायरे में कोई कर्मचारी निर्माण कार्य करने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ तत्काल विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा। धरना स्थल पर इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों में एडीएम गजेंद्र सिंह, एसडीएम राहुल देव भट, नायब तहसीलदार विपिन चौधरी, कानूनगो संजीव शर्मा और हल्का लेखपाल हरेंद्र सिंह मौजूद रहे।



किसान यूनियन की ओर से जिला अध्यक्ष नवीन राठी, योगेश शर्मा, अशोक गठन, योगेश बालियान, अमीर सिंह, प्रमोद अहलावत, गुलशन चौधरी, मास्टर महकर सिंह, जयप्रकाश, मोनू प्रधान, बबलू चपराना, खालिद चौधरी, सद्दाम और सतवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। धरने में राकेश टिकैत की मौजूदगी से किसानों का उत्साह देखते ही बन रहा था। यूनियन कार्यकर्ताओं ने संकल्प दोहराया कि गुरुद्वारे की आस्था और परंपरा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर बड़े आंदोलन का रास्ता भी अपनाया जाएगा।

## एसडी कॉलेज ने कुश्ती में जीता गोल्ड

**मुजफ्फरनगर।** मां शाकंभरी विश्वविद्यालय के अंतर्गत होने वाली कुश्ती पुरुष अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारान द्वारा किया गया जिसमें सनातन धर्म कॉलेज के सागर तथा आयुष चौधरी ने कुश्ती में 79हऔर 77ह में स्वर्ण पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया इसके पश्चात इन दोनों खिलाड़ियों का चयन ऑल इंडिया के लिए किया गया महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार पुंडीर ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर अरविन पवार प्रोफेसर अजय पाल डॉ अंशुल शर्मा डॉ नितिन कुमार सिंह डॉ. चंद्रमणि डॉ. नागेंद्र डॉ कर्मजीत कौर डॉ. संदीप डॉ. आदित्य तथा डॉ. प्रणव प्रोफेसर सतीश त्यागी एवं अंजुल भूषण उपस्थित रहे।

# किसानों ने माप तौल ठेकेदारों का घेराव कर धरने पर बैठाया

**पुरकाजी।** भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में व्यापारियों ने मापतोल ठेकेदारों का घेराव करते हुए धरना देकर अपने बीच बैठा लिया था और अपने पैसे वापस करने की मांग करने लगे थे कस्बे में माप तोल ठेकेदारों को उस समय व्यापारियों का आक्रोश झेलना पड़ा जब वह कस्बे में बांट तराजू आदि पर मोहर लगाने पहुंचे व्यापारियों का आरोप है कि माप तोल ठेकेदार व्यापारियों से धन उगाई कर रहे हैं जिसकी सूचना मिलने पर भारतीय किसान यूनियन व्यापार प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी वंश अग्रवाल के नेतृत्व में सैकड़ो व्यापारियों ने मापतोल ठेकेदारों को लाला नवीन कुमार गोयल कपड़े वालों की दुकान पर बैठा लिया और उनसे पूछताछ शुरू की संतोष पूर्वक जवाब नहीं देने पर उक्त ठेकेदारों को व्यापारियों ने दरा डालकर अपने बीच बैठा लिया और अधिकारियों को बुलाने की मांग करने लगे मंगलवार को नगर



पंचायत में व्यापारियों एवं मापतोल अधिकारियों एवं ठेकेदारों की एक बैठक आयोजित की गई।

जिसमें नगर पंचायत के अध्यक्ष जहीर फारुकी एडवोकेट द्वारा दोनों के बीच समझौता कर दिया है जिससे दोनों ही पक्ष सहमत नजर आए। इस अवसर पर मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष निर्दोष जैन, पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शंकरलाल गोयल, भारतीय किसान यूनियन व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, नवीन कुमार गोयल, सुशील वर्मा, कपिल मित्तल, संदीप गोयल, तनवीर आलम, कमर आलम, आदिल फरीदी, हाफिज मोहसिन आदि व्यापारी शामिल रहे।

# गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने दिखाया साड़ियों का अनोखा सफर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** श्री कुंद-कुंद जैन पीजी कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने मिशन शक्ति के अंतर्गत साड़ी के परंपरा से वर्तमान तक के सफर को मंच पर प्रस्तुत किया। 'भारतीय ड्रेप्स का उत्सव' शीर्षक से आयोजित इस फैशन शो ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आशा जैन (पूर्व डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन इनरव्हील क्लब), अंजू सिंह, रीतू जैन, मधु वर्मा, पारुल जैन, संगीता गुप्ता, बबीता गर्ग, नीरज जैन, कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव मुकेश कुमार जैन एवं प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ ने संयुक्त रूप से की।

फैशन शो की संयोजिका गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष पूजा पुण्डीर सिंह रहीं। संचालन का दायित्व डॉ. मिनाक्षी, डॉ.श्वेता, डॉ. पारुल एवं एकता ने निभाया शो में छात्राओं ने देश के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक साड़ी ड्रेपिंग शैलियों को प्रस्तुत किया। महाराष्ट्र की नौवारी शैली में काजल, कश्मीरी परिधान में सामिया, गोवा की कुनबी साड़ी में रितिका, बंगाली लुक में कावेरी तथा जींस पर वेस्टर्न लुक साड़ी में पूर्वा ने सबका मन मोह लिया। शो टॉपर अवार्ड लहंगा साड़ी में सोमवर्णा को मिला।

मुख्य अतिथियों ने छात्राओं की रचनात्मकता और प्रतिभा की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस आयोजन में प्रो. नीरजा गुप्ता, डॉ. अर्चना बालियान, डॉ. विपिन बंसल, डॉ. विशु, डॉ. शिवानी, डॉ. रीचा, डॉ. अंजू सहित शिक्षणेत्तर कर्मचारियों मुकुल जैन, पारुल जैन, रजत गुप्ता, शंकुतला, सुधीर और सुदेश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त समाचार

### कोतवाल सुभाष बाबू अत्री को हुआ एक माह

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री ने अपने कुल एक माह के कार्यकाल में 24 बदमाशों को विभिन्न मामलों में जेल भेजा। जिनमें 3 बदमाशों को गोली मारकर पकड़ना पड़ा। बीती 30 अगस्त की देर रात एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने मंसूरपुर के थानाध्यक्ष सुभाष बाबू अत्री को बुढाना कोतवाली का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया था। अगले दिन 31 अगस्त को सुभाष बाबू अत्री ने बुढ़ाना कोतवाली का चार्ज संभाला। चार्ज संभालने के 3 दिन बाद बीती 4 सितम्बर को उन्होंने सबसे पहला बड़ा गुडवर्क नशे का कारोबार करने वालों को जेल भेजकर किया। जिसमें उन्होंने 5 करोड़ रुपये की कीमत की स्मैक बरामद कर 02 तस्करों को जेल भेजा। इसके बाद उन्होनें अगला कदम गौकशी करने वालों के विरुद्ध उठाया। जिसमें उन्होंने भारी मात्रा में गौमांस बरामद कर 6 लोगों को जेल भेजा। तीसरा कदम उनका चोरों के खिलाफ रहा। जिसमें इन्होंने चोरी का माल बरामद कर एक चोर को जेल भेजने का काम किया। चौथा कदम एक मिनी बैंक की शाखा में मोटा गबन करने वाले बैंक मैनेजर समेत 3 लोगों को जेल भेजा। इसके बाद किसी घटना के इरादे से चाकू लेकर संदिग्ध रुप से घूम रहे एक युवक को जेल भेजा। बीती 12 सितम्बर को पहला हाफ एनकाऊंटर किया। जिसमें एक बदमाश ने राह चलती महिला से दिन दहाड़े सोने के कुंडल लूटे थे। उसका एक अन्य साथी भी अरेस्ट हुआ था। बीती 13 सितम्बर को एक और स्मेकिया पकड़ा। जिसके पास से लाखों रुपये की स्मेक बरामद हुई। बीती 14 सितम्बर को एक नाबालिग किशोरी को भगाने वाले को जेल भेजा। इसी दिन बाइक लुटेरा और किन्नर मुस्कान उर्फ इरशाद सैफी की हत्या में नामजद उसके फरार भाई को गिरफ्तार किया। बीती 16 सितम्बर को दूसरा हाफ एनकाउंटर किया। जिसमें लुटेरे ने सुनार के साथ लूट की थी। बीते 21 सितम्बर को भी पुलिस ने हाफ एनकाउंटर कर इसके साथी को गोली मारकर पकड़ा। 2 दिन पूर्व लड़की संग छेड़खानी करने वाले 2 शोहदों व बीते कल भी एक शोहदे को जेल भेजा। कुल मिलाकर एक माह में कोतवाल सुभाष अत्री ने विभिन्न मामलों में 24 अभियुक्त जेल भेजे। इनमें से 3 बदमाशों को पुलिस की गोली भी चखनी पड़ी।

### ये अभियुक्त भेजे गए जेल....

**बुढ़ाना।** स्मैक तस्कर राहत उर्फ कासिम, अरशद अली निवासीगण जिला शाहजहांपुर, गौ तस्कर नूर, शकील, जाहिद, परवेज रसूलपुर दभेडी, मुन्ना, वाजिद निवासीगण कल्याणपुर रतनपुरी, चोर श्याम निवासी ग्राम सहावली नई मंडी, गबनी सतेन्द्र, यश मलिक, निखिल, चाकूबाज अमन निवासी ग्राम सफीपुर, लुटेरे नौशाद निवासी गांव मंढियाई सरधना, वाजिद गांव सैफपुर फिरोजपुर बहसूमा मेरठ, स्मेकिया फरमान निवासी झिंझाना शामली, लडकीबाज अरबाज बिट्टू निवासी जामियानगर खालापार, बाइक लुटेरा लखन निवासी कुरथल, हत्यारा साजिद उर्फ गुलशेर निवासी मंदवाडा, लुटेरा महताब उर्फ कल्लू ग्राम मंदवाडा, मुठभेड़ में घायल शादाब, शोहदे शोएब, कासिम व सुहैल निवासीगण सफीपुर पटी जेल भेजे हैं।

### इकरा त्यागी बनीं एक दिन के लिए सीएचसी प्रभारी

**चरथावल।** उत्तर प्रदेश में चल रहे दस दिवसीय मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत मंगलवार को एक छात्र को चरथावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एक दिन का प्रभारी बनाया गया। जय हिंद इंटर कालिज की इंटरमीडिएट छात्र इकरा त्यागी ने इस दौरान सीएचसी की कार्यप्रणाली को समझा और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जय हिंद इंटर कॉलेज चरथावल की मेधावी छात्र कुमारी इकरा त्यागी को एक दिन का प्रभारी चिकित्सा अधिकारी चरथावल सीएचसी नियुक्त किया गया। कुमारी इकरा द्वारा सभी सी एचओ के साथ मीटिंग की गई जिसमें उन्होंने सभी के कार्यो की जानक. ारी ली एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरथावल की उपस्थिति पंजिका का अवलो. कन किया व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरथावल का भ्रमण कर औषधि वितरण , आपातकालीन सेवाओं का निरीक्षण किया एवं समस्त कार्यों के विषय में जानक. ारी लेते हुए अपने दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर डा.सतेंद्र कुमार चिकित्सा अधीक्षक डा. निशांत त्यागी जोध सिंह फार्मासिस्ट अजय फार्मासिस्ट शादाब राणा मो मुबाशिर ललित कुमार सौरभ कुमार आदि मौजूद रहे ।

### चंदसीना में भाकियू की पंचायत

**खतौली।** खतौली ब्लॉक के गांव चंदसीना में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आयोजित की गई। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत के पुत्र चौधरी चरण सिंह टिकैत ने कहा कि किसानों को अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर संघर्ष करना होगा, क्योंकि भाकियू हमेशा से किसानों की आवाज बनकर खड़ा रहा है। वहीं भाकियू नेता सचिन चौधरी ने चेताया कि जब तक किसान एकजुट नहीं होंगे, तब तक सरकार और प्रशासन उनकी समस्याओं को दरकिनार करते रहेंगे। पंचायत में किसानों ने बिजली विभाग से जुड़ी परेशानियां खुलकर रखीं। पंचायत की अध्यक्षता हासिम ने की जबकि संचालन सचिन चौधरी ने किया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष दीपांकर चौहान, आशुतोष प्रधान, प्रवेज प्रधान, नीटू त्यागी, आशू त्यागी, शिवा अहलावत, अंकुश प्रधान, मुज्मिल राणा, फुरकान मलिक, लियाकत प्रधान, नाजिम खान, विकास पाल, विमल प्रजापति, सोनू प्रजापति, समीर खान, अदनान, सादिक, इरशाद भूरा, आशू नावला, अफलातून त्यागी, मोहर्रम अली, फिरोज सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### दुर्गाष्टमी शोभायात्रा का किसान नेता ने किया शुभारम्भ

चरथावल। नगर में दुर्गाष्टमी पर युवा शक्ति संगठन के तत्वावधान में बैंडबाजों के साथ आकर्षक झांकियों के साथ कस्बे के विभिन्न मार्गो से भव्य शोभायात्रा निकाली गयी।वरिष्ठ समाजसेवी एवं किसान नेता अभिषेक बंसल ने फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया वही समाजसेवी सुनील दत्त त्यागी ने मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया।शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से निकाली गई। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य विपिन त्यागी,गौरव त्यागी,सुनील त्यागी,दीपक त्यागी,नीटू त्यागी,विपुल बिट्टू त्यागी,अशोक वाल्मीकि सिल्लू त्यागी,मोहित त्यागी,यशपाल पाल, वासु,विपुल गर्ग, अनुज गर्ग,श्रीराम गुप्ता,पंकज गर्ग,नन्द किशोर,अम्बरीष गर्ग,अर्थव, आदि का सहयोग रहा। वही किसान नेता अभिषेक के साथ अनेको लोगो की भीड़ रही।

# ताराचन्द वैदिक डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर।** ताराचंद वेदिक पुत्री डिग्री कॉलेज मुजफ्फरनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना व भारतीय भाषा साहित्य व कला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा ,सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हेल्पलाइन नंबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता चौधरी जी द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। बी. एड. विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ योगिता शर्मा जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को अपनी सुरक्षा के प्रति स्वयं ही सबसे ज्यादा जागरूक होने की आवश्यकता है,साथ ही महिलाओं एवं बच्चों में स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त प्रयासों पर जोर दिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रियंका त्यागी जी द्वारा छात्राओ को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर के विषय में जानकारी प्रदान की गई और कहा आओ मिलकर महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में उनके प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने के लिए काम करें।छात्राओं द्वारा मिशन शक्ति के तहत दुर्गा पूजा के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई,नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रियांशी, सलोनी ,अंशिका, खुशी, वंशिका ,नेहा, अनु व लक्ष्मी ने देवी के विभिन्न स्वरूपों के विषय में बताया छात्राओं ने गरबा, डांडिया के माध्यम से अपनी खुशी और उल्लास का इजहार किया ।महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर संगीता चौधरी जी ने छात्राओ की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत चल रहे



कार्यक्रमों की सफलता के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं व सभी छात्राओं से कहा कि यह मिशन महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान विभाग की प्रवक्ता यीशु शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कला विभाग की प्रवक्ता डॉक्टर बबीता शर्मा, संगीत प्रवक्ता शिवानी गुप्ता व डॉक्टर रितु गर्ग आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

# व्यापारी नेता राजेश संगल रामलीला मंच पर सम्मानित

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना में लगातार कई दिनों से रात्रि के समय चल रही श्री रामलीला के भव्य मंच पर बीती सोमवार की देर रात बतौर मुख्य अतिथि पधारे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बुढाना के तहसील अध्यक्ष राजेश संगल ने अपने अन्य कई पदाधिकारियों के साथ आरती कार्यक्रम में भाग लिया।

नवरात्रि पर रामलीला का मंचन जारी है। बीती रात सबसे पहले गणेश जी की आरती की गयी। उसके बाद दुर्गा मै"या, राम और लक्ष्मण व फिर बैठकर रामायण की आरती की गयी। इस दोरान यहां पर रामलीला कमैटी के आयोजकों ने मुख्य अतिथि राजेश संगल को रामलीला मंच पर आमंत्रित करते हुए सैंकड़ों श्रदालुओं की गरिमामयी उपस्थिति में श्री राम दरबार की बड़ी तस्वीर



भैंट करते हुए सम्मानित किया। यहां पर रामलीला को देखने के लिए रोजाना बड़ी संख्या में दर्शक पहुंच रहे हैं। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चौयरमेन विनोद सैनी, धर्मपाल गर्ग, रविंद्र कंसल, अमरीश बंसल, विकास गर्ग, राहुल संगल, चीनू सिंघल, संजय जांगिड़, अनुराग सिंघल, पंकज गोयल, सौरभ बंसल, संजय बंसल और सोमांश सिंघल आदि लोगों ने पूजा-आरती में बढ़ चढकर भाग लिया। मुख्य अतिथि राजेश संगल ने रामलीला आयोजकों का इस मौके पर आभार जताया।

# पीआर स्कूल में धूमधाम से मनाया दशहरा महोत्सव

**मुजफ्फरनगर।** पी.आर.पब्लिक स्कूल में दशहरा पर्व बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वन्दना से हुई। मुख्य अतिथि मीना सिंघल प्रधानाचार्य पी.आर.पब्लिक स्कूल गांधी कॉलोनी, स्कूल प्रधानाचार्य अनघ सिंघल , स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई ।बच्चों ने रामलीला का मंचन किया, जिसमें बच्चे भगवान श्रीराम,माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान, रावण आदि की वेषभूषा में पहुंचे रामलीला का संक्षिप्त रूप अपने अभिनय द्वारा मंचन किया। श्री राम के जन्म से लेकर रावण वध तक सभी प्रसंगों की सुंदर प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया । रावण के पुतले का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधक अशोक सिंघल ने सभी को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन का उद्देश्य छात्रों को उनकी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना और उन्हें अपने कौशल और रचनात्मकता का प्रदर्शन करने के अवसर प्रदान करना है।प्रधानाचार्य अनघ सिंघल ने बच्चों को पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शो पर चलने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को बताया - दशहरा हमें सिखाता है कि सही काम करना हमेशा सबसे पहले आना चाहिए, चाहे वह कितना भी मुश्किल क्यों न हो। भगवान राम ने सत्य और न्याय की रक्षा के लिए शक्तिशाली राक्षस राजा रावण से युद्ध किया था। आप सही के लिए खड़े होना सीख सकते हैं, भले ही



इसके लिए उन्हें चुनौतियों का सामना करना पड़े, चाहे वह किसी दोस्त के लिए आवाज़ उठाना हो या कोई ईमानदार फैसला लेना हो।आज के इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने में प्रवीण कुमार, दिव्या शर्मा, शंकर शर्मा, शिखा ठाकुर, प्रज्ञा सिंधी, राखी पाल, दीपक मलिक, निशु चौधरी, अनुपम सैनी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# रामलीला में दिखाया गया लंका दहन, पत्रकारों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** श्री रामलीला समिति के बैनर तले सोमवार को रामलीला भवन में प्रोजेक्टर पर चल रही रामलीला में लंका दहन का चित्रण दिखाया गया।

जिसे देखकर उपस्थित दर्शक भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर समिति द्वारा सभी मीडिया सेंटर मीरापुर के सभी पत्रकारों को पटका व सम्मान प्रतीक भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बाद काली माता की आरती संपन्न हुई और प्रसाद वितरण की व्यवस्था अमित मित्तल द्वारा की गई।

आयोजन को सफल बनाने में रोहित माहेश्वरी, दीपक गोयल, अनिरुद्ध गोयल, सचिन, देवेंद्र, रविंद्र, सुभाष, मिंटू चौधरी, सुभाष चौधरी, रविंद्र चौधरी, राजपाल भैया जी, वरदान गोयल, गौरव भटनागर, मनोज मिश्रा, विवेक वर्मा, दीपचंद प्रजापति, दर्शन लाल सहित कई लोगों का विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा मोि. हत गुप्ता, कुटकुट गोयल, रमन गंगपुरी और अंकित पाल ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम ने सामाजिक और धार्मिक समन्वय का सुंदर संदेश दिया।

# सभी का श्रीराम के आदर्शों पर चलना चाहिए : सुरेन्द्र

**मुजफ्फरनगर।** श्री रामलीला भवन नई मंडी में 99वॉ श्री रामलीला महोत्सव मे श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरविंद मित्तल डायरेक्टर मित्तल कंटेनर, राजेश गोयल(किरण सिटी) एवं सुरेंद्र अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष अग्रवाल सम्मेलन द्वारा प्रभु श्री राम की आरती व दीप प्रज्वलित कर किया गया कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल मंत्री अशोक गर्ग कोषाध्यक्ष आदित्य भरतिया ने अपनी पूरी कमेटी के साथ अतिथियों का पटके पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि सुरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के आदर्शों पर चलना चाहिए रामलीलाओं के माध्यम से बच्चों में संस्कार आते हैं इसलिए अपने बच्चों को जरूर रामल. ीला दिखाएं तत्पश्चात मथुरा से आई श्री गिरिराज लीला संस्थान के कलाक. ारों द्वारा सूर्पनखा के नाक कान भंग व सीता हरण की लीला का भव्य मंचन किया गया जिसमे सूर्पनखा प्रभु श्री राम



वे लक्ष्मण जी के पास जाती है तथा उनसे विवाह करने की इच्छा व्यक्त करती है प्रभु श्री राम व लक्ष्मण जी के विवाह न करने से मना करने पर सूर्पनखा अपने राक्षसी रूप में आकर माता सीता पर हमला करने की कोशिश करती है यह देखकर लक्ष्मण जी क्रोधित होकर राक्षसी सूर्पनखा की नाक काट देते हैं इसके बाद वन में माता सीता स्वर्ण मृग को देखकर मोहित हो जाती है तथा प्रभु श्री राम को स्वर्ण मृग को लाने को लिए कहती है प्रभु श्री राम माता सीता के कहने पर स्वर्ण मृग के पीछे चले जाते हैं तभी रावण साधु के वेश में माता सीता का हरण कर लेता है, इस अवसर पर कैलाश चंद ज्ञानी, बृज गोपाल छारिया, राजीव अग्रवाल, उपेंद्र मित्तल, विदित गुप्ता, संजय जिंदल काका, विनोद संगल, अभिषेक कुच्छल, विवेक बंसल, अचिन सागर, कुलदीप शर्मा डॉ प्रदीप जैन, शरद गोयल, विनय अग्रवाल, राजेश गोयल, रवि गोयल, आदि उपस्थित रहे।

## दुर्गा मंदिर दुर्गापुरी में 137 वां विशाल जागरण

**खतौली।** सिद्ध पीठ श्री दुर्गा मंदिर, दुर्गापुरी में मां भगवती का 137वां विशाल जागरण बड़े धूमधाम और श्रद्धाभाव से आयोजित किया गया। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल रहा।जागरण में भजन गायक पंडित मोहित शुक्ला व भानु सेठी द्धजगाधरीऋ ने मां भगवती के भजनों की प्रस्तुतियों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। देर रात तक चले कार्यक्रम में श्रद्धालु मां के भजनों पर झूमते रहे। जागरण की पूजा एवं ज्योति प्रचंड का आयोजन व्यापारी नेता रवि ग्रोवर की ओर से कराया गया। पूजा-अर्चना पंडित सूर्यकांत शास्त्री ने संपन्न कराई। कार्यक्रम को सफल बनाने में तेजेंद्र मोहन भाटिया, धीरज सूरी, राजीव ग्रा. ेवर, राजेंद्र लोहिया, हरीश भसीन, दिनेश सूरी, जुगल किशोर गोगिया, कुशांक ग्रोवर, रमित खरबंदा, रिंकू सलूजा, विपिन कोहली, संजय लोहिया, नरेश गुंबर, प्रवीण ठकराल, मुकेश कुमार टोनी, राजेंद्र तनेजा, गौरी शंकर गौरी, हनी ग्रोवर, मनीष सहगल, करण सूरी, राजपाल नारंग, अमरनाथ फुटेला, रमेश तनेजा, मदन छाबड़ा, मुकेश चंदेल, अनिल पुंडीर, दीपक कुमार, ओम प्रकाश, सरदार सतनाम सिंह, सौरभ सेठी सहित अनेक भक्तों का विशेष योगदान रहा।

# सईद मुर्तजा की पुण्य तिथि पर हुए कई कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** कस्बे में सैय्यद सईद मुर्तजा ट्रस्ट मेमोरियल के तत्वावधान में पूर्व सांसद मरहूम सैय्यद सईद मुर्तजा की पुण्य तिथि के मौके पर उनकी याद में स्थानीय पी बी जनता जूनियर हाई स्कूल, व एस एम डिग्री कॉलेज मे विभिन्न कार्यकर्मो का आयोजन किया गया। प्रात: जहां कार्यक्रम की शुरुआत एसएम डिग्री कॉलेज में कुरान ख्वानी से हुई वही उसके पश्चात पी बी जनता जूनियर हाई स्कूल में वृक्षारोपण तथा अन्य स्कूलों से आए हुए छात्र-छात्राओं का निबंध प्रतियोगिता का आयोजन के कार्यक्रम के उपरांत एसएम डिग्री कॉलेज में एक विशाल चिकित्सा शि. विर का आयोजन किया गया। जिसमें अलग-अलग चिकित्सा विशेषज्ञों डॉ असलम, डॉ सैयद हसन, डॉ जुनैद अंसारी ,डॉ अबरार इलाही, डॉ असजद जमील ,डॉ इकबाल जिया, डॉ शोएब, द्वारा सैकड़ो मरीजों को निशुल्क जांच एवं दवाई का वितरण किया गया। शि. विर में काफी संख्या में पहुंचे मरीजों ने नि:शुल्क कैंप का लाभ उठाकर कार्यक्रम की सराहना की इसका फायदा गरीब लोगों को मिला वही इस मौके पर एसएम डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद एवं पूर्व गृह राज्य मंत्री सईदुजजमा , आनन्द प्रकाश त्यागी,सपा नेता सागर कश्यप,वरिष्ठ अधिवक्ता बार संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष नसीर हैदर एडवोकेट, बार संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट, कॉलेज के अध्यक्ष




शाहनवाज कुरैशी कॉलेज के सचिव सलमान सईद आदि मुख्य वक्ताओं द्वारा जहां कार्यक्रम को संबोधित किया गया ।वहीं इस मौके पर सरताज फरीदी मास्टर जुल्फाम असगर कुरैशी ,अब्दुल सलाम, हैदर खान, मो अकरम, पी बी जनता जूनियर हाई स्कूल एसएम डिग्री कॉलेज के समस्त स्टाफ सहित विभिन्न स्कूलों से आए अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।?

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ओवरटेक के चक्कर में दो बाइक भिड़ीं, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के कंडेला पुलिस चौकी के निकट डीसीएम को ओवरटेक करने के प्रयास में दो बाईकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने दोनों को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पुलिस ने कैराना निवासी कैफ को मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना किसी कानूनी कार्यवाही के शव को अपने साथ ले गए।



सोमवार देर रात्रि कैराना क्षेत्र के मोहल्ला बेगमपुर गौशाला रोड निवासी 19 वर्षीय कैफ पुत्र इदरीश अपनी बाइक पर सवार होकर शामली दवा लेने के लिए आ रहा था। बताया जाता है कि जब वह शामली के कंडेला पुलिस चौकी के निकट पहुंचा तो इसी दौरान कैफ डीसीएम के पीछे चल रहा था तभी ओवरटेक करने के प्रयास में सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार 35 वर्षीय वाकिब पुत्र इदरीश निवासी बढी माजरा थाना गंगोह के साथ बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों बाइको के परखच्चे उड़ गए और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करते हुए परिजनों को मामले की सूचना दी। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने कैफ को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल वाकिब को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। सूचना पर मृतक कैफ के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। जिसे परिजनों में को. हराम मच गया। परिजन बिना किसी कानूनी कार्यवाही के शव को अपने साथ ले गए हैं।

## ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** अज्ञात ट्रक चालक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया, जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक युवक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की शिनाख्त शोएब पुत्र बाखिर रूप में हुई है। मंगलवार की देर सांय झिंझाना-भूरा मार पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक अज्ञात ट्रक चालक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक के शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया,जिसका नाम शोएब पुत्र बखीर निवासी गाँव मंसूरा बताया गया है ,जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई उपरांत शव को पीएम के लिए भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ट्रक काफी तेजगति से था। इस दौरान चालक ने अचानक संतुलन खो दिया, जिससे यह हादसा हुआ। ट्रक चालक ट्रक सहित तेजगति से मौके से फरार हो गया है। कृतक कजलक अविवाहित था और पड़ोसी की बाइक लेकर कैराना किसी कार्य से आया हुआ था।पुलिस अज्ञात ट्रक चालक की तलाश जुट गई है।



मृतक का फाइल फोटो





## राजकीय महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** राजकीय महाविद्यालय में दुर्गा अष्टमी, नवमी, दशहरा एवं गांधी जयंती के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी निशांत कुमार सैनी ने की। संचालन महाविद्यालय की शिक्षिका ज्योति सिंह एवं रितु ने किया। प्रतियोगिता में विजई प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक योगेश कुमार, सुधीर कुमार, देवांश भोरवाल, कार्यालय स्टाफ नमन वर्मा, ललित सैनी, सविता, मनोज तथा सुरक्षा कर्मी अंकित शर्मा और सतनाम आदि मौजूद रहे।

## जिजौला-चौसाना मार्ग पर किन्नर पर हमला, जान से मारने की धमकी

**चौसाना।** कस्बे की एक किन्नर महिला पर कुछ लोगों ने हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाईं और जान से मारने की धमकी दी। यह घटना 28 सितंबर की शाम करीब छह बजे जिजौला और चौसाना के बीच उस समय हुई, जब पीड़िता बधाई मांगकर अपने घर लौट रही थी। रास्ते में अचानक हमलावरों ने उसका रास्ता रोक लिया। चौसाना निवासी पीड़िता सोनिया ने बताया कि गाड़ी से बाहर खींचने के बाद हमलावरों ने पहले गाली-गलौज की और कहा कि मुकदमे की पैरवी करना सिखाएंगे। जब उसने विरोध किया तो लाठी-डंडों, लात-घूंसों से हमला बोल दिया। पीड़िता को गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर मौजूद ड्राइवर और अन्य राहगीरों ने किसी तरह बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। हमलावर जाते-जाते यह धमकी देकर गए कि अगर अगली बार अदालत में मुकदमे की पैरवी करने गई तो जान से मार देंगे। इस धमकी से डरी सहमी पीड़िता उस समय पुलिस चौकी में तहरीर देने नहीं पहुंच सकी। दो दिन बाद हिम्मत जुटाकर पीड़िता ने चौकी चौसाना पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दी और आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। चौकी प्रभारी चौसाना खूब सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर मिल चुकी है। उसे मेडिकल के लिए भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दहेज हत्या के मामले में एक अभियुक्ता गिरफ्तार

**शामली।** 16 सितम्बर को आदर्शमण्डी में दहेज हत्या की घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने मामले में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मंगलवार को महिलाओं के विरुद्ध अपराध की रोकथाम एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना आदर्शमंडी पुलिस ने वांछित अभियुक्ता मुकेश पत्नी जयपाल निवासी ग्राम टिटौली को गिरफ्तार किया।

## मुख्य आरक्षी ने युवक की बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार देर रात शहर के विजय चौक पर ड्यूटी के दौरान मुख्य आरक्षी सचिन कुमार ने तत्परता दिखाते हुए एक युवक की जान बचाई। देर रात वह अपनी डड्रटी पर मुस्तैदी से तैनात थे। इसी दौरान बाइक सवार युवक अचानक गिर गया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट लग गई। मुख्य आरक्षी ने तत्काल मौके पर पहुंचकर एक आमजन की मदद से घायल युवक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। रास्ते में पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम अनमोल पुत्र मनोज निवासी गली नंबर-2, दयानंद नगर शामली बताया। मुख्य आरक्षी ने तुरंत उसके परिजनों को सूचना दी। कुछ ही समय में परिवारजन भी जिला चिकित्सालय पहुंच गए। त्वरित कार्रवाई से घायल युवक का जीवन बच गया। इलाज के बाद युवक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।



## डंपर ने मचाई तबाही, 11 खंभे तोड़े, आपूर्ति ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** देर रात्रि मोहल्ला रेतावाला में मिट्टी से भरे एक ओवरलोडेड डंपर ने सड़क किनारे लगे 11 विद्युत पोलों को एक के बाद एक टक्कर मारकर तोड़ दिया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई जनहानि नही हुई। घटना के बाद पूरे मोहल्ले की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई,जिसके चलते मोहल्लावासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सोमवार की देर रात्रि मुगल गार्डन के सामने काटी गई एक अवैध कॉलोनी का मिट्टी भराव कार्य चल रहा था, जैसे ही डंपर चालक मिट्टी लेकर कॉलोनी में पहुंचा तो उसने प्रेशर से डंपर को उठा दिया,जो विद्युत लाइन से टकरा गया। बताया जाता है कि डंपर चालक इतनी रफ्तार से था कि उसने किसी की भी नहीं सुनी और एक के बाद एक 11विद्युत पोल टूटते चले गए और तार जमीन पर बिखर गए। घटना को अंजाम देकर डंपर चालक मौके से फरार हो गया।गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जानमाल की हानि नहीं हुई, लेकिन अगर यह घटना व्यस्त समय में होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था।घटना के बाद मोहल्ला रेतेवाला की बिजली पूरी तरह बाधित हो गई है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी रोष देखने को मिला। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर ओवरलोड वाहनों की आवाजाही आम बात है, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाती।मोहल्लावासियों ने मांग की है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए यातायात नियमों के विरुद्ध चलाए जा रहे ओवरलोड डंपर चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



**इन्होंने कहा**

एक डंपर चालक द्वारा लाप. रवाही के कारण लगभग एक दर्जन पोलों को तोड़ा गया है,जिसकी भरपाई उन्ही लोगों से कराई जा रही है।मौके पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है,जल्द ही विद्युत आपूर्ति सुचारू हो जाएगी।

**अजय शर्मा**
**अवर अभियंता कैराना**



## नवरात्र अष्टमी पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, मंदिरों में गूंजे जय माता दी के जयकारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नवरात्र महोत्सव की अष्टमी तिथि पर मंगलवार को नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों की संख्या में श्रद्धालु नर-नारी लंबे समय तक कतारों में खड़े होकर माता रानी के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाते रहे। पूरा वातावरण जय माता दी के उद्घोष, दुर्गा स्तोत्र, दुर्गा चालीसा और माता की आरती से भक्तिमय बना रहा।भूगर्भ से अवतरित देवी भवन, हलवाई अट्टा मंदिर, मदिर कचोरी नाथ मंदिर, शाकुंभरी देवी भवन, मराठा मालिन मंदिर जस्सुवाला और नौ दुर्गे मां मंदिर में प्रात: पांच बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी लाइनें लगनी शुरू हो गई थीं। श्रद्धालु दो से तीन घंटे तक कतार में खड़े रहकर माता रानी के दर्शन कर प्रसाद अर्पित करते रहे।

इसी प्रकार बाला जी धाम मंदिर, ठाकुरद्वारा दयाल आश्रम, पचतीर्थी आश्रम, शिव मंदिर, अग्रवाल कालोनी, मौहल्ला मुजावरान, राजोकी मोरी, कम्भोयान, घंटोवाला मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। दोपहर बाद बाला जी धाम मंदिर में आयोजित भजन संध्या में महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। पूरे नगर में दिनभर धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

## चौ. अतर सिंह डिग्री कॉलेज में सफाई अभियान व विचार गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सेवा पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार को चौ। अतर सिंह डिग्री कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ। नीरज सैनी के निर्देशन में कॉलेज परिसर व समीपवर्ती सड़क की सफाई की गई। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए हस्वच्छ भारत, स्वस्थ भारतह का संदेश दिया गया।

स्वच्छता अभियान के उपरांत महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ। नीरज सैनी ने गांधीजी व शास्त्रीजी के जीवन से जुड़े अनेक प्रेरक प्रसंग साझा किए। उन्होंने छात्रों से आ]वान किया कि वे उनके विचारों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में आदर्श चरित्र का निर्माण करें।इस अवसर पर प्रवक्ता सुधीर कुमार व संदीप कुमार ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ से आशीष कल्याणी, समरीन, आशु पुंडीर, सचिन गुप्ता, दिनेश पुंडीर सहित छात्र-छात्राएं राजा, विकास, जिशान, रोहन, मो. निका, दिया व साईमा मौजूद रहे।




### जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा कस्बा बनत में जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कैंची बरामद कर गई। गत 29 सितंबर को हर्ष पुत्र मुकेश निवासी मौहल्ला प्रेमनगर बनत कस्बे में ही स्थित अपनी दुकान पर बैठा था। आरोप है कि तभी आरिश चौधरी उर्फ आर्ची पुत्र नसीम निवासी मौहल्ला प्रेमनगर द्वारा कैंची से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। घायल ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। मंगलवार को पुलिस ने फरार अभियुक्त आरिश चौधरी उर्फ आर्ची को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## रामलीला में हो रहा सुंदर लीलाओं का मंचन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर आयोजित 56वे रामलीला महोत्सव में कल रात्रि की लीला मे विभीषण शरणागति, सेतु पार करना, अंगद-रावण संवाद लीला का सुन्दर मंचन किया गया।

लीला के प्रथम .श्य में विभीषण अपने भाई रावण को धर्म की नीति समझा रहा है। परंतु उसको धर्म की नीति नहीं समझ आती तथा रावण विभीषण को लात मार कर लंका से बाहर निकाल देता है। विभीषण भगवान राम की शरण में चला जाता है। इसके बाद विचार किया जाता है कि समुद्र कैसे पार हो। विभीषण बताते हैं आपके दल में नल और नील नाम के दो वानर हैं। इनको वरदान है कि जो यह समुद्र में डालेंगे वह डूबेगा नहीं। इस प्रकार राम का नाम लेकर नल और नील पुल का निर्माण कराते हैं। और पुल पार करके लंका में प्रवेश होता है। जहां पर राम सोच रहे हैं एक बार रावण को और मौका देना चाहिए। वह विचार करते हैं इस बार अंगद को दूत बनाकर रावण के पास भेजना चाहिए। इस प्रकार अंगद रावण के दरबार में जाता है। और रावण को धर्म व नीति बताता है और कहता है कि रावण अभी तू मान जा अहंकार छोड़कर राम की शरण में चला जा सीता माता को लेकर अपनी गलती की क्षमा मांगना। इस प्रकार अंगद रावण संवाद होता है और अंत में वह अपना पैर धरती पर जमा देता है और कहता है कि दरबार में जितने आपके योद्धा बैठे हुए हैं जो मेरे पैर को धरती से हिला देगा तो मै माता सीता को हार जाऊंगा। इस प्रकार सभी योद्धा पैर उठाने की कोशिश करते हैं परंतु कोई भी हिला नहीं पाता तथा अंत में रावण उठता है और जैसे ही पैर पकड़ना चाहता है अंगद अपना पैर हटा लेता है और कहता है अगर चरण रज लेनी है तो भगवान राम के चरणों में चला जा इसमें ही तुम्हारा कल्याण है और अंगद युद्ध की घोषणा कर के वापिस चला आता है।

## एक नजर

### टीबी मरीजों को पोषक आहार वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** भारत सरकार के क्षय रोगियों हेतु पोषण आहार वितरण उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वयंसेवी संस्था अफकार इंडिया फाउंडेशन की ओर से टीबी रोगियों को पोषक आहार की किट वितरित की गई।संस्था के निदेशक अकरम अख्तर के नेतृत्व में कुल 25 पंजीकृत टीबी मरीजों को पांच किलो की एक-एक किट दी गई। इस अवसर पर निदेशक अकरम अख्तर ने रोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि टीबी से डरने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि नियमित रूप से दवा लेना, समय पर भोजन करना और नशे से दूरी बनाए रखना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या हो तो तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से परामर्श लेना चाहिए। कार्यक्रम में राहुल कुमार, यासमीन, बिलाल अहमद, रूपक कुमार, आयशा सहित डॉक्टरों की टीम मौजूद रही।

### हेल्पलाइन के प्रति किया जागरूक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई की छात्राओं ने आपने आस पड़ौस में दीवारों पर विभिन्न हेल्पलाइन नंबर लिखकर नागरिकों को जागरूक किया। विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कैराना की एनएसएस स्वयंसेवी मुस्कान को पुलिस कोतवाली कैराना द्वारा एक दिन का कोतवाली प्रभारी बनाया गया। जिसके बाद मुस्कान ने मंगलवार को अपने घर और आसपास की दीवारों मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत पेटिंग बनाई, जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए विभिन्न हेल्पलाईन नंबरों 1090, 181, 1076, 112, 1098, 102, 108 आदि के प्रति जागरूक किया।

### 2 अक्टूबर पर बालक/बालिक क्रॉस कन्ट्री प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला खेल कार्यालय, शामली के तत्वाधान में 2 अक्टूबर गांधी जयन्ती के उपलक्ष्य पर क्रांस कन्ट्री दौड महिला पुरुष ओपन वर्ग में शहीद उधम सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम के खेल मैदान पर प्रात: 9 आयोजित होगी। यह जानकारी देते हुए अश्वनी कुमार त्यागी उप क्रीड़ाधिकारी शामली ने अवगत कराया कि इस दौड में भाग लेने के लिए जनपद शामली के खिलाडी अपने आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ प्रतिभाग कर सकते है। विजेता खिलाडियों को जिला खेल विभाग द्वारा आकर्षक पुरूस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। दौड़ में प्रतिभाग करने वाले खिलाडी खेलों इण्डिया एथलेटिक्स प्रशिक्षक भूपेन्द्र देव से सम्पर्क करके प्रतियोगिता में अपना नाम दर्ज करा सकते है।

### उपले पाथने गई किशोरी के साथ छेड़छाड़ में अभियोग दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में उपले पाथने के लिए गई एक किशोरी के साथ पड़ोसी युवक ने छेड़छाड़ की हरकत कर दी। शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने विगत तीन दिन पूर्व क्षेत्राधिकारी कैराना को शिकायती पत्र देकर बताया कि सुबह सवेरे उसकी 15 वर्षीय पुत्री गांव से बाहर अपने खेत पर उपले पाथने के लिए गई हुई थी। पीड़ित का आरोप है कि तभी उनके पड़ोस का युवक छोटन किशोरी के पास पहुंचा और छेड़खानी करते हुए बुरी नीयत से दबोच लिया। जब किशोरी ने शोर मचाया तो आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने क्षेत्राधिकारी निर्देश पर आरोपी के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया है जल्दी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### छात्रा बनी एक दिन की चिकित्साधीक्षक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** जिलाधिकारी शामली एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला पर मिशन शक्ति 5.0 एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत कक्षा 11 की छात्रा कुमारी अविका जावला को एक दिन का चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया, जिन्होंने पदभार संभालते ही पंजिका का अवलोकन किया और इसके बाद टीबी के मरीजों को पोषण पोटली वितरित की, वहीं कार्यक्रम के उपरांत एक जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया जिसमें महिलाओं और किशो. रियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ। वीरेंद्र कुमार, डॉ। अमरीश, एसआई देवेंद्र सिंह, बीपीएम तोहिद, एचएस पवन जैन, एचएस राजकुमार, महिला हेड कांस्टेबल श्वेता, नीलम जावला समेत सभी एएनएम व आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वीवी कॉलेज शामली में छात्र समस्या निवारण दिवस आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर द्वारा गत माह की भांति मंगलवार को भी वीवी पीजी कालेज में छात्र समस्या निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव द्धपरीक्षाऋ रमेश कुमार ने छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लिखित रूप में प्राप्त किया और आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर कर दिया जाएगा। कार्यक्रम में राजकीय महिला महाविद्यालय कांधला की 10 छात्राओं ने प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया, जिसमें उन्हें आंतरिक परीक्षाओं में अनुपस्थित दर्शाए जाने की शिकायत दर्ज की। इसके अलावा राष्ट्रीय किसान डिग्री कॉलेज शामली के एमएससी कृषि के छात्रों तथा वीवी पीजी कॉलेज की छात्राओं ने भी अपने-अपने प्रार्थनापत्र सौंपे। कुल 15 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए। इस अवसर पर कॉलेज के डीन डॉ। भूपेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि छात्र-छात्राओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

# सर्वोच्च रैंकिंग के लिए प्रयास करें: अटल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त अटल कुमार ने कहा कि सभी विभाग सीएम डैशबोर्ड में सर्वोच्च रैंकिंग के लिए प्रयास करें। उन्होने कहा कि सभी विभाग विकास कार्यों में प्राप्त रैकिंग को उच्चतम श्रेणी में लाएं।

मंडलायुक्त श्री राय सर्किट हाउस सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा, कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों, चकबन्दी कार्यों एवं वादों की प्रगति की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने ए रैंक वाले अपनी रैकिंग यथावत बनाए रखने हेतु कोशिश करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करें एवं शासन के निर्देशों एवं उच्च प्राथमिकता वालें बिन्दुओं पर गंभीरता से कार्य करें। सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि ई ऑफिस का निरंतर संचालन हो। फॉर्मर आई डी बनाने के कार्य में तेजी लाएं एवं कम प्रगति वाले गांवों में कैंप लगाएं। जल जीवन मिशन, फैमिली आईडी, पंचायती राज, पर्यटन विभाग, माध्यमिक शिक्षा, ग्रामीण स्टेडियम, सेतु निर्माण, नई सड़कों के निर्माण, स्किल्ड डवलपमेंट, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की रैंकिंग मण्डल में बेहतर की जाए। इस संबंध में निरंतर समीक्षा करने, कार्यों का फालोअप करने, रैकिंग गिराने वाले कारणों को देखने तथा सुधार करने के निर्देश दिए। पंचायती राज विभाग के संबंध में उन्होने निर्देश दिए कि अवशेष धनराशि से क्रिएटिव एक्टिविटीज एवं वॉल पेंटिंग करवाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें। पर्यटन विभाग को समयबद्धता के साथ कार्यों को पूर्ण करने के लिए कहा। अभिभावक अध्यापक बैठक में मिशन शक्ति के तहत माताओं को भी बुलाया जाए। रैंकिंग में सुधार लाने के हर संभव सकारात्मक प्रयास करने चाहिए। युवा मंगल दल को निर्देश दिए कि मिशन शक्ति अभियान के तहत ब्लॉक एवं जनपद स्तर पर महिलाओं के खेल कार्यक्रम एवं पीआरडी महिलाओं का विशेष प्रशिक्षण कराया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सहारनपुर सुमित राजेश महाजन, मुख्य विकास अधिकारी शामली विनय तिवारी, अपर आयुक्त प्रशासन रमेश यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहारनपुर सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मुजफ्फरनगर गजेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शामली सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक परमानंद झा, डीएफओ शुभम सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त दुष्यंत कुमार सिंह, उप निदेशक पंचायत हरिकेश बहादुर, डीआईजी स्टाम्प अखिलेश दुबे, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, जल निगम, चिकित्सा सहित संबंधित विभागों के मण्डल एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कानून व्यवस्था में न हो लापरवाही: अभिषेक

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त अटल कुमार राय ने कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। इसमें पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह सहित तीनों जनपदों के जिला मजिस्ट्रेट एवं एसएसपी वर्चुअल माध्यम से जुडे। मंडलायुक्त ने कहा कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था बनाए रखने में कोई लाप. रवाही न हो। उन्होंने ईको फ्रैण्डली पटाखों के इस्तेमाल में बढ़ावा देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पटाखों की दुकानें निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार की लगाई जाएं। इसके अतिरिक्त शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए समितियों के माध्यम से संवाद बनाकर रखा जाए। डीआईजी ने अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति बनाए रखने के लिए सभी एसएसपी को कहा।

# जीएसटी घटने से होगा फायदा: चौ. किरत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** विधायक किरत चौधरी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने व्यापारियों को बताया घटी जीएसटी का लाभ समझाया विधायक किरत चौधरी ने कहा कि घटी जीएसटी से देश भर के आमजन को फायदा होगा

मंगलवार को भाजपा नेता रोबिन जैन व मंडल अध्यक्ष मनोज राणा के नेतृत्व में भाजपाइयों ने विधायक किरत चौधरी का स्वागत किया गया। विधायक किरत चौधरी ने बाजार में भ्रमण कर घटी जीएसटी के बारे में व्यापारियों से संवाद किया नगर के मैन बाजार में व्यापारियों ने विधायक किरत चौधरी का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। विधायक किरत चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार ने जीएसटी घटाकर पूरे देश को लाभ पहुंचाया है। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख कृष्ण पुंडीर, मिल के अध्यक्ष रविंद्र पुंडीर, मंडल उपाध्यक्ष रोबिन जैन, जिला उपाध्यक्ष खुशेराम कश्यप, जिला उपाध्यक्ष सतपाल जी, सुधीर राणा, सुरेश रोड, टिंकू सैनी, पीयूष अरोड़ा, ओम चावला, भूषण लाल गर्ग, जिनेंद्र प्रसाद जैन उर्फ काकू, अनिल जैन, मनोज जैन बरतन वाले, योगेश चंद गुप्ता, हरीश चावला जी, व्यापार मंडल अध्यक्ष दर्शन लाल अरोड़ा, सतीश पुनियानी जी, अमर चावला जी, मनोज जैन सराफ, वीरेंद्र शर्मा जी, योगेश सिंह, टिंकू सैनी, अमित रोड, रोहित हुड्डा, जगबीर फौजी, पंकज रोड, नितिन चौधरी, दीपक शर्मा, मोहन राणा, हैप्पी नारंग, हिमांशु गर्ग, दिव्य जैन, सुरेंद्र वर्मा, राजकुमार कालड़ा जी आदि गणमान्य व्यापारी लोग रहे।

# बस से उतरते समय महिला की कुचलने से मौत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** रोडवेज बस से उतरते समय गिरने से महिला की कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई जैसे ही महिला कि मौत कि खबर गांव पहुंची तो परि. जनों में कोहराम मच गया पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पीएम पर भेजने कि तैयारी में जुट गई।

नानौता दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर ग्राम चोरा में बस से उतरते समय चोरा निवासी विजेता पत्नी अमरीश कि फिसलकर गिरने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई महिला कि मौत से मौके पर राहगीरों कि भीड़ लग गई जानकारी के अनुसार महिला कि मौत तुरंत बाद भीड़ का फायदा उठाते हुए रोड़वेज चालक मौके से फरार हो गया महिला कि मौत कि खबर जैसे ही गांव में पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया और घटनास्थल पर दौड़ पड़े थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे खबर लिखे जाने तक पुलिस शव का पंचनामा भरकर पीएम पर भेजने कि तैयारी कर रही थी।

# दबंग व ईमानदार थानेदार रहे प्रेमवीर राणा पर मुकदमा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एक अरसे तक जनपद के विभिन्न थानो में तैनात रहे कैराना कोतवाली के तत्कालीन प्रभारी प्रेमवीर सिंह राणा के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। शिकायत पर शासन ने सतर्कता अष्ठिा, मेरठ सेक्टर को जांच सौंपी।

गौरतलब है कि प्रेमवीर सिंह राणा जनपद में कई थानों में तैनात रहे है वह जिले में उस समय चर्चा में आये जब समाजवादी सरकार बनने के बाद उन्हे थाना कुतुबशेर की कमान सौंपी गयी और समाजवादी पार्टी के एक नेता की पिटाई मामले में उन पर कोई कार्यवाही नही हुई। हालांकि बाद में मामले को शांत करा दिया गया था, लेकिन इस घटना के बाद प्रेमवीर सिंह राणा के गिनती दबंग थानेदारों में गिनी जाने लगी थी। अब आय से 2,92,06,045 रुपये अधिक की संपत्तियां तत्कालीन कैराना कोतवाल द्वारा अर्जित की गई। इस पर सर्तकता अधिष्ठान के प्रभारी निरीक्षक ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा-13 (1) बी के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। थाना सतर्कता अधिष्ठान, मेरठ सेक्टर पर प्रभारी निरीक्षक कृष्णवीर सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया है। शासन के सतर्कता अनुभाग-3 ने आठ दिसंबर 2020 को कैराना के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक प्रेमवीर सिंह राणा के खिलाफ खुली जांच के आदेश दिए। सतर्कता अधिष्ठान मेरठ सेक्टर ने 21 फरवरी 2024 को शासन को जांच आख्या भेज दी। जांच में जनपद बागपत के ग्राम निरपुड़ा निवासी प्रेमवीर सिंह राणा की कैराना के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक प्रेमवीर सिंह द्वारा लोकसेवक के रूप में कार्यरत रहते हुए जांच के लिए निर्धारित की गई अवधि में अपनी आय के समस्त ज्ञात व वैध स्रोतों से 1,65,36,556 रुपये की आय अर्जित की। इस अवधि में प्रेमवीर सिह राणा द्वारा परिसंपत्तियों के अर्जन व भरण पोषण पर 4,57,42,602 रुपये व्यय किया गया। जो ज्ञात व वैध स्रोतों से अर्जित की गई अपनी आय से 2,92,06,045 रुपे अधिक व्यय किया गया। ज्ञात व वैध स्रोतों से 2 करोड़, 92 लाख, 6 हजार, 45 रुपये की आय के शासन के आदेश पर सतर्कता अधिष्ठान मेरठ ने की खुली जांच कैराना में तैनाती के दौरान ही आय से 2.92 करोड़ अधिक की आय बारे में प्रेमवीर सिंह राणा से सतर्कता अधिष्ठान ने स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन उनके द्वारा कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके चलते प्रथम दृष्ट्या प्रेमवीर सिंह राणा को प्रथम दृष्ट्या आय से अधिक परिसम्पत्ति अर्जित करने का दोषी पाया गया। कैराना कोतवाली के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक प्रेमवीर सिंह राणा को जांच में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित) भ्रष्टाचार निवारा अधिनियम 2018 की धारा-13 (1) वी के अंतर्गत अपराधिक दुराचार और उक्त अधिनियम की धारा-13 (2) के अंतर्गत दंडनीय संज्ञेय अपराध है। शासन ने 18 अगस्त 2025 को मुकदमा दर्ज कर वृहद जांच के आदेश दिए गए। प्रेमवीर सिंह राणा अगस्त 2020 से जनवरी 2022 के मध्य तक करीब 18 माह कैराना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रहे। वर्ष 2007 में उनको उत्कृष्ट सम्मान चिह्न तथा 2016 में राष्ट्रपति द्वारा वीरता पुरस्कार से नवाजा गया। इसके बाद 15 अगस्त 2019 को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा बेस्ट इंवेस्टीगेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा डीजीपी ने भी उनको उत्कृष्ट सेवा के लिए पुरस्कृत किा था। कैराना से प्रेमवीर सिंह राणा के मोह का पता इसी से चलता है कि 31 दिसंबर 2024 को रिटायरमेंट के बाद वे कैराना पहुंचें। कैराना में भी उनका जोरदार स्वागत किया गया। उस समय चर्चा थी कि उनके द्वारा जबरन कुछ लोगों से अपना स्वागत कराया था।

# अध्यापक व अभिभावकों की बैठक आयोजित



**सहारनपुर।** जनपद के समस्त 1438 विद्यालयों में एक साथ अध्यापक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 62,223 अभिभावकों द्वारा प्रतिभा किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में उक्त अध्यापक द्वारा प्रत्येक छात्र के सत्र परीक्षा मैं परीक्षा फल की जानकारी अभिभावकों को दी गई सत प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया एवं कम उपस्थिति वाले छात्राओं को प्रतिदिन आने के लिए अभिभावकों को जागरूक किया गया डीबीटी से प्राप्त धनराशि से छात्रों की यूनिफॉर्म जूते मोजे बैग एवं स्वेटर को क्रय करने हेतु प्रेरित किया।

# गगनभेदी मां के जयकारों से गूंजी शिवालिक घाटी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर पर्वत मालाओं के बीच सिद्ध पीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर पर श्रद्धा का सैलाब उमड रहा है। श्रद्धालुओं द्वारा मां शाकंभरी के लगाए गए गगनभेदी जयकारों से समूची शिवालिक घाटी गुंजायमान हो रही है। अष्टमी नवरात्रि के मौके पर माता शाकुंभरी के दर्शन को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंची।

मंगलवार को आदमी नवरात्र पर्व के मौके पर माता शाकंभरी देवी के दर्शनों को श्रद्धालुओं की अपार भारी भीड़ उमड़ी। आने वाले श्रद्धालुओं ने पहले बाबा भुरादेव के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया और बाद में श्रद्धालुओं ने घंटों लाइन में लगकर मां शाकंभरी देवी के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया और मनोकामना मांगी। माता के दर्शनों को लाइनों में लगे श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए गगन भेदी जयकारों से समुची शिवालिक घाटी गुंजायमान है। तपती धूप भी श्रद्धालुओं की आस्था नहीं डिगा पा रही है। मनोकामना पूर्ण होने के बाद लेट लेट कर माता के दर्शनों को जा रहे श्रद्धालुओं की आस्था को देखकर हर कोई कह रहा है की वास्तव में भक्ति में शक्ति है। मंदिर परिक्षेत्र में लगे भव्य मेले का भी श्रद्धालु जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। मेले की सुरक्षा व्यवस्था एवं साफ सफाई, सुलभ शौचालय, पेय जल आदि व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए मेला मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह अधीनस्थ अधिकारियों की टीम के साथ भ्रमण कर जयना लेते रहे। मन्दिर परिक्षेत्र से पहले नागलमाफी एवं भूरा देव मन्दिर नदी के पास श्रद्धालु भंडारे करते नजर आए।

जिला पंचायत की तरफ से जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है भंडारे में श्रद्धालुओं ने बढ़चढकर प्रसाद गृहण कियागया भंडारा देर शाम तक चलता रहा।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम, अपर मुख्य अधिकारी चंद्रवीर सिंह, अभियंता मुकेश कुमार, जेई आशीष कुमार, सुधीर कुमार लिपिक, नीटू सिंह,श्रवण कुमार अमित कुमार, गौराव कुमार, वसीम मौजूद रहे।

# बैंकिंग के बारे में बताया



**नागल।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रामकृष्ण परमहंस इंटर कॉलेज की छात्राओ को कस्बे के विभिन्न बैंकों में ले जाकर बैंकिंग कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य जगपाल दत्त स्वामी ने बताया कि छात्राओ को छह ग्रुप में बांट कर स्टेट बैंक, एच डी एफ सी बैंक, पी एन बी ,केनरा बैंक, शिवालिक बैंक, ग्रामीण बैंक मे ले जाकर बैंकिंग प्रणाली खाता खोलना, बचत खाता,चालू खाता, नकदी जमा व निकालना,सुकन्या योजना,ऋण लेना आदि के बारे मे विस्तार से बताया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओ में आत्मविश्वास व आत्मनिर्भरता उत्पन्न करना है। इस दौरान राजेंद्र सिंह, अमित कुमार, राकेश कुमार, धनेन्द्र सिंह, अमित स्वामी, नीतू, शिवी, सिया, रंजीता आदि साथ रहे।

# व्यापक जागरूकता अभियान चलाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एंटी-रोमियो टीम ने ग्राम मांडूवला के रविदास मंदिर में सत्संग के दौरान एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया।

महिला उप निरीक्षक मिथलेश राठौर, उप निरीक्षक अनिल तेवतिया, उप निरीक्षक विजयपाल सिंह और होमगार्ड सुमित की टीम ने उपस्थित महिलाओं और बच्चों को सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।कार्यक्रम में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के महत्व पर चर्चा की गई। बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में शिक्षित कर सुरक्षा उपाय सिखाए गए।

महिलाओं को विधवा पेंशन, सुमंगला योजना और बाल कल्याण योजनाओं जैसी सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही, बाल मजदूरी रोकथाम और साइबर अपराध व ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपायों पर जोर दिया गया। टीम ने आपात स्थिति में सहायता के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर साझा किए, जिनमें 1090 (वूमेन पावर लाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1930 (साइबर अपराध शिकायत), 108 (एंबुलेंस सेवा), और 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा) शामिल हैं। इस अभियान ने ग्रामीण महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया।

# सांसद नरेश बंसल व पूर्व मंत्री संजय का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** रुड़की रोड पर भाजपा नेता विकास गुप्ता के कैंप कार्यालय पर आज राज्यसभा सांसद व भाजपा के राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल और पूर्व मंत्री संजय गर्ग का भाजपा व वैश्य समाज के कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया।

राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने राष्ट्रीय निर्माण की नई ऊंचाइयों को छुआ है। उनकी जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रभावी नीतियों ने देश की दशा और दिशा में ऐतिहासिक बदलाव लाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनता तक इन उपलब्धियों को पहुंचाने का आह्वान किया।पूर्व मंत्री संजय गर्ग ने कहा कि श्एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजारश की व्यवस्था ने देश की आर्थिक प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाया है। हाल ही में केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधारों का प्रभाव अब स्पष्ट दिखाई दे रहा है। इन सुधारों से रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में कमी आएगी और बाजार में बिक्री को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दशहरा और दीपावली के अवसर पर देशवासियों को दिया गया उपहार बताया। साथ ही, उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुटने का आह्वान किया।भाजपा के वरिष्ठ नेता विकास गुप्ता और जिला पंचायत सदस्य दुबे सिंह कंबोज ने कार्यकर्ताओं से स्वदेशी अपनाने और व्यापारियों से जीएसटी छूट का अधिकतम लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने सभी से आगामी ग्राम पंचायत और एमएलसी चुनावों में मतदाता सूची में नाम शामिल कराने और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आग्रह किया।इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे, जिन्होंने एकजुट होकर भाजपा के विजन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

डॉ देवेन्द्र सैनी, ऋषिपाल धीमान, अरविंद मित्तल, अशोक गुप्ता , सचिन अग्रवाल लक्सर, दिनेश पंडित, मा. भंवर सिंह, संदीप रोहिल्ला, कविराज चौधरी, विकास चौहान,राजकुमार प्रधान, सतीश राठौर, ऋषिपाल उपाध्याय, ऋषिपाल सैनी, डा संजय सैनी, रवीश सैनी, योगेश गुप्ता, विजय गोयल, डॉ वीरेंद्र गोयल, राकेश बंसल, बृजभूषण सैनी, प्रतीत उपाध्याय, बिल्लू राठौर, सुनील गर्ग, धर्मपाल सैनी, अंकित वाल्मीकि, अनुज बंसल, बिरजेश गुप्ता, सभासद ममता शर्मा, प्रियंका कंबोज, महिला मोर्चा अध्यक्ष कविता अरोड़ा, भूपेन्द्र शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**निविदा सूचना**

संस्था पांचाल सेवा संस्थान को उत्पादन हेतु कच्चा माल देसी रूई 30000.00 किलो और ऊनी रूई 41500.00 किलो माल की आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता/पंजीकृत फर्म आपूर्ति करने हेतु टेंडर/निविदा दिनांक 30.09.2025 से 20.10.2025 तक संस्था के मुख्यालय पर जमा कर सकते है। जिसमें आपूर्ति की सभी शर्तो का उल्लेख किया जाना आवश्यक है।

**संस्था पताः- पांचाल सेवा संस्थान, 2 बी/1437/ए, खादी भवन, कोर्ट रोड, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश-247001 मो.नं.91-9358325822**

**सूचना**

बजाज की पॉलिसी में मेरा नाम भारत भूषण दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम पिंकू दर्ज है। यह दोनो नाम मेरे ही है और मुझे दोनो नामों से जाना व पुकारा जाता है।

**पिंकू पुत्र बांका सिंह निवासी ग्राम चाऊपुरा तहसील नकुड, जिला सहारनपुर।**

# किसानों का धरना तीसरे दिन भी जारी

**चिलकाना।** शाकंभरी शुगर मिल, टोडरपुर के गेट के सामने तीसरे दिन भी किसानों का धरना पूरी ताकत और दृढ़ता के साथ जारी है। किसानों की बढ़ती भागीदारी और यूनियन संगठनों के समर्थन से किसानों के इस आंदोलन और अधिक मजबूती मिल रही है।

ज्ञात हो कि पिछले दिनों से चिलकाना थाना क्षेत्र के ग्राम टोडरपुर स्थित शाकम्भरी शुगर मिल पर बकाया भुगतान को लेकर किसानों द्वारा मिल गेट के सामने धरना दिया जा रहा है। किसानों की मांग कि उनका पिछला गन्ना भुगतान किया जाए व आगे से उनके गन्ने का भुगतान समय पर किया जाए। अन्यथा वह इस धरने को समाप्त नही करेंगे जब तक उनकी मांगो को पूरा नही किया जाता है वह इसी प्रकार शान्तिपूर्ण रूप से धरना जारी रखेंगे।

आज धरने के तीसरे दिन भारतीय किसान यूनियन टिकैत, किसान यूनियन डब्लू एफ समेत कई अन्य किसान संगठनों ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों को अपना समर्थन जताया है। वहीं दोपहर के समय डीसीओ सहारनपुर, तहसीलदार बेहट व सचिव एवं सहकारी गन्ना समिति बेहट ने धरना स्थल पर पहुंच किसानों के साथ वार्ता करते हुए उन्हें समझाने का प्रयास किया। लेकिन किसान अपनी मांग पर मजबूती से अड़े हुए हैं। किसानों की मांग है कि जब तक मिल मालिक अथवा प्रशासन की ओर से उन्हें कोई निर्णायक उत्तर नहीं मिलता है तब यह यह धरना अनिश्चितकालीन रूप से जारी रहेगा। किसान तभी अपने घरों को वापस लौटेंगे जब उनका पूरा बकाया भुगतान हो जाए या मिल मालिकों की गिरफ्तारी सुनिश्चित हो जाए। इस दौरान नरेश स्वामी, ताहिर चेयरमैन, चौ. जाबिर हसन, सतीश शर्मा, हाजी मुक्करम, चौ. हाशिम, कय्यूम प्रधान, अशरफ अली, श्याम कंबोज, ललित कंबोज, ऋतु सैनी मौजूद रहे।

# गहरे कुंड में पलटा दवा से भरा डीसीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** गन्देवड रोड पर बन रहे पुल के समीप क्षतिग्रस्त सडक पर दवाई के पाउडर से भरा एक ट्रक सड़क किनारे बने पानी के गहरे कुंड में पलट गया, घण्टो की मशक्कत के बाद तीन हाइड्रा मशीनों की मदद से इस ट्रक को बाहर निकाला गया।

बतातें चलें कि चिलकाना - गन्देवड मार्ग पर सुल्तानपुर से गांव धौलाहेडी के बीच बरसात के मौसम में अधिक पानी के दबाव के चलते हर वर्ष सडक टूट कर गहरे कुंड में तब्दील हो जाती है, जिससे उक्त मार्ग पर आवागमन की बड़ी समस्या बन जाती है। इसी समस्या के निस्तारण को लेकर उक्त स्थान पर सेतु निर्माण का कार्य चल रहा है, ओर बड़े व भारी वाहनों के लिए यह मार्ग बंद कर दिया गया था। सोमवार की देर रात्रि एक ट्रक हरियाणा से दवाई का पाउडर भरकर हरिद्वार दवाई कम्पनी के लिए इस प्रतिबंधित मार्ग से गुजर रहा था, कि निर्माणाधीन पुल के समीप आकर मार्ग संकरा व उबड खाबड होने के कारण यह ट्रक पानी गहरे कुंड में पलट गया। गमीनत रही कि ट्रक चालक व क्लीनर ने समय रहते ट्रक से छलांग लगा दी और वह बच गए जिससे किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। ट्रक चालक व ट्रांसपोर्टर द्वारा तीन हाइड्रा मशीनों की मदद से भारी मशक्कत के बाद ट्रक को बाहर निकलवाया गया। इस दौरान छोटे वाहनों की लंबी कतार भी यहां देखने को मिली।

## कार्यालय सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर

**'ई-निविदा आमंत्रण सूचना'**

पत्रांक-1877/स.वि.प्रा./2025-26 दिनांक 30-09- 2025

सहारनपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निम्नलिखित निर्माण / विकास कार्यों के अन्तर्गत शासकीय विभागों में पंजीकृत फर्मों से ई-निविदायें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। समस्त निविदायें टू-बिड पद्धति से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रपत्र दिनांक 01.10.2025 से अपलोड किये जा सकते है। उक्त ई-निविदायें कार्य के नाम के सम्मुख अंकित निविदा खोलने / डाउनलोड करने की दिनांक को सायः 03:00 बजे तक ई-टेण्डर वेबसाईट पर डाली जायेगी तथा प्राप्त ई-निविदायें उसी दिन सायः 04:00 बजे प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली/डाउनलोड की जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. लाख में) | कार्य अवधि | निविदा प्रपत्र (जी.एस.टी. साहित रू. में) | खोलने/डाउनलोड करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चिलकाना रोड पर स्थित जैन शमशान घाट स्थल का निर्माण कार्य। | 46.40 | 4.32 | 06 माह | 2860.00 | 07.10.2025 |
| 2 | वार्ड-04 मौहल्ला पन्त एन्क्लेव बापूजी नगर में स्थित पार्क के सौन्दर्यकरण का कार्य। | 18.17 | 1.82 | 04 माह | 2860.00 | 07.10.2025 |
| 3 | ऑफिसर्स कालोनी में स्थित हनीमैन पार्क के सौन्दर्याकरण का कार्य। | 9.78 | 0.98 | 03 माह | 1430.00 | 07.10.2025 |

नोट- उपरोक्त कार्यों से सम्बन्धित शर्ते www.etender.up.nic.in पर देखी/प्राप्त की जा सकती है।

**सचिव**

# बदमाशों ने नकदी से भरा बैग लूटा

## पुलिस ने घेरा बंदी कर बदमाशों को धर दबौचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बदमाशों ने ई-रिक्शा में सवार होकर देवबंद आ रहे दूधली गांव निवासी ईश्वर चंद से नकदी से भरा बैग लूट लिया, शोर मचाने पर ड्यूटी कर रही मिशन शक्ति की पुलिस टीम ने चार बदमाशों को घेरकर कर दबोच लिया।

दूधली गांव निवासी ईश्वरचंद मंगलवार की शाम ई-रिक्शा में सवार होकर देवबंद काम से आ रहे थे, इस दौरान रास्ते में दो लोग ओर सवार हुए, कुछ दूर सांपला मार्ग पर उन्होंने ईश्वरचंद से बैग लूट लिया और बराबर में बाइक से साथ चल रहे अपने दो साथियों को पकड़ाते हुए फरार हो गए। पीड़ित के शोर मचाने पर सांपला मार्ग पर ड्यूटी कर रही मिशन शक्ति टीम में शामिल महिला उपनिरीक्षक सुधा रानी और रविंद्र कसाना ने टीम के साथ बदमाशों का



पीछा किया, जिन्हें कुछ दूरी पर दबोच लिया गया, पुलिस के मुता. बिक बैग में पांच हजार रुपये से अधिक की नकदी, बैंक पासबुक और चेकबुक समेत अन्य सामान था।

गिरफ्तार बदमाशों में सांपला खत्री गांव निवासी पंकज, आर्यन, फुलासी गांव निवासी शुभम और आदित्य शामिल हैं, जिन्हें रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**देवबन्द।** डंपर की चपेट में आने से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। घर वालो का रो रोकर बुरा हाल हैं।

सड़क हादसे में घायल न्यू नवीन नगर सहारनपुर निवासी 67 वर्षीय सुरेंद्र कुमार की मंगलवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। सोमवार को सुरेंद्र बाइक पर सवार होकर देवबंद रिश्तेदारी में आए थे और शाम के समय वापस लौट रहे थे, तल्हेड़ी में पहुंचने पर अंबोली गांव के घूम पर उनकी बाइक डंपर से टकरा गई, जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गए थे। सरकारी अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था, जहां मंगलवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतक रेलवे से सेवानिवृत्त कर्मचारी थे।

# छात्रा बनी एक दिन की कार्यवाहक कोतवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत सोमवार को मौलाना मदनी मैमोरियल एजुकेशनल कालेज की बीएम प्रथम वर्ष की छात्रा नौशीन नाज को एक दिन का कोतवाल बनाया गया। कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी नौशीन ने लोगों की समस्याएं सुनी और पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए।

मोहल्ला बैरून कोटला निवासी मोहम्मद राशिद की पुत्री 17 वर्षीय नौशीन ने सुबह करीब 10 बजे कोतवाल की कुर्सी संभाली। इस दौरान शिकायतकर्ता थीतकी निवासी महिला शाइस्ता और नगर के मोहल्ला ख्वाजबख्श निवासी समरीन पुत्री मुस्तकीम समेत कई लोगों ने विभिन्न मामलों को लेकर अपनी अपनी शिकायतें कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी नौशीन के समक्ष रखीं। नौशीन ने बेहद गंभीरतापूर्ण तरीके से सभी की शिकायतें सुनी और बेहद सूझबूझ दिखाते हुए फरियादियों को समस्या के निदान का आश्वासन दिया।

इस दौरान शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किये जाने के आदेश पारित किये जाने के साथ ही कार्यवाहक कोतवाल नौशीन ने साइबर धोखाधड़ी, घरेलू हिंसा जैसे विषयों पर जानकारी दी। साथ ही साइबर अपराध के लिए टोल फ्री नंबर 1930,



महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112 और 1076 की जानकारी मुहैया कराई। नौशीन ने लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा समेत दारोगा व पुलिसकर्मी मुख्य रूप से शामिल रहे। इस कार्य की लोगों ने प्रशंसा की।

# हनुमान जी का पहाड़ उठाकर लाने की लीला का किया मंचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री विष्णु कला मंडल के तत्वावधान में चल रही रामलीला में सोमवार रात लक्ष्मण मूर्छा और हनुमान जी द्वारा पहाड़ उठाकर लाने की लीला का सजीव मंचन किया गया।

रामलीला भवन के रंगमंच पर कलाकारों ने दिखाया कि लक्ष्मण और मेघनाद के युद्ध भीषण युद्ध होता है इस दौरान मेघनाद द्वारा लक्ष्मण पर शक्ति बाण चलाया जाता है, जिसके लगने के बाद लक्ष्मण मूर्छित हो जाते है। सुषैन वैद्य लक्ष्मण की मूर्छा समाप्त करने के लिए हनुमान से संजीवनी बूटी लाने को कहते है। जब हनुमान को बूटी की पहचान नहीं हो पाती तो वह जड़ी बूटियों से भरा पूरा पहाड़ ले आते है। बूटी मिलने पर लक्ष्मण की मूर्छा समाप्त होती है। यह



मंचन देख पंडाल जय हनुमान के जयघोषों से गूंज उठा। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष नितिन गुप्ता, गगन मित्तल, निखिल अग्रवाल, सचिन शर्मा, अमन मित्तल, अरुण गोयल, तुषार मित्तल, निकुंज गोस्वामी, अशोक शर्मा, बलबीर सैनी, विपिन गर्ग, शिवम गुप्ता, प्रियांशु गोस्वामी, शिवम तायल, अपूर्व अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई शारदीय नवरात्र की दुर्गा अष्टमी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शारदीय नवरात्र की दुर्गा अष्टमी नगर व देहात में धूमधाम से मनाई गई। देवी मंदिर में मां के दर्शन को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं विभिन्न स्थानों और स्कूलों में हवन के साथ ही कन्या पूजन किया गया।

मंगलवार को श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। श्रद्धालुओं ने अष्टम महागौरी की पूजा अर्चना कर परिवार में सुख समृद्धि को प्रार्थना की। साथ ही कन्या पूजन कर अपने उपवास पूरे किए। मंदिर सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने बताया कि महागौरी की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। खंड विकास कार्यालय सभागार में हवन व पूजा उपरांत कन्या पूजन हुआ। बीडीओ अमित नारंग ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान की कड़ी में कन्या पूजन किया गया है। ब्लाक प्रमुख पति विजय त्यागी व एडीओ पंचायत अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं ने महिषासुर वध नृत्य नाटिका की दी सुंदर प्रस्तुति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में दुर्गाष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने महिषासुर वध नृत्य नाटिका की सुंदर प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने महिषासुर वध नृत्य नाटिका की सुंदर प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सैनी व संरक्षक हरि सिंह सैनी ने कन्याओं के चरण पखार व आरती कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होने कहा कि माँ दुर्गा पूरी सृष्टि की पालनहार है। माँ के नौ रूपों की पूरा संसार पूजा करता है। वहीं भगवान श्री राम जीवनदर्शन वास्तव में संसार के सभी प्राणियों के लिए प्रेरणास्रोत है।



कार्यक्रम में अनीता सैनी, शिवकुमार सैनी, वंदना ध्रुव, सुनिता चौधरी, पूजा शर्मा आदि छात्र-छात्राओं सहित स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# कैंपेन को लेकर पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई की कड़े शब्दो में की निंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आई लव मोहम्मद कैंपेन पर उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्रवाई की जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद मौलाना महमूद मदनी ने कड़े शब्दो में निंदा करते हुए कहा हैं कि यह घोर अन्याय और चिंताजनक है।

मौलाना महमूद मदनी ने जारी अपने बयान में कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब (सल्ल.) से प्यार कर के ही अल्लाह को राजी किया जा सकता है। पैगंबर के बिना हमारा सब कुछ अधूरा है। यही वजह है कि मुसलमान रसूले अकरम मोहम्मद साहब (सल्ल.) के नाम पर किसी भी तरह का बलिदान देने से पीछे नहीं हटता। मौलाना मदनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस का रवैया बेहद निंदनीय है। उन्होंने प्रदेश की योगी सरकार से मांग की कि जनभावनाओं और धार्मिक पेशवाओं का सम्मान किया जाए और केवल नारों और पोस्टरों के आधार पर लोगों को गिरफ्तार कर जेल में डालने के अन्यायपूर्ण कृत्य से बचा जाए। मौलाना मदनी ने इस तथ्य की ओर भी ध्यान दिलाया कि इस्लाम के मानने वालों की असल जिम्मेदारी यह है कि वह मोहम्मद साहब (सल्ल.) को अपने जीवन का आदर्श और मार्गदर्शक बनाएं और उनके व्यक्तित्व को किसी भी प्रतिक्रिया या विरोध का विषय न बनाया जाए, यह आप सल्ल. के सम्मान और पवित्रता



के लिए भी जरूरी है। कहा कि अल्लाह ने नबी आखिरुज्जमा मोहम्मद साहब (सल्ल.) को करुणा और प्रेम का स्रोत बनाया है, आप का संदेश सार्वभौमिक है और सबके लिए समान रूप से पवित्र है।

# वन स्टॉप सेंटर टीम ने किया जागरूक

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में आज महिला कल्याण विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान एवं मिशन शक्ति 5.0 (नारी, सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन) अभियान का आयोजन वन स्टॉप सेंटर टीम व हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन टीम के द्वारा वन स्टॉप सेंटर में अल्पावास के लिए आई हुई संवासिनियों को विभाग की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे मे विस्तार से पात्रता बताते हुए आवे. दन करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के विषय में जानकारी दी।

# फातिमा सिद्दीकी ने कुरआन मुकम्मल किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर।** हज्जन फातिमा सिद्दीकी बिनते हाजी सुलेमान सिद्दीकी के तकमीले कुरआन के मौके पर दूंआ - ए- मजलिस मे मौलाना सालिम अशरफ कासमी का पैगाम मिल्लत के नाम पैगाम।

हज्जन फातिमा सिद्दीकी ने अपना कुरान शरीफ मुकम्मल किया इस मौके पर देवबंद से तशरीफ लाए हजरत मौलाना सालिम अशरफ कासमी ने कहा के दिन की तालीम सबसे जरूरी तालीम है आप दुनिया के अंदर किसी भी शोबे में पी एचडी करें मगर सबसे पहले अपने बच्चों को कुरान की तालीम जरूर दिलाए इस मौके पर फातिमा सिद्दीकी को कुरान शरीफ मुकम्मल करने पर उसके उस्ताद मोहतरम हाफिज इकराम, हाफिज अबू नजर को फातिमा के दादा हाजी इरफान सिद्दीकी ने तोहफे देकर सम्मानित किया और अपनी दुआओं से नवाजा

फातिमा सिद्दीकी के ताया हाजी इमरान सिद्दीकी, हाजी रिजवान सिद्दीकी, उस्मान सिद्दीकी, चाचा फुरकान सिद्दीकी, भाई बिलाल सिद्दीकी, हमजा सिद्दीकी, अब्दुल्लाह सिद्दीकी, अम्मार सिद्दीकी, इब्राहिम सिद्दीकी, फरहान सिद्दीकी, कबीर सिद्दीकी ने अपनी बहन को गिफ्ट दिए।

फातिमा सिद्दीकी के वालिद हाजी सुलेमान सिद्दीकी ने सभी मेहमानों का दिल की गहराइयों से शुक्रिया अदा किया इस मौके पर फातिमा सिद्दीकी के फुप्पा नाजिम सिद्दीकी, नदीम सिद्दीकी ने सभी को मिठाई बांटी।



## साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी दी

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह तथा पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा मिशन शक्ति-5.0 अभियान के तहत थाना कोतवाली शहर, बिजनौर स्थित आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव, नारी स्वावलंबन व सशक्तिकरण संबंधी जानकारी प्रदान की गई तथा हेल्पलाइन नम्बरों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं द्वारा महिला सुरक्षा, महिला सम्मान एवं महिला सशक्तिकरण पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर/सहायक पुलिस अधीक्षक एवं एसडीएम नगर भी मौजूद थे।

## रिकार्ड तोड़ गर्मी से मिली राहत

**चांदपुर।** पिछले कई दिनों से पड़ रही रिकार्ड तोड़ गर्मी में उस समय बड़ी राहत मिली जब दोपहर को अचानक मौसम खुशगवार हो गया और हल्की फुल्की बारिश होने लगी जो काफी देर तक मौसम को सुहावना बनाये रही। अचानक बदले मौसम से आमजन को बड़ी राहत मिली। महिलाओं, बच्चों ने भी इस मौसम का आनंद लिया। किसानों के अनुसार इस मौसम से उनकी सूख रही गन्ने की फसल को तो लाभ मिलेगा। साथ ही गन्ना अगौला भी रोग मुक्त होगा। लेकिन कुछ किसानों का कहना है कि इस समय खेतों में धान की तैयार फसल भी खड़ी है। भारी बारिश होने से उसे नुकसान होने की भी डर है। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से जून-जुलाई माह में पड़ने वाली गर्मी को पीछे छोड़ सितम्बर माह की 25 तारीख से आज 30 तारीख को पड़ रही रिकार्ड तोड़ गर्मी में इंसान ही नहीं बल्कि पशु पक्षी भी बुरी तरह झुलस रहे थे। आज माह के अंतिम दिन हल्की बारिश ने सभी को राहत देने का काम किया।

# एसडी इंजी. एंड टेक्नोलॉजी में स्वच्छ भारत अभियान चलाया

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस।डी। कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में गांधी जयंती के अवसर पर में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के एन।एस।एस। क्लब द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर और आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान फैकल्टी सदस्यों और विद्यार्थियों ने मिलकर कॉलेज परिसर की सफाई की तथा स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्रों ने आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और साफ-सफाई बनाए रखने का संदेश दिया। ग्रामीणों को बताया गया कि स्वच्छ वातावरण स्वास्थ्य और विकास की कुंजी है।

इस अवसर पर कॉलेज के सचिव अनुभव कुमार ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल छात्रों में जिम्मेदारी की भावना जगाते हैं, बल्कि समाज को भी सकारात्मक संदेश प्रदान करते हैं। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि एक आदत बननी चाहिए स्वच्छ भारत का सपना तभी साकार होगा जब हम सभी मिलकर अपने-अपने स्तर पर स्वच्छता को प्राथमिकता देंगे। उन्होने विद्यार्थियों से अपील की कि वे समाज के अन्य लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करें और जीवन भर इस संकल्प को निभाएं। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि गांधीजी ने सदैव स्वच्छता को जीवन का आवश्यक अंग माना। उनकी प्रेरणा से ही आज पूरा देश स्वच्छ भारत अभियान को एक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वच्छता मिलकर ही एक सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होने विद्यार्थियों से आ]वान किया कि वे अपने ज्ञान और ऊर्जा का उपयोग समाज में स्वच्छता जागरूकता फैलाने के लिए करें। इस अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि गांधीजी के स्वच्छ भारत के सपने को तभी साकार किया जा सकता है जब



हर नागरिक अपने घर, मोहल्ले और कार्यस्थल को स्वच्छ रखने में सहयोग देगा।

## कल्हेड़ी में सदस्यता कार्यक्रम आयोजित

**जलालाबाद।** जिला सहकारी बैंक जलालाबाद के प्रबंधक मौहम्मद आदिल ने कहा कि किसान सेवा सहकारी समिति का किसान और आम आदमी यानी दोनों सदस्य बन सकते हैं। समीपवर्ती ग्राम मुबारकपुर कल्हेड़ी में युवा किसान नेता गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू की बैठक पर हुए सदस्यता कार्यक्रम में जानकारी देते हुए मौहम्मद आदिल ने कहा कि यह अभियान 12 सितंबर से 12 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस अभियान के तहत, किसान और ग्रामीण लोग मात्र 226 रुपये जमा करके एम-पैक्स के सदस्य बन सकते हैं और विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। डॉ. सकलैन हैदर जैदी की अध्यक्षता एवं पवन सैनी के संचालन में हुए कार्यक्रम में युवा किसान नेता गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू, अकील अहमद, बिल्लू अंसारी, आकिब रहे।

# एसडी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज राम मंदिर में भव्य 12वां वार्षिकोत्सव का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** एसडी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रांगण में स्थित भव्य राम मंदिर का स्थापना दिवस अश्विन मास शुक्ल पक्ष की दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर ष्बारहवा वार्षिकोत्सवष के रूप में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव से मनाया गया। बारह वर्ष पूर्व स्थापित इस मंदिर को रंग-बिरंगे पुष्पों, दीपमालाओं और सजावटी झालरों से इस प्रकार सजाया गया कि सम्पूर्ण मंदिर प्रांगण एक दिव्य आलोक से आलोकित हो उठा। वातावरण में शंखनाद, घंटियों की ध्वनि और वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज से एक अलौकिक आध्यात्मिक अनुभूति हो रही थी ।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान राम परिवार, शिव-पार्वती, लक्ष्मी-गणेश, राधा-कृष्ण, मां सरस्वती, काली माता, साईं बाबा एवं महावीर जी की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पण कर किया गया। भक्तगण भाव-विभोर होकर आराधना में लीन दिखाई दिए और श्रद्धा के इस उत्सव में सभी ने स्वयं को ईश्वर की दिव्य ऊर्जा से जुड़ा हुआ अनुभव किया। तत्पश्चात वैदिक विधि से यज्ञ सम्पन्न हुआ, जिसमें आहुति की सुगंध से वातावरण और अधिक पवित्र एवं मनोहर हो गया। इस अवसर पर कॉलेज सचिव नीरज कुमार सपत्नि प्रीति कुमार एवं प्रबंधन समिति के सदस्य विनोद कुमार सपत्नि आभा, नीलकमल पुरी सपत्नि अंजु मि. ध्रुव कुमार सपत्नि मति अदविका, व देवेन्द्र कुमार ने अपने करकमलों से यज्ञ में आहुति अर्पित कर हवन, पूजन एवं आरती सम्पन्न की और उपस्थित जनसमूह को दिव्य आशीष प्रदान किया। उनकी श्रद्धा और समर्पण ने सम्पूर्ण वातावरण को और अधिक



पावन एवं प्रेरणादाई बना दिया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रसिद्ध संगीतकार रविश मिश्रा जी एवं मती मीनू शर्मा जी ने अपनी मधुर वाणी में देवी-देवताओं के भजन प्रस्तुत कर भक्ति का अद्भुत रस घोल दिया। भजनों की स्वर लहरियों और मंत्रोच्चारण की गूंज ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भक्ति सागर में डूब गए। कार्यक्रम में एस.डी. कॉलेज एसोसिएशन के अध्यक्ष निरंकार स्वरूप जी प्रबंधन समिति के सदस्य आकाश कुमार, हरिभूषण, अशोक कुमार तायल, दिनेश मोहन (एडवोकेट), अखिलेश दत्त गौरव गोयल, अशोक सरीन, रजनीश आदि के सौजन्य से इस उत्सव का आयोजन किया गया। साथ ही एस।डी। ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्राचार्य डाद्ग संदीप मित्तल, डाद्गसचिन गोयल, डाद्ग आलोक कुमार गुप्ता, निदेशक डाद्ग अरविन्द कुमार, एस. डी.रेडियो 90.8 एफ.एम. के निदेश डा. सिद्धार्थ शर्मा सहित सभी महाविद्यालयों के शिक्षकगण व स्टाफ ने पूर्ण आस्था और श्रद्धा के साथ वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए यज्ञ में सहभागिता की और पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे मंदिर प्रांगण में जय राम और जय कृष्ण के गगनभेदी जयघोष गूंज उठे, जिससे वातावरण भक्तिरस और अध्यात्म की अनूठी आभा से सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं का उत्साह और भक्ति भाव देखते ही बनता था, मानो सम्पूर्ण परिसर दिव्य आलोक से आलोकित हो उठा हो। यज्ञ उपरांत छोटी-छोटी कन्याओं को भोजन कराकर भंडारे का शुभारंभ किया गया, जिसमें सभी ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया और कन्याओं के उत्साह एवं मासूमियत ने कार्यक्रम को और भी आनंदमय बना दिया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वित. रित किया गया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने श्रद्धा भाव से ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

इस भंडारे के दौरान उपस्थित जनसमूह में एकता, सहयोग और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। बच्चों और बुजुर्गों से लेकर युवा तक सभी ने इस पावन अवसर में भाग लेकर अपने मन को आध्यात्मिक आनंद और सुकून से भर लिया। पूरा परिसर भक्तिपूर्ण वातावरण से ओत-प्रोत रहा और हर किसी के चेहरे पर आनंद एवं संतोष झलकता दिखाई दिया ।

इस अवसर पर प्रबंधन समिति के सदस्य विनोद कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मां के दिव्य स्वरूप का ध्यान हमें धैर्य, संतोष और जीवन की कठिन परिस्थितियों में आशा एवं विश्वास की ज्योति प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा कि मंदिर स्थापना के पश्चात संगठन ने एक लंबी यात्रा तय की है और आज की उपलब्धियां सामूहिक प्रयास, एकता और संगठन की शक्ति का प्रतीक हैं। विनोद कुमार ने सभी प्राचार्यों, शिक्षकों और स्टाफ को उनके निरंतर योगदान और समर्पण के लिए शुभकामनाएं एवं धन्यवाद प्रकट किए। उन्होंने यह भी कहा कि इस मंदिर ने न केवल आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त किया है, बल्कि विद्यार्थियों और स्टाफ के लिए नैतिक मूल्यों, सेवा भाव और समाजिक जिम्मेदारियों की शिक्षा का भी केंद्र बन गया है। इस आयोजन के माध्यम से संगठन की सामाजिक प्रतिबद्धता और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने का संदेश दिया गया।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र सुहैल से झगड़ालू व्यवहार और कहने में न होने के कारण चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके किसी भी कार्य व लेनदेन का मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

मो0 शौकीन पुत्र मुर्सलीन
निवासी गांव बनहेड़ा खास,
देवबंद (सहारनपुर)

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र मोहम्मद कामिल गलत संगत में पड़कर मेरे कहने सुनने में नहीं रहा मैंने मोहम्मद कामिल से अपने संबंध विच्छेद कर लिए उसे अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया। भविष्य में मोहम्मद कामिल के किसी कार्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

श्रीमती रहमानी पत्नी मुन्तयाज
मोहल्ला पठानपुरा
देवबंद (सहारनपुर)

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रचिन को नेट पर चेहरे पर लगी चोट

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र को एक और झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज शुरू होने से ठीक एक दिन पहले आज ट्रेनिंग के दौरान उनके चेहरे पर चोट लग गई। 24 वर्षीय खिलाड़ी कैच लेने की कोशिश में बाउंड्री होर्डिंग से टकरा गए, जिससे उनके चेहरे पर चोट लग गई। न्यूजीलैंड टीम के आधिकारिक हैंडल के अनुसार, रवींद्र ने मैदान पर शुरुआती कन्कशन टेस्ट पास कर लिया है, लेकिन आने वाले दिनों में उन्हें कड़ी चिकित्सा निगरानी में रखा जाएगा। यह पहली बार नहीं है जब इस बाएं हाथ के खिलाड़ी को 2025 में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति का सामना करना पड़ा हो। इस साल की शुरुआत में, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लाहौर में त्रिकोणीय सीरीज के दौरान, द. अफ्रीका के खिलाफ फ्लड लाइट्स में कैच लेते समय रवींद्र के माथे पर चोट लग गई थी।

### उत्तराखंड में पहली सीबीएसई राष्ट्रीय तलवारबाजी चैम्पियनशिप शुरू

**रूद्रपुर, वार्ता।** उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में पहली केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) राष्ट्रीय तलवारबा. जी प्रतियोगिता मंगलवार को शुरू हुयी। खेल मंत्री रेखा आर्या ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित इस चैंपियनशिप के शुभारंभ के मौके पर खेल मंत्री आर्या ने कहा कि सीबीएससी ने अपनी खेल गतिविधियों में तलवारबाजी को शामिल किया है। पहले चैम्पियनशिप की मेजबानी उधमसिंह नगर को मिली है। इस मौके पर खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए श्रीमती आर्या ने कहा कि हम तलवारबाजी चैम्पियनशिप आयोजन के लिए उत्साहित हैं।

# एशिया कप जीतकर भारतीय टीम मुंबई पहुंची

● एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत, कप्तान सूर्यकुमार यादव बोले: पाकिस्तान को जवाब देना जरूरी था

**मुंबई, वार्ता।** एशिया कप जीतने के बाद भारत की टीम सोमवार रात मुंबई एयरपोर्ट पहुंची। यहां टीम का जोरदार स्वागत किया गया। टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को हराया। टीम इंडिया ने पीसीबी-एसीसी चीफ मोहसिन नकवी का बॉयकाट किया और उनसे ट्रॉफी लेने से मना कर दिया। ट्रॉफी विवाद पर कप्तान सूर्या ने कहा- पाकिस्तान को जवाब देना जरूरी था।

उन्होंने आगे कहा कि मेरा और गंभीर का रिश्ता भाई जैसा है। गंभीर भाई जो भी इशारा करते हैं, मैं बिना सोचे वही करता हूं। 35 साल के सूर्या ने एशिया कप जीतने के बाद कोच के साथ अपने तालमेल पर बात की। दोनों के बीच का जुड़ाव 2012 के समय का है। जब गंभीर ने 2012 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को पहला आईपीएल टाइटल जिताया था, तब सूर्या वाइस कैप्टन थे। स्पोर्ट्स वेबसाइट रेव स्पोर्ट्स के बोरिया मजूमदार से बात करते हुए भारतीय कप्तान ने कहा- श्हम दोनों के बीच भरोसे का स्तर बहुत बड़ा है। सूर्या ने ट्रॉफी विवाद और फाइनल मैच से जुड़े सवालों के जवाब भी दिए। भारतीय कप्तान ने कोच से तालमेल पर कहा मेरा और गौती भाई (गंभीर) का रिश्ता छोटे और बड़े भाई जैसा है। गंभीर भाई जो भी इशारा करते हैं, मैं बिना सोचे वही करता हूं। हमारे बीच भरोसे का लेवल बहुत बड़ा है। हम एक-दूसरे को करीब से जानते हैं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा। सूर्या ने माना कि उन्होंने केकेआर के दिनों में गंभीर से इस खेल की बारीकियां सीखी थीं। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए सूर्या ने कहा कि मैंने रोहित (शर्मा) की कप्तानी में खेला है, लेकिन केकेआर में खेलते समय मैंने उनसे (गंभीर) खेल की कई बारीकियां सीखी हैं। वो सब कुछ झेल चुके हैं, इसलिए जानते हैं खिलाड़ी के दिमाग में क्या चल रहा है। कैसे टूर्नामेंट की तैयारी करनी है, खिलाड़ी को आगे कैसे बढ़ाना है और उसे कैसे डिफेंड करना है। सूर्या ने कहा जब भी मैं डगआउट की ओर देखता हूं और वो वहां होते हैं, तो उनके पास मेरे लिए कुछ न कुछ निर्देश होता है, क्योंकि बाहर से खेल बिल्कुल अलग दिखता है। मैदान पर मेरे दिमाग में बहुत सारी बातें रहती हैं, फील्ड प्लेसमेंट, किसे गेंदबाजी करनी है वगैरह। हर एक-दो ओवर में मैं उनकी ओर देखता हूं और वो जो भी इशारा करते हैं, मैं बिना सोचे मान लेता हूं। यही हमारे बीच का भरोसा है। टीम ने हार्दिक पांड्या को फाइनल में मिस किया सूर्यकुमार ने बताया कि भारतीय टीम ने फाइनल में आलराउंडर हार्दिक पांड्या को मिस किया। फाइनल मैच में हार्दिक चोट के कारण नहीं खेल सके थे।

# पाकिस्तानी खिलाड़ी अब विदेशी टी-20 लीग नहीं खेल सकेंगे

● एशिया कप फाइनल हारने के एक दिन बाद पीसीबी का फैसला बोर्ड ने एनओसी संस्पेंड किए

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पीसीबी ने पाकिस्तान के बाहर टी-20 लीग में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों के सभी अनापत्ति प्रमाणपत्र निलंबित कर दिए हैं। बोर्ड के मुख्य परिचालन अधिकारी सुमैर अहमद सैयद ने 29 सितम्बर को एक नोटिस भेजकर खिलाड़ियों और एजेंटों को इस फैसले की जानकारी दी।

ईएसपीएन क्रिकइंफो द्वारा देखे गए नोटिस में लिखा है कि पीसीबी अध्यक्ष की स्वीकृति से, लीग और अन्य विदेशी टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों के सभी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) अगले आदेश तक स्थगित किए जाते हैं। यह कार्रवाई क्यों की गई, इसका कोई कारण नहीं बताया गया है।

रिपोर्टों से पता चलता है कि पीसीबी का लक्ष्य एनओसी को एक प्रदर्शन-आधारित प्रणाली से जोड़ना है, जिसके मानदंड अभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। बोर्ड के दृष्टिकोण से, इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और घरेलू प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना है। हालांकि, इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि एनओसी पर वर्तमान निलंबन हटने से पहले इस तरह के मूल्यांकन में कितना समय लगेगा। यह कदम पाकिस्तान की संयुक्त अरब अमीरात में एशिया कप फाइनल में भारत से मिली कड़ी हार के एक दिन बाद उठाया गया है, लेकिन यह उस दौरे से ठीक पहले आया है जिसमें उन्होंने टी-20 त्रिकोणीय सीरीज भी जीती थी। पाकिस्तान की प्रमुख घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता, कायदे-आजम ट्रॉफी भी अक्टूबर में शुरू होने वाली है, जो अपनी मूल तिथि 22 सितम्बर से स्थगित कर दी गई है। एनओसी और किसी भी संभावित छूट या उनकी अवधि के बारे में विवरण अभी तक ज्ञात नहीं हैं। बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी सहित सात पाक खिलाड़ी दिसंबर में शुरू होने वाले इस बीबीएल सीजन में खेलेंगे। 1 अक्तूबर को यूएई में होने वाली इंटरनेशनल लीग 2020 नीलामी के लिए भी 16 पाक खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट में हैं।

# क्रिकेट में राजनीति का प्रवेश चिंताजनक: किरमानी



**बेंगलुरु, वार्ता।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर सैयद किरमानी ने कहा है कि आधु. निक क्रिकेट में राजनीति आ गयी है जो चिंता का विषय है। किरमानी ने कहा कि अशिष्ट व्यवहार, अहंकार और अनादर ने मैदान के सरल और नेक शिष्टाचार की जगह ले ली है। यह सिर्फ एशिया कप की बात नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक और चिंताजनक प्रवृत्ति का हिस्सा है। मुझे अमेरिका, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात से संदेश मिल रहे हैं, जिनमें पूछा जा रहा है: 'मैदान पर इतनी राजनीति क्यों हो रही है? विदेश में अपने दोस्तों से ऐसे शब्द सुनकर मुझे शर्म आती है। किरमानी ने स्पष्ट किया कि क्रिकेट में राजनीति का कोई स्थान नहीं है। मैदान के बाहर जो कुछ भी होता है चाहे वह व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा हो या कुछ और, उसे कभी भी मैदान पर नहीं लाना चाहिए। क्रिकेट राजनीतिक लाभ कमाने का मंच नहीं है। यह हर खिलाड़ी, हर टीम और हर क्रिकेट बोर्ड का दृढ़ विश्वास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे समय में, क्रिकेट एक खेल से कहीं बढ़कर था। यह सम्मान और भाईचारे का प्रतीक था। पाकिस्तानी खिलाड़ी भारत आते थे। हम पाकिस्तान जाते थे।

# मल्होत्रा का तीरंदाजी को नई दिशा देने का श्रेय

● मल्होत्रा ने आईओए का उस वक्त कठिन समय में मार्गदर्शन किया जब देश की खेल छवि राष्ट्रमंडल खेलों के घोटाले से प्रभावित हुई थी

**नई दिल्ली, वार्ता।** विजय कुमार मल्होत्रा को भारतीय तीरंदाजी को नई दिशा देने का श्रेय जाता है। कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ अनुभवी खेल प्रशासक मल्होत्रा का मंगलवार को 93 वर्ष की उम्र में बढती उम्र से जुड़ी बीमारियों के कारण निधन हो गया। भारतीय खेल जगत ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

मल्होत्रा को 2010 राष्ट्रमंडल खेल भ्रष्टाचार मामले में सुरेश कलमाड़ी के गिरफ्तार होने के बाद 26 अप्रैल 2011 से पांच दिसंबर 2012 तक भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था। मल्होत्रा ने आईओए का उस कठिन समय में मार्गदर्शन किया जब देश की खेल छवि 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों के घोटाले से प्रभावित हुई थी। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने आईओए प्रशासन को कुछ हद तक साफ-सुथरा किया। मिलनसार स्वभाव के मल्होत्रा के अंतरिम कार्यकाल के बाद चुनाव हुए लेकिन उसके बाद अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने आईओए को निलंबित कर दिया।

अभय सिंह चौटाला को अध्यक्ष और ललित भनोट को महासचिव बनाने के बाद आईओए पर चार दिसंबर 2012 को प्रतिबंध लगाया गया जो 11 फरवरी 2014 को ही हट सका। मल्होत्रा आईओए के आजीवन अध्यक्ष बने। वह 1974 तेहरान एशियाई खेलों में भी भारतीय दल के अभियान प्रमुख थे । वह 40 साल से अधिक समय (1973 से 2015) तक भारतीय तीरंदाजी महासंघ के अध्यक्ष रहे और तीरंदाजों की नई पौध तैयार की। आज भारतीय तीरंदाज विश्व स्तर पर अपनी जो छाप छोड़ रहे हैं उसका श्रेय मल्होत्रा के कुशल मार्गदर्शन को जाता है। दिल्ली के भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू उनके कार्यकाल में एएआई कार्यकारी समिति के सदस्य थे।

म्यूनिख ओलंपिक 1972 में तीरंदाजी को ओलंपिक खेल के रूप में चुने जाने के एक साल बाद 1973 में गठित भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के तहत तीरंदाजी ने मल्होत्रा के अथक प्रयासों से भारत में जड़ें जमा लीं । मल्होत्रा 1972 म्यूनिख ओलंपिक में भारतीय दल के साथ गए थे और वहीं उन्हें यह विचार आया।

# कोच जमील ने भारतीय टीम को अंतिम रूप दिया

● भारत के उभरते फुटबॉल ढांचे में कोच जमील की बढ़ती अहमियत उजागर हुई

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत की राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम के पांच खिलाड़ियों को, जिनमें केरल ब्लास्टर्स के दो खिलाड़ी भी शामिल हैं, सिंगापुर के खिलाफ आगामी एएफसी एशियन कप क्वालीफायर से पहले तैयारी शिविर से बाहर कर दिया गया।

केरल ब्लास्टर्स के मोहम्मद ऐमेन और विबिन मोहनन, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के एमएस जितिन सहित, उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें आज मुख्य कोच खालिद जमील ने घर भेज दिया। अन्य दो खिलाड़ी जिन्हें बाहर किया गया, वे थे अशीर अख्तर और मनवीर सिंह (जूनियर)। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब जमील अगले महीने महत्वपूर्ण मैचों के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप दे रहे हैं। त्रिचूर में जन्मे जितिन ने हाल ही में उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान में आयोजित सीएएफए नेशंस कप में शानदार प्रदर्शन किया था।

यह टूर्नामेंट जमील का मुख्य कोच के रूप में पहला कार्यकाल था, जहां भारत ने ओमान पर एक रोमांचक शूटआउट जीत के बाद यादगार तीसरा स्थान हासिल किया। मिडफील्ड में जितिन के योगदान की व्यापक रूप से प्रशंसा की गई, जिससे भारत के उभरते फुटबॉल ढांचे में उनकी बढ़ती अहमियत उजागर हुई।

# सिनर लगातार तीसरी बार चाइना ओपन के फाइनल में



● सिनर ने डायमंड कोर्ट पर खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के डी मिनौर को हराया

**बीजिंग, वार्ता।** इटली के जैनिक सिनर ने मंगलवार को डायमंड कोर्ट पर खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 6-3, 4-6, 6-1 से हराकर लगातार तीसरी बार चाइना ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अपने पहले मैच में 11-0 का दबदबा कायम रखा, जबकि डी मिनौर ने पिछले 11 मुक. ाबलों में एकमात्र बढ़त 2023 पेरिस मास्टर्स में सिनर के मैच से पहले हटने के कारण हासिल की थी। सिनर ने पहला सेट 4-2 के स्कोर पर ब्रेक के साथ जीता और अगले गेम में दो ब्रेक पॉइंट बचाकर 6-3 से जीत हासिल की।

दूसरे सेट में डी मिनौर ने वापसी की, छठे गेम में कड़ी मेहनत की और बाद में ब्रेक लगाकर स्कोर 6-4 कर दिया। इस तरह इतालवी खिलाड़ी के खिलाफ नौ मैचों से चली आ रही जीत का सिलसिला टूट गया। लेकिन दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने निर्णायक सेट में फिर से दबदबा बनाया और बेसला. इन पावर और नेट पर टच के मिश्रण से दो बार ब्रेक लगाकर 4-0 की बढ़त बना ली। डी मिनौर ने एक बार शटआउट से बचने के लिए अपनी पकड़ बनाए रखी, लेकिन सिनर ने आखिरी सर्विस में दमदार खेल दिखाया।

## चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में गॉफ



**बीजिंग, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेंसिक को 4-6, 7-6(4), 6-2 से हराकर मंगलवार को चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 15वीं वरीयता प्राप्त और टोक्यो ओलंपिक चैंपियन बेंसिक ने डायमंड कोर्ट पर पहले सेट के आखिर में ब्रेक लगाकर पहला सेट 6-4 से जीत लिया। विश्व की तीसरे नंबर की खिलाड़ी गॉफ ने दूसरे सेट में भी वापसी की, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे के ब्रेक का सामना किया, जिसके बाद अमेरिकी खिलाड़ी ने टाईब्रेकर के लिए मजबूर किया, जिसे उन्होंने 7-4 से जीतकर मैच बराबर कर दिया। एक समय तो बेंसिक ने अपना रैकेट तोड़ दिया और चेयर अंपायर से गॉफ के टीम बॉक्स से ध्यान भटकाने की शिकायत की। 20 वर्षीय गत चैंपियन ने निर्णायक गेम में पूरी तरह से नियंत्रण हासिल कर लिया, दो बार ब्रेक लेकर 5-1 की बढ़त बना ली और फिर आत्मविश्वास से भरी सर्विस होल्ड के साथ मुकाबला जीत लिया।

# अनकैप्ड आसिफ अफरीदी, रोहेल नजीर व फैसल अकरम पाकिस्तान की टेस्ट में शामिल



**इस्लामाबाद, वार्ता।** अनकैप्ड खिलाड़ी आसिफ अफरीदी, फैसल अकरम और रोहेल नजीर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान की 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार (30 सितम्बर) को एक मीडिया विज्ञप्ति में घोषणा की। शान मसूद अपने 12 मैचों में से केवल तीन जीत के खराब कप्तानी रिकॉर्ड के बावजूद टेस्ट टीम की कमान संभालते रहेंगे।

**पाकिस्तानी टीम:** शान मसूद (कप्तान), आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, आसिफ अफरीदी, बाबर आजम, फैसल अकरम, हसन अली, इमाम-उल-हक, कामरान गुलाम, खुर्रम शहजाद, मोहम्मद रिजवान (विकेट कीपर), नोमान अली, रोहेल नजीर (विकेट कीपर), साजिद खान, सलमान अली आगा, सऊद शकील और शाहीन शाह अफरीदी।

मसूद के अलावा, अब्दुल्ला शफीक और इमाम-उल-हक शीर्ष तीन में हैं, जबकि मध्यक्रम में बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, कामरान गुलाम, टी-20 कप्तान सलमान अली आगा और सऊद शकील शामिल हैं। नजीर मेजबान टीम के लिए एक और विकेटकीपर-बल्लेबाज विकल्प हैं। गें. दबाजी के मोर्चे पर, पाकिस्तान ने पांच स्पिनरों - नोमान अली, साजिद खान, अबरार अहमद - के साथ-साथ बाएं हाथ के गेंदबाज अफरीदी और अकरम को भी टीम में शामिल किया है। इस कदम से संकेत मिलता है कि पिचें नीची और धीमी हो सकती हैं। तेज गें. दबाजी में आमिर जमाल, हसन अली, खुर्रम शहजाद और शाहीन शाह अफरीदी का चयन किया गया है। पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका 12 अक्टूबर से शुरू होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र की शुरुआत करेंगे, जिसका पहला मैच लाहौर में खेला जाएगा जबकि रावलपिंडी 20 अक्टूबर से दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा।

# ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार 16वीं जीत दर्ज करना

**इंदौर, वार्ता।** लगातार पंद्रह हार का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की महिलाओं पर भारी पड़ रहा है क्योंकि वे कल यहां होलकर स्टेडियम में आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के दूसरे मैच में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया महिलाओं से भिड़ने के लिए तैयार हैं। व्हाइट फर्न्स की अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ आखिरी वनडे जीत फरवरी 2017 में आई थी, और तब से ऑस्ट्रेलिया अडिग है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम इस विश्व कप में शानदार फॉर्म और आत्मविश्वास के साथ उतर रही है, जिसने भारत में 2-1 से सीरीज जीत ली है। उनका शीर्ष क्रम अपने आप में एक मिसाल है: एलिसा हीली कप्तान और विकेटकीपर के रूप में अपना दबदबा कायम रखती हैं, बेथ मूनी भारत के खिलाफ तीन पारियों में 233 रन बनाकर मजबूत स्थिति में हैं, एलिस पेरी बेहतरीन खिलाड़ी हैं, जबकि जॉर्जिया वोल और फोएबे लिचफील्ड युवा जोश से भरपूर हैं। एश्ले गार्डनर और ताहलिया मैक्ग्रा मध्यक्रम में ताकत प्रदान करती हैं, जिनमें किसी भी आक्रमण को अस्थिर करने के लिए पर्याप्त गहराई है। गें. दबाजी में, मेगन शट्ट और किम गार्थ एक शक्तिशाली नई गेंद की जोड़ी बनाती हैं, जिसे अलाना किंग की लेग-स्पिन, वेयरहैम की विविधताओं और मैक्ग्रा की तेज गेंदबाजी का समर्थन प्राप्त है। गार्डनर एक और विकल्प जोड़ती हैं, जिससे ऑस्ट्रेलिया को उनकी बल्लेबाजी क्षमता के अनुरूप एक संतुलित शस्त्रागार मिलता है। न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका की महिलाओं को घरेलू मैदान पर 2-0 से हराने के बाद शांत आशावाद के साथ उतरी है।

# शाकिब को दोबारा बांग्लादेश की जर्सी नहीं मिलेगी



बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने घोषणा की है कि शाकिब अब बांग्लादेश के लिए नहीं खेलेंगे

**ढाका, वार्ता।** खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को शाकिब के जन्मदिन संदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह इस मामले पर बीसीबी से बात करेंगे।

बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने घोषणा की है कि शाकिब अल हसन अब बांग्लादेश के लिए नहीं खेलेंगे। यह घोषणा इस क्रिकेटर द्वारा रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को उनके जन्मदिन की बधाई देने के बाद की गई है। इसकी शुरुआत शाकिब द्वारा एक साधारण संदेश पोस्ट करने से हुई, जिस पर आसिफ ने जवाब दिया, हालांकि शाकिब का नाम नहीं लिया कि आप सभी ने एक व्यक्ति का पुनर्वास न करने के लिए मुझे बहुत गालियां दी हैं। लेकिन मैं सही था। अब बात यहीं खत्म। ढाका स्थित चैनल 24 से बात करने से पहले, आसिफ ने कहा कि वह बीसीबी को शाकिब को दोबारा न चुनने का निर्देश देंगे और इस बारे में और भी संदेश सार्वजनिक रूप से सामने आए। उन्होंने कहा कि शाकिब अवामी लीग की राजनीति में गहराई से शामिल हैं। आसिफ ने कहा कि हम उन्हें बांग्लादेश का झंडा नहीं उठाने देंगे। मेरे लिए उन्हें बांग्लादेश की जर्सी पहनने की इजाजत देना संभव नहीं होगा। हो सकता है कि मैंने बीसीबी को पहले यह न बताया हो, लेकिन अब बीसीबी के लिए मेरा स्पष्ट निर्देश यही है कि शाकिब अल हसन फिर कभी बांग्लादेश के लिए नहीं खेल पाएंगे। उन्होंने जितनी बार देश में प्रवेश करने और बांग्लादेश के लिए खेलने के लिए कहा है, उन्होंने कहा है कि अवामी लीग ने उन्हें (2024 के आम चुनाव) के लिए जबरन नामांकन दिया था। उन्होंने दावा किया कि वह राजनीति में शामिल नहीं हैं। वह अपने क्षेत्र (मगुरा) के लोगों के लिए काम करने के लिए सांसद बनना चाहते थे। हालांकि, सच्चाई यह है कि वह अवामी लीग की राजनीति में गहराई से शामिल हैं। शाकिब ने दावा किया कि उन्होंने हसीना को शुभकामनाएं दी थीं क्योंकि वे एक-दूसरे को राजनीति में आने से पहले से जानते थे और इस पोस्ट का उद्देश्य किसी को भड़काना नहीं था। उन्होंने कहा कि वह (हसीना) हमेशा से क्रिकेट को गंभीरता से लेती रही हैं हैं ना? वह क्रिकेट से गहराई से जुड़ी हुई थीं। राजनीति से पहले भी, क्रिकेट के जरिए ही हमारा रिश्ता था। मैं इसी नजरिए से उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। कोई और मकसद नहीं था या किसी को भड़काने की कोशिश नहीं थी। शाकिब पिछले साल जनवरी से अगस्त तक अवामी लीग के सांसद थे, उसके बाद छात्रों के नेतृत्व वाली क्रांति में सरकार गिर गई थी। हसीना 5 अगस्त को भारत भाग गईं, जबकि शाकिब तब से अब तक घर नहीं लौटे हैं।

# न्यूजीलैंड टी-20 सीरीज से बाहर मैक्सवेल

● मैक्सवेल नेट्स प्रैक्टिस के दौरान लगी गंभीर चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल आज नेट्स के दौरान लगी गंभीर चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज से बाहर हो गए हैं। 36 वर्षीय मैक्सवेल मिशेल ओवेन को गेंदबाजी कर रहे थे, तभी एक जोरदार ड्राइव उनके अग्रभाग पर लगी।

बाद में स्कैन में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई, जिसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को उनकी जगह विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश फिलिप को टीम में शामिल करना पड़ा। मैथ्यू शॉर्ट, जिन्होंने बगल के नेट से इस घटना को देखा, ने इस घटना को याद करते हुए कहा। शॉर्ट ने कहा कि मैंने अपनी आंख के कोने से इसे देखा। हम एक मार्की के नीचे प्रशिक्षण ले रहे थे, इसलिए यह बहुत गूंजदार और तेज था। मैंने ओवेन को इसे धुआं देते देखा और फिर उसके बाद जो हुआ-यह मैक्सी की कलाई पर लगा। यह अच्छा नहीं लगा। उन्होंने आगे कहा कि मैक्सवेल, जिन्हें हाल के वर्षों में कई असफलताएं मिली हैं, स्पष्ट रूप से निराश दिख रहे थे। ओवेन वह खिलाड़ी नहीं है जिसे आप टी-20 ट्रेनिंग में गेंदबाजी करना चाहेंगे, यह तो तय है। मैक्सी पहले भी कई बार इस स्थिति से गुजर चुके हैं। वह थोड़े निराश जरूर थे, लेकिन यह किसी भी अन्य चोट की तरह ही है। मुझे यकीन है कि वह इससे उबर जाएंगे। मैक्सवेल की दुर्भाग्यपूर्ण चोटों की श्रृंखला में यह ताजा चोट और जुड़ गई है। 2022 में, एक जन्मदिन की पार्टी में एक अजीबोगरीब दुर्घटना में उनका पैर टूट गया था, जब एक दोस्त उन पर गिर गया था। इस चोट के लिए सर्जरी की जरूरत पड़ी थी और अभी भी उसका इलाज चल रहा है। 2023 के एकदिवसीय विश्व कप के दौरान, गोल्फ कार्ट से गिरने के बाद उन्हें कन्कशन भी हुआ था। ऑस्ट्रेलिया 2026 के टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए न्यूज़ीलैंड सीरीज का इस्तेमाल कर रहा है, ऐसे में मैक्सवेल को अब 29 अक्टूबर से कैनबरा में भारत के खिलाफ शुरू होने वाली टी-20 सीरीज के लिए अपनी फिटनेस हासिल करने के लिए समय के खिलाफ संघर्ष करना पड़ रहा है। उनकी अनुपस्थिति से अनुभवी मार्कस स्टोइनिस, जिन्होंने आखिरी बार नवंबर 2024 में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले थे।

# संचारी रोगों पर नियंत्रण को सबका सहयोग लें: शिपू

## 5 से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण एवं 11 से 31 अक्टूबर चलेगा नगर निगम का दस्तक अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान, पार्षदों एवं आंगनवाड़ियों का सहयोग लेकर चलाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम अभियान के अंतर्गत साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई-छंटाई, फॉगिंग व दवा के छिड़काव आदि में सक्रिय सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए तब तक बेहतर परिणाम नहीं मिलेंगे जब तक सबको साथ लेकर अभियान नहीं चलाया जायेगा।

नगरायुक्त शिपू गिरि आज नगर निगम के शाकुंभरी सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं मिशन शक्ति की संयुक्त बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने में महिलाओं की भागेदारी का सबसे ज्यादा महत्व है, इसीलिए इस अभियान को निगम द्वारा आज मिशन शक्ति के साथ जोड़ते हुए निगम की महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी आमंघ्त्रित किया गया है।



उन्होंने महिलाओं से अपने घरों एव आसपास पानी व कूड़ा-कचरा एकत्रित न होने देने तथा दूसरों को भी प्रेरित करने पर बल दिया। बैठक में अपर नगर आयुक्त मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश कुमार, जीएम स्मार्ट सिटी दिनेश सिंघल, नगर स्वास्थय अधिकारी डा.प्रवीण शाह, डी.एम.सी. सहारनपुर अमित शर्मा, एवं कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी, जिला मलेरिया अधिकारी एवं नोडल अधिकारी वैक्टर बोर्न डॉ. शिवांका गौड सहित अनेक अधिकारी शामिल रहे।

शिवांका गौड ने बताया कि आगामी 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक दस्तक अभियान का तृतीय चरण चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त अभियान को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में चलाये जाने हेतु नोडल विभाग नामित किया गया है। डॉ.गौड ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत डेंगू, चिकुनगुनिया व अन्य संक्रामक रोगों के बचाव एवं रोकथाम की कार्ययोजना तथा अन्य विभागों की सहभागिता के बारे में विस्तार से बताया।

डॉ. गौड ने बताया कि नगर क्षेत्र के मोहल्लों में पार्षद इस अभियान के नोडल होगें। मोहल्ले स्तर पर साफ-सफाई, हाथ धोना, शौचालय की सफाई तथा घर से जल निकासी हेतु जन-जागरण के लिये संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार के रोकथाम हेतु '' क्या करें क्या न करें'' का सघन प्रचार-प्रसार किया जायेगा। नगर निगम सहारनपुर द्वारा रोस्टर बनाकर फॉगिंग, एन्टी लार्वा एवं अन्य कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जायेगा।

# अवैध खनन में 11 वाहन व 12 आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्व एवं पुलिस टीम ने मिलकर जहां 11 वाहनों को पकड़ा है वहीं पुलिस टीम द्वारा अवैध खनन में लिप्त 12 आरो. पियों को भी गिरफ्तार किया गया है। अवैध खनन के खिलाफ हुई इस बड़ी कार्यवाही से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।



सोमवार को देर रात्रि के समय एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देश पर एसडीएम सुबोध कुमार एवं सीओ सदर प्रियंका यादव के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार की अगुवाई में राजस्व एवं पुलिस टीम ने मिलकर चौकिंग के दौरान अवैध खनन में लिप्त लगभग एक दर्जनों वाहनों को पकड़ा है। जिसमे 09 डम्पर 18 टायरा, 01 ट्रैक्टर बिना नंबर व 1 बाईक सहित कुल 11 वाहन शामिल है। पकड़े गए 10 वाहनों से जहां अवैध उपखनिज सामग्री बरामद हुई है वहीं उक्त बाईक रेकी में शामिल पाई गई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि उक्त सभी वाहन बिना माइनिंग टैग, व रॉयल्टी के बिना, ओवरलोड अथवा एक्सपायर माइनिंग टैग से खनन कर रहे थे। थाना प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया है कि पकड़े गए सभी वाहनों को कब्जे लेकर थाना लाया गया था जिनको सीज कर दिया गया है। वहीं इस दौरान गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों उस्मान, माज, रिहान, मुबारिक, आकिल, नौशाद, नईम, दिलशाद, विशु, पहलवान, विक्की व सरवर के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में एसडीएम सदर सुबोध कुमार, प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार, एसआई श्याम सिंह, हैड कांस्टेबल महेश, कांस्टेबल पुनित यादव, मनोज कुमार व होमगार्ड मोनू कुमार आदि शामिल रहे।

## मनचला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन के निर्देश पर थाना फतेहपुर की मिशन शक्ति/एंटी-रोमियो टीम ने ग्राम फतेहपुर भादो में एक मनचले को रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

घटना के अनुसार, सोमवार को गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक, राम उर्फ अजय, पुत्र वेदपाल, राह चलती महिलाओं और बालिकाओं पर अश्लील टिप्पणियां कर रहा था और अश्लील गाने गा रहा था। थानाध्यक्ष विनय शर्मा के नेतृत्व में महिला उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर, उपनि. रीक्षक मशकूर अली और महिला कांस्टेबल सुरेखा की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके पर धर दबोचा। थाना फतेहपुर में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू की गई।

# त्यौहारों के मद्देनजर आबकारी विभाग ने कमर कसी: सुधीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर आबकारी विभाग ने कमर कस ली है।

उप आबकारी आयुक्त सुधीर कुमार ने बताया 2 अक्टूबर को गांधी जयंती होने के मध्य नजर शराब की दुकान बंद रहेगी। 2 अक्टूबर को दशहरे का पर्व भी है जिसको देखते हुए गांव देहातों में भी कच्ची शराब बनाने वालों पर नजर रखी जाएगी और चेक पोस्ट पर भी अंतर राज्य शराब की तस्करी पर भी आबकारी निरीक्षक चेकिंग करेंगे। उन्होनें इस पर एक आदेश भी जारी कर दिया है मंडल के सभी जिला आबकारी अधिकारियों को और परवर्तन के



अधिकारियों को भी निर्देश दिया गया है।2 अक्टूबर को शराब की समस्त दुकाने पूर्ण रूप से बंद रहेगी।

आबकारी निरीक्षक अपने सेक्टर में वह सर्किल में चेकिंग अभियान करते रहेंगे जिससे कि गांव देहातों में कच्ची शराब पर नकेल कैसी जा सके शराब की दुकानों पर भी लिखने को कहा गया है की 2 अक्टूबर को शराब की दुकान बंद रहेगी जिससे कि लोगों को पता चल सके 2 अक्टूबर को दुकान बंद रहेगी

इस मौके पर जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र पाल सिंह, सहायक आबकारी आयुक्त अवधेश कुमार वर्मा, हरिशंकर शुक्ला, आबकारी निरीक्षक संजीव कुमार, आबकारी निरीक्षक अक्षय कुमार, आबकारी निरीक्षक विकास यादव, आबकारी निरीक्षक राजकमल सिंह चौहान, आबकारी निरीक्षक अरुण सिंह मौजूद रहे।

# मेला गुघाल संस्कृति की धरोहर: प्रदीप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मेला गुघाल स्थित कैम्प कार्यालय में सोमवार देर शाम मेला गुघाल का विधिवत् समापन कर दिया गया। इस अवसर पर अनेक दुकानदारों, स्वयं सहायता समूहों, स्वयंसेवी संस्थाओं स्काउट गाइड व सिविल डिफेंस को भी पुरस्कृत किया गया।

अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि मेला गुघाल संस्कृति और सौहार्द की धरोहर है। यह केवल दुकानों का बाजार भर नहीं है, बल्कि संस्कृतियों की समझ को विकसित करने का भी माध्यम है। उन्होंने मेले की शानदार व्यवस्था और आयोजन के लिए सभी पार्षदों, मेला चेयरमैन की सहयोगी टीम व निगम अधिकारियों-कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए आशा व्यक्त की कि आगामी वर्षों में और बेहतर मेला



आयोजित होगा। मेला चेयरमैन नीरज शर्मा ने कहा कि महापौर डॉ अजय कुमार के मार्गदर्शन और नगरायुक्त शिपू गिरि के नेतृत्व में निगम ने गत वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष मेले को और अधिक बेहतर ढंग से आयोजित करने की कोशिश की, जिसे शहर के लोगों ने सराहा है। उन्होंने सभी पार्षदों और अधिकारियों का सहयोग के लिए आभार जताया।

उपसभापति मयंक गर्ग व पार्षद मंसूर बदर ने कहा कि इस वर्ष मेले के आयोजनों में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की कई झांकिया देखने को मिली है। मुशायरा, कवि सम्मेलन, मेरा सहारनपुर-मेरा गौरव व रंगारंग आदि कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से पूरे देश में नगर निगम एवं मेला गुघाल का सकारात्मक संदेश पहुंचा है। इसके अलावा मेला वाइस चेयरमैन के के बत्रा, पार्षद राजू सिंह, पार्षद सुभाष चंद, पार्षद प्रतिनिधि परविंद्र तोमर व राकेश कल्याण आदि ने भी सम्बोधित किया।

समापन समारोह में मेले में आये अनेक दुकानदारों, विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाओं नीलम, पूजा पालीवाल, पूनम यादव, कविता गर्ग, काजल चावरिया व सविता कश्यप को स्वयं सहायता समूह के विशेष स्टाल लगाने के लिए पुरस्कृत किया गया। समापन कार्यक्रम में सहायक नगरायुक्त जेपी यादव, कर अधीक्षक सुधीर शर्मा सहित अनेक अधिकारी एवं पार्षद मौजूद रहे। संच. ालन डॉ. वीरेन्द्र आजम ने किया।

# मिशन शक्ति मेले का समापन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विकास खण्ड बलियाखेड़ी कार्यालय परिसर में दुर्गाष्टमी के शुभ अवसर पर कन्या पूजन मेगा इवेंट एवं ब्लॉक स्तरीय मिशन शक्ति मेला बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में कुल 30 कन्याओं का पूजन विधिवत किया गया तथा उन्हें टिफिन बॉक्स, पेन, स्टेशनरी आदि उपयोगी सामग्री भेंटस्वरूप प्रदान की गई। ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सोनिया देवी, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री दुर्गेश, खंड विकास अधिकारी बलियाखेड़ी श्रीमती सो. निका चौधरी, सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) योगेंद्र सिंह पुंडीर, बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती रीता सैनी, सहायक विकास अधिकारी कृषि अंकित कटारिया, सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्री पंकज सैनी, ब्लॉक मिशन मैनेजर श्रीमति अनिता, जुबी खान, गुलाब सिंह सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां तथा स्वयं सहायता समूह की दीदियां उपस्थित रहीं।

मेले में स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाए, जिनमें दीपावली एवं अन्य पर्वों से जुड़े आकर्षक सामान प्रमुख रूप से उपलब्ध रहे। ब्लॉक स्टाफ एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक स्टॉलों से खरीदारी कर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया।

# अधिकारों की दी जानकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महिला थाने पर सेवा पखवाडा के अन्तर्गत इंटेरेटिव सेशन महिला सुरक्षा और कानुन के अन्तर्गत घरेलु हिंसा कार्यस्थल पर महिला उत्पीडन 2013, तीन तलाक, मुस्लिम ला के बारे मे जानकारी दी गई।

महिला हैल्प लाईन नम्बर व महिला कल्याण विभाग से समस्त सरकारी योजना व कन्या सुमंगला विधवा पेन्शन बाल सेवा योजना सामान्य स्पोन्सर शीप योजना आदि के बारे मे जानकारी दी गई जिसमे कानुनी विशेषज्ञो मे एडवोकेट फरहा फेज सवोच्चय न्यायालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से एडवोकेट अमित मेहरा एडवोकेट अनिता शर्मा माया शर्मा मोनिका डाबरा व सरिता सैनी उपस्थित रही।

# प्रदेश सरकार की योजनाओं का किया बखान

**साढौली कदीम।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कार्यकर्ताओं को विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का बखान किया गया।



मंगलवार को बेहट विधानसभा के मंडल मुजफ्फराबाद के गांव आलमपुर कलां में रणवीर राणा के आवास पर आयोजित ष्आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान ष कार्यक्रम में बोलते हुए भाजपा के क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य पश्चिम क्षेत्र गौरव राणा व भाजपा ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि योगेश ने कहा कि केंद्र सरकार हर व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसा दल है जो सर्वसमाज के विकास की बात करता है। बीजेपी के मुजफ्फराबाद मंडल अध्यक्ष रजत त्यागी और भाजपा के जिला मंत्री रजनीश राणा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार देश और प्रदेश को विकास की राह पर चला रहे है। बैठक में पूर्व मण्डल अध्यक्ष लोकेश त्यागी, गन्ना समिति डायरेक्टर कर्ण सिंह प्रधान, मण्डल महामंत्री रणवीर राणा, सन्दीप बंसल, मण्डल उपाध्यक्ष सुनील राणा, दुष्यंत, अजेय सैनी, राहुल कश्यप, सोनू सैनी, राव कुर्बान, सलामत खघन, सैक्टर संयोजक कुशलपाल प्रधान, तेलू राणा, मनोज पुंडीर, धीरज राणा, कुलदीप, दीपक त्यागी, धर्मपाल शर्मा, कुलविंदर प्रधान, अशोक, सुशील मौजूद रहे।

## मंदिरों में कार्यक्रमों का समापन

**गंगोह।** विभिन्न देवी मंदिरों में चल रहे कार्यक्रमों का मंगलवार को समापन हो गया। माता वैष्णों देवी धाम में यज्ञ के बाद कन्या पूजन कराया गया।

नगर के देवी मंदिरों में पहले नवरात्र से ही आयोजन आरंभ हो गए थे। नवरात्र के दौरान ही हजारों श्रद्धालु मां शाकंभरी देवी के दर्शन के लिए भी पैदल व वाहनों के माध्यम से रवाना हुए। पीठ बाजार स्थित मां काली मंदिर में एक दिन पूर्व जन कल्याण यज्ञ का आयोजन कर विश्व कल्याण की कामना की थी। मंगलवार नवरात्र के व्रत का पूरी तरह परायण हो गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं का पूजन कर तथा उन्हें भोजन करा अपना व्रत संपन्न किया। वैष्णों देवी धाम में कार्यक्रम का आरंभ जन कल्याण यज्ञ से हुआ। इससे पूर्व रात मंदिर में देवी के नौ स्वरूपों की पूजा की गई।

# भाजपा में सभी वर्गों का सम्मान: नरेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** भाजपा के पूर्व विधायक नरेश सैनी ने कहा कि वर्तमान केन्द्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार के शासन काल में समाज के सभी वर्गों का सम्मान और भविष्य सुरक्षित है, भाजपा जो कहती है, वह करती भी है, हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र को लेकर काम कर रही है।

उक्त विचार उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सेवा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहट में आयोजित एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का फीता काट कर उद्घाटन करते हुए उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रकट किये हैं। उन्होंने कहा है कि वर्तमान केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा कराए जा रहे चहुंमुखी विकास कार्यों



को देख विपक्षी दल बोखलाए हुए हैं और अनर्गल बातें करते हुए समाज में भेद-भाव पैदा करते हैं, जिनसे आप सभी को सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी बनती है कि समाज के जरुरत मंद पात्र लोगों को सरकारी सुविधाओं का अधिकाधिक लाभ पहुंचाने का काम करें। इस अवसर पर बोलते हुए प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय त्यागी ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए मानसिक रोगी के लक्षणों को देखकर तुरंत उपचार करने की सलाह दी है।

इस मौके पर पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी डा विक्रम सिंह पुंडीर, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अनिल सिंघल, जिला प्रति. निधि एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष सैनी, नीरज चौहान, संजीव उर्फ बोबी कर्णवाल, अखिलेश बंसल आदि ने भी अपने अपने विचार प्रकट करते हुए भाजपा सरकारों की उपलब्धियों पर विस्तार से जानकारी दी है। इससे पहले विधायक नरेश सैनी ने आंगन बाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा आयोजित गोदभराई की रश्म कराई है,सभी ने उनका जोरदार स्वागत किया है।जबकि कार्यक्रम में डॉ अशोक कुमार सैनी, विनोद गुप्ता, मोहित यादव,डॉ भावना गुप्ता,मोहन सैनी एडवोकेट, चंद्रवीर सिंह सैनी प्रधान, मांगेराम शर्मा, सुखबीर सिंह सैनी, डॉ परमाल सिंह, मिर्जा फजलूरहमान आदि बहुत से लोग उपस्थित रहे हैं।

## कन्या पूजन कराया

**साढौली कदीम।** सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत आज मुजफ्फराबाद ब्लॉक प्रमुख योगेश पुंडीर द्वारा कन्या पूजन करते हुए बेटियों को सम्मानित किया गया है।

ब्लॉक प्रमुख मुजफ्फराबाद प्रतिनिधि योगेश पुंडीर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों एवं महिलाओं के टीकाकरण के साथ साथ बच्चों के विकास के लिए पोषाहार भी दिया जाता है उन्होंने ग्रामीणों से मोटे अनाज के उपयोग करने के लिए कहा गया।कार्यक्रम में जहां मुख्य अतिथि योगेश पुंडीर ने 21 कन्याओं का कन्या पूजन किया गया और दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। कार्यक्रम में सहायक पंचायत अधिकारी प्रमोद कुमार पंचायत सचिव राजीव सैनी विकास सुपर वाइजर श्रीमती निखत परवीन श्रीमती रेनू स्वाती के अलावा आंगनबाड़ी क क्षमा संगीता सुदेश संतोष गीता मेमो देवी, नीला सुमन देवी आदि मौजूद रहे।

# एकजुटता का आह्वान



**साढौली कदीम।** नगर के जनता इंटर कालेज के सरदार बल्लभ भाई पटेल सभागार मे महाराजा अग्रसेन जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिस में समाज को एक जुट होने का आहवान किया गया।

मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि हमें महाराजा अग्रसेन के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि नरेश बंसल का अवनीश अग्रवाल, संजीव कर्णवाल अनिल सिंघल, प्रधान प्रदीप गुप्ता संजय गुप्ता वशिष्ठ गुप्ता विपिन बंसल सचिन गर्ग,आदि ने पटका एवं फूलमालाएं डालकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री संजय गर्ग वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष महावीर गुप्ता, नकुड के नगर पालिकाअध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, सुनील गुप्ता उत्तराखंड से आए हुए अग्रवाल समाज के लोग सरसावा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष और महामंत्री जी बेहट नगर के अध्यक्ष अनिल सिंघल, महामंत्री वशिष्ठ गुप्ता, दीपक अग्रवाल, संजय, अखिलेश बंसल, सुनील गुप्ता, डॉक्टर अनुज सिंघल, सुधीर कर्णवाल, दीपक अग्रवाल, अशोक गर्ग, आशु गर्ग मौजूद रहे।

# कुलपति ने मानव मंदिर में वृद्धजनों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** माँ शाकम्भरी विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार ने मानवता और करुणा को केंद्र में रखकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत मानव मंदिर वृद्ध आश्रम में जाकर वृद्धजनों को शॉल, चादर एवं फल वितरित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व. विद्यालय की कुलपति प्रो. विमला वाई. द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवाभाव भारतीय संस्कृति की आत्मा है और विद्यार्थियों को केवल शिक्षा तक सीमित न रहकर समाज सेवा और मानवीय मूल्यों को भी आत्मसात



करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि वृद्धजन हमारे समाज की धरोहर हैं और उनके अनुभव जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। फल एवं वस्त्र वितरण के माध्यम से न केवल पोषण और स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया गया बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों में सेवा भाव, करुणा और संवेदनशीलता की भावना को भी प्रोत्साहित किया गया। वृद्ध आश्रम में उपस्थित सभी बुजुर्गों ने विश्वविद्यालय परिवार को आशीर्वाद दिया और इस पहल को सराहनीय बताया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना, भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करना तथा मानवता और मातृ-पितृ सम्मान के मूल्यों को हृदय में उतारना रहा। इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में सहानुभूति, सेवा भावना और नैतिक मूल्यों को मजबूत करती हैं, जो उनके समग्र व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होती हैं। माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि सेवा पखवाड़ा के माध्यम से समाज में मानवीय मूल्यों को सशक्त बनाने और सेवा संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर योगदान दिया जाएगा। यह पहल आने वाली पीढ़ियों को न केवल संवे. दनशील नागरिक बनाएगी बल्कि सबका साथ, सबका विकास की भावना को भी साकार करेगी। इस विशेष अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कमल कृष्ण, वित्त अधिकारी सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. सुरेंद्र कुमार, प्रो. हरवीर सिंह, प्रो. ममता सिंगल, श्रीमती सुनीता सोनकर,डॉ. राज. कुमार, डॉ. आर. के. गुप्ता, डॉ. ममता चौधरी, डॉ. विजय प्रताप, डॉ. ऋचा, इंजीनियर विवेक पुंडीर, एवं डॉ. संदीप कुमार , डॉ अंजू सहित अनेक प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। सभी ने वृद्धजनों को सम्मान एवं स्नेह प्रदान करते हुए उनके स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना की।


## किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., नानौता ( सहारनपुर )

-: ई- निविदा सूचना:-

इस मिल समिति में पेराई सत्र 2025-26 हेतु निम्नलिखित कार्यो को ठेके के माध्यम से सम्पादित करानें हेतु, अनुभवी एवं दक्ष ठेकेदारों से निम्न विवरण के अनुसार दिनांक 30.09.2025 से ई- निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र.स. | कार्य का विवरण। | निविदा धरोहर धनराशि (रु.) | ई- निविदा भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | पेराई सत्र 2025-26 में बैगास हैण्डलिंग का कार्य। | रु. 50,000.00 | 06.10.2025 |
| 02 | मिल समिति के विभिन्न हाउसों में लैगिंग/इंशुलेशन का कार्य। | रु. 10,000.00 | 06.10.2025 |

01. उपरोक्त निविदाओं से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते तथा अन्य विवरण निविदा प्रपत्र पर अंकित है।
02. इच्छुक निविदादाता ई-निविदा प्रारम्भ होने से निर्धारित समयान्तर्गत ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र, नियम एवं शर्ते पोर्टल https://etender.up.nic.in तथा संघ कार्यालय लखनऊ की वेबसाइट https://www.upsugarfed.org पर लॉगिन कर ई-निविदा को भर सकते है।
03. उपरोक्त कार्यो हेतु ऑफलाइन निविदाएं मान्य नहीं होगी।
04. अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदाएं बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

भवदीय
( अंकित कुमार )
पी.सी.एस.
प्रधान प्रबन्धक

# सम्पादकीय

बुधवार, 1 अक्टूबर 2025

## गाजा पर गंभीर प्रस्ताव

देर से ही सही गाजा में सीजफायर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से 20 प्वाइंट का एक प्लान सामने आया है। जिस तरह उनके इस नए प्रस्ताव को विश्व स्तर पर सहमति मिल रही है, उससे यह भी आशा बनती है कि जल्द ही इजरायल व हमास के बीच सीजफायर हो जाएगा। अभी इस पर अंतिम मोहर लगना बाकी है, क्योंकि हमास ने कहा कि अभी तक उसको यह प्रस्ताव नहीं मिला है। प्रस्ताव के बाद ही वह विचार करेगा। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास को यह कहकर धमकी दी है कि अगर वह इस प्लान को नहीं मानता, तो इजरायल के पास उसे खत्म करने का पूरा अधिकार है और अमेरिका इसमें साथ देगा। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह प्लान इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से सोमवार को वाशिंगटन डीसी में हुई बातचीत के बाद आया है। इससे साफ है कि उनके इस प्लान से नेतन्याहू भी पूरी तरह सहमत हैं। इस प्रस्ताव में तुरंत युद्ध रोकना, गाजा से इजरायल का हटना, बंधकों का छोड़ना, कैदियों की रिहाई, गाजा में अबाध रूप से रसद का पहुंचना शामिल है। प्रस्ताव में एक शांति बोर्ड बनाने की बात भी कही गई है जिसके अध्यक्ष अमेरिकी राष्ट्रपति खुद होंगे। इसमें ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी के साथ–साथ अन्य देशों के नेता भी होंगे। जाहिर है प्रस्ताव बताता है कि यह फलस्तीन देश के बनने में एक बड़ा कदम है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्रम्प के इस प्रस्ताव का जहां समर्थन किया है, वहीं आठ अरब इस्लामी देशों ने भी इसका स्वागत किया है। जिसमें जॉर्डन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब और मिस्र शामिल हैं। इन देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा है कि क्षेत्र में शांति के लिए अमेरिका से साझेदारी जरूरी है। इन आठ राष्ट्रों ने एक संयुक्त बयान के माध्यम से इस प्रस्ताव का स्वागत किया है। यूरोप के देशों में ब्रिटेन, फ्रांस पूरी तरह इस प्रस्ताव का समर्थन करते दिखाई दे रहे हैं। जाहिर है इस प्रस्ताव को मंजूर करने के लिए अब हमास पर भी दबाव होगा। इस पूरे प्रस्ताव में जहां रुकावट आ सकती है, उसका सबसे बड़ा पेंच यह है कि इसमें हमास से हथियार छोड़ने की बात कही गई है। साथ ही वह किसी सरकार में भी शामिल नहीं होगा। इस तरह की शर्त मानना हमास के लिए भी आसान नहीं होगा, क्योंकि देखने में भी आ रहा है कि हमास को पूरी तरह नजरअंदाज करना बेहद मुश्किल है, क्योंकि गाजा में उनके पास भारी जनसमर्थन है और वे वहां सरकार भी चलाते रहे हैं, लेकिन ये सब बातें बाद की हैं, इस समय जो सबसे बड़ी जरूरत है वहां तुरंत सीजफायर लागू होने की है, क्योंकि अब तक हुए युद्ध में जहां गाजा पूरी तरह बर्बाद हो गया है, वहीं 65 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जिसमें आधे से अधिक संख्या महिलाओं व बच्चों की है। इजरायल की नाकाबंदी के चलते वहां रसद नहीं पहुंच पा रही है। खाने पीने के मामले में अकाल जैसी स्थिति बनी हुई है, लोगों के भूख से मरने की खबर भी आ रही है। दवाइयों का पूरी तरह अभाव है। मतलब साफ है कि सारा ढांचा वहां चरमरा गया है। जरूरत वहां शांति सैनिकों को भेजने की भी है, जिसके बारे में प्रस्ताव में कहा गया है।

## कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा



26/11 के मुंबई आतंकी हमले के बाद मेरे मन में भी बदला लेने का विचार आया था, लेकिन उस वक्त की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सैन्य कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया, पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला अंतर्राष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख के कारण लिया गया था, पूरी दुनिया का दबाव था, हमें युद्ध नहीं करने के लिए समझाया जा रहा था, तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री दिल्ली आईं और उन्होंने कहा कि कृपया एक्शन नहीं लीजिएगा, कोई आधिकारिक राज उजागर किए बिना मैं मानता हूं कि मेरे मन में प्रतिशोध की भावना आई थी, मैंने जवाबी कार्रवाई पर पीएम और अन्य जिम्मेदार लोगों से चर्चा की थी। पीएम ने तो इस पर चर्चा हमले के दौरान ही कर ली थी।

**–पी. चिदंबरम, पूर्व गृह मंत्री**

# भाजपा का महिला सशक्तिकरणः वास्तविकता और दिखावा



भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका लंबे समय से बहस का विषय रही है। स्वतंत्रता संग्राम में हमने रानी लक्ष्मीबाई से लेकर सरोजिनी नायडू और अरुणा आसफ अली तक अनगिनत महिलाओं को नेतृत्व की अग्रिम पंक्ति में देखा। कांग्रेस पार्टी के इतिहास में यह परंपरा लगातार जारी रही। आजादी के बाद से के कई राज्यों मे महिला मुख्यमंत्री रहीं, इंदिरा गांधी के रूप में देश को पहली महिला प्रधानमंत्री मिली और बाद के दशकों में शीला दीक्षित, सुषमा स्वराज जैसी नेता राष्ट्रीय परिदृश्य पर चमकीं। आज भी कांग्रेस प्रियंका गांधी को राहुल गांधी के साथ बराबरी से आगे करती है और चुनावी अभियानों में उन्हें प्रमुख वक्ता के रूप में प्रस्तुत करती है। कांग्रेस की आलोचनाएं भले हों, लेकिन उसके विचार और नीति में कभी यह स्पष्ट नहीं रहा कि महिलाओं की भूमिका को राजनीति में सीमित रखा जाए या उन्हें पीछे धकेला जाए।

इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी और उससे जुड़ा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अपनी वैचारिक धारा में महिलाओं को सीमित भूमिकाओं तक ही बांधने की नीति रखते हैं। संघ के दूसरे सरसंघचालक एमएस गोलवलकर की पुस्तक बंच ऑफ थॉट्स में महिलाओं की भूमिका को लेकर जो दृष्टिकोण सामने आता है, वह यही है कि महिला मुख्यतः परिवार की धुरी है। उसकी जिम्मेदारी घर, बच्चों के पालन–पोषण और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण तक सीमित है। इस विचारधारा में राजनीति, प्रशासन और सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की सक्रियता को महत्व नहीं दिया गया। यही कारण है कि संघ की संरचना में आज तक कोई महिला प्रमुख पद पर नहीं रही। दिखावे के लिए महिला शाखा या प्रकोष्ठ बनाए गए हैं, लेकिन उनका असर नगण्य है। भाजपा अपने शासनकाल में महिला सशक्तिकरण की बड़ी–बड़ी बातें करती है। हाल ही में महिला आरक्षण विधेयक पास करके उसने अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की। लेकिन इसमें भी उसने लागू करने की तारीख 2030 के बाद के लिए डाल दी। यदि नियत साफ होती तो इस आरक्षण को तुरंत लागू किया जा सकता था। असल में यह केवल वोट बैंक को लुभाने की रणनीति है। महिलाओं को आकर्षित करने के लिए योजनाओं की झड़ी लगाई जाती है स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन, जनधन खातों का प्रचार, मुफ्त गैस कनेक्शन, शौचालय निर्माण आदि। इन योजनाओं से लाभ जरूर मिलता है लेकिन राजनीति और सत्ता में महिलाओं की निर्णायक हिस्सेदारी अब तक नहीं बढ़ी। भाजपा शासित किसी भी राज्य में आज एक भी महिला मुख्यमंत्री नहीं है। केंद्र सरकार में भी गिनती की महिलाएं मंत्री हैं और उनमें से भी केवल एकाध को ही कैबिनेट स्तर की जिम्मेदारी मिली है।

यहां तक कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उदाहरण भी सामने है। देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति होने के बावजूद उन्हें प्रमुख धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजनों से दूर रखा जाता है। अयोध्या राममंदिर के उद्घाटन में वे उपस्थित नहीं थीं, मथुरा की यात्रा में भी उनका स्वागत औपचारिकता तक सीमित रहा। यह दर्शाता है कि भाजपा महिलाओं को केवल प्रतीकात्मक सम्मान देती है, वास्तविक निर्णयकारी भूमिका से दूर रखती है। इसके विपरीत कांग्रेस का इतिहास बताता है कि उसने महिलाओं को बराबरी का अवसर देने की कोशिश की। इंदिरा गांधी से लेकर सोनिया गांधी तक, पार्टी का नेतृत्व महिलाओं के हाथ में रहा है। प्रियंका गांधी आज भी पार्टी की राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय हैं। राज्यों में भी कांग्रेस ने महिलाओं को मुख्यमंत्री के रूप में अवसर दिया है। यह सही है कि कांग्रेस ने कोई ठोस दीर्घकालिक महिला नीति नहीं बनाई, लेकिन उसकी बुनियादी सोच में महिलाओं को राजनीति से अलग रखने का भाव कभी नहीं रहा। यही फर्क है जो भाजपा और कांग्रेस की नीतियों में साफ नजर आता है। भाजपा की राजनीति में आज भी बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यकर्ता के रूप में मौजूद हैं। पार्टी के आयोजन, चुनाव प्रचार और संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी भागीदारी दिखाई देती है, लेकिन जब बात नेतृत्व की आती है तो पंक्ति के सबसे पीछे उन्हें खड़ा कर दिया जाता है। गोलवलकर की नीति का यही असर है कि भाजपा महिलाओं को केवल सांस्कृतिक संरक्षण और घरेलू दायरे में देखने की प्रवृत्ति को अब भी कायम रखे हुए है। असलियत यह है कि महिला सशक्तिकरण का जो एजेंडा भाजपा ने अपनाया है, वह केवल दिखावे का अधिक और वास्तविकता का कम है। योजनाएं, घोषणाएं और प्रतीकात्मक सम्मान एक ओर हैं, लेकिन निर्णय और सत्ता में भागीदारी दूसरी ओर है। आजादी के बाद से अब तक महिलाओं की स्थिति में जो सुधार आया है, वह उनकी अपनी संघर्षशीलता और समाज की प्रगतिशील धारा का परिणाम है, भाजपा की वैचारिक सोच का नहीं। इसलिए जरूरी है कि महिला आरक्षण को तुरंत लागू किया जाए, महिलाओं को नेतृत्व में अवसर दिया जाए और केवल वोट बैंक की राजनीति से उन्हें भ्रमित न किया जाए। कांग्रेस की परंपरा और स्वतंत्रता संग्राम की विरासत हमें यह सिखाती है कि जब महिलाएं राजनीति और समाज में बराबरी से आगे आती हैं, तभी लोकतंत्र मजबूत होता है। भाजपा को भी यदि वास्तव में महिला सशक्तिकरण की चिंता है तो उसे अपनी वैचारिक सीमाओं को तोड़कर महिलाओं को वास्तविक शक्ति और सम्मान देना होगा। अन्यथा उसका एजेंडा महज दिखावा ही कहलाएगा। **–आरती चौधरी**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विशेष**

# बुजुर्गों के प्रति हृदय में हर पल हो सम्मान

वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने हालांकि वर्ष 1999 में एक राष्ट्रीय नीति बनाई थी तथा उससे पहले वर्ष 2007 में माता–पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण–पोषण विधेयक भी संसद में पारित किया गया था, जिसमें माता–पिता के भरण–पोषण, वृद्धाश्रमों की स्थापना, चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा का प्रावधान था लेकिन इसके बावजूद देशभर में वृद्धाश्रमों में बढ़ती संख्या इस तथ्य को इंगित करती है कि भारतीय समाज में वृद्धों को उपेक्षित किया जा रहा है। कुछ समय पहले 96 देशों में कराए गए एक सर्वे के बाद 'ग्लोबल एज वॉच इंडेक्स' जारी किया गया था।



**योगेश कुमार गोयल**

भारतीय संस्कृति में सदा से ही बड़ों के आदर–सम्मान की परम्परा रही है लेकिन आज दुनिया के अन्य देशों सहित हमारे देश में भी वृद्धजनों पर बढ़ते अत्याचारों की खबरें समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं। अधिकांश परिवारों में वृद्ध जिस तरह की उपेक्षा झेलने को मजबूर हैं, उससे ज्यादा पीड़ादायक और क्या हो सकता है। समृद्ध परिवार होने के बावजूद घर के बुजुर्ग वृद्धाश्रमों में जीवनयापन करने को विवश हैं। बहुत से मामलों में बच्चे ही उन्हें बोझ मानकर वृद्धाश्रमों में छोड़ आते देते हैं। हालांकि यह उम्र का ऐसा पड़ाव होता है, जब उन्हें परिजनों के अपनेपन, प्यार और सम्मान की सर्वाधिक जरूरत होती है। एक व्यक्ति जिस घर–परिवार को बनाने में अपनी पूरी जिंदगी खपा देता है, वृद्धावस्था में जब उसी घर में उसे अवांछित वस्तु के रूप में देखा जाने लगता है तो लगता है जैसे उस घर में रहने वालों की इंसानियत और उनके संस्कार मर चुके हैं।

विश्वभर में ऐसे हालात को देखते हुए ही वृद्धजनों के लिए कुछ कल्याणकारी कदम उठाने की जरूरत महसूस हुई थी। इसीलिए वर्ष 1982 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 'वृद्धावस्था को सुखी बनाइए' जैसा नारा देते हुए 'सबके लिए स्वास्थ्य' अभियान का शुरू किया था। वृद्धों के साथ होने वाले अन्याय, उपेक्षा और दुर्व्यवहार पर लगाम लगाने और वृद्धजनों के प्रति उदारता व उनकी देखभाल की जिम्मेदारी के अलावा उनकी समस्याओं के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र ने 14 दिसंबर 1990 को निर्णय लिया कि प्रतिवर्ष एक अक्तूबर का दिन दुनियाभर में 'अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की इस पहल के बाद एक अक्तूबर 1991 को पहली बार यह दिवस मनाया गया, जिसे 'अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस' के नाम से भी जाना जाता है। बुजुर्गों के प्रति वैसे तो सभी के हृदय में हर पल, हर दिन सम्मान का भाव होना चाहिए लेकिन दिल में छिपे इस सम्मान को व्यक्त करने के लिए औपचारिक तौर पर यह दिन निश्चित किया गया।

1991 में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुरूआत के बाद वर्ष 1999 को पहली बार 'बुजुर्ग वर्ष' के रूप में भी मनाया गया था। इस वर्ष 'अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' 'स्थानीय और वैश्विक कार्रवाई को आगे बढ़ाने वाले वृद्धजन रू हमारी आकांक्षाएं, हमारा कल्याण, हमारे अधिकार' विषय के साथ मनाया जा रहा है। यह विषय लचीले और समतामूलक समाजों के निर्माण, अंतर–पीढ़ीगत एकजुटता को बढ़ावा देने तथा वृद्ध लोगों के अधिकारों और कल्याण को नीति और कार्रवाई का केंद्र बनाने में वृद्धों की परिवर्तनकारी भूमिका पर जोर देता है।

भारतीय समाज में सयुंक्त परिवार को हमेशा से अहमियत दी गई है लेकिन आज के बदलते परिवेश में छोटे और एकल परिवार की चाहत में संयुक्त परिवार की अवधारणा खत्म होती जा रही है। यही कारण है कि लोग अपने बुजुर्गों से दूर होते जा रहे हैं और नई पीढ़ी दादा–दादी, नाना–नानी के प्यार से वंचित होती जा रही है। एकल परिवार के बढ़ते चलन के कारण ही परिवारों में बुजुर्गों की उपेक्षा होने लगी है। न चाहते हुए भी बुजुर्ग अकेले रहने को मजबूर हैं। इसका एक गंभीर परिणाम यह देखने को मिला है कि बुजुर्गों के प्रति अपराध भी तेजी से बढ़े हैं।

शहरों–महानगरों में आए दिन बुजुर्गों को निशाना बनाए जाने की खबरें दहला देती हैं। दूसरा गंभीर परिणाम यह कि बच्चों को बड़े–बुजुर्गों का सानिध्य नहीं मिलने के कारण उनके जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। एक सर्वे के अनुसार दादा–दादी या नाना–नानी के साथ रहने वाले बच्चों का विकास अकेले रहने वाले बच्चों की तुलना में कहीं ज्यादा अच्छा और मजबूत होता है और ऐसे बच्चों में आत्मविश्वास भी अधिक देखने को मिला है। आज पति–पत्नी दोनों ही कामकाजी हैं, ऐसे में बच्चे घर में अकेले रहते हैं और कम उम्र में ही उनमें अवसाद जैसी समस्याएं पनपने लगती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# फेस्टिव सीजन में ऐसे करें स्किन केयर, मिलेगा नेचुरल ग्लो



**शहनाज हुसैन**

आजकल फेस्टिवल सीजन की धूम है ध्यह पर्व पुरे साल में बेहद कल्याणकारी और उत्साह से भरा रहता है। इस दौरान लड़कियां खास तौर पर तैयार होकर मां दुर्गा की पूजा। अर्चना करती हैं इसके अतिरिक्त महिलाएं घर की खरीदारी और त्यौहार की तैयारियों में काफी ऊर्जा लगाती हैं जिससे उनका चेहरा थका और बुझा सा दीखता है। अगर आप भी उनमें से हैं तो घबराने की कतई जरूरत नहीं बल्कि कुछ स्किन केयर टिप्स को फॉलो करें और आपके चेहरे पर आभा और निखार बना रहेगा ध

**हेल्दी डाइट लें**

जो आप खाते हैं वही आपकी स्किन पर नजर आता है। संतुलित भोजन, पर्याप्त पानी, नियमित वॉक और पर्याप्त नींद के साथ आप बिना किसी परेशानी के त्योहारों का आनंद ले सकते हैं। दिन की शुरुआत एक ग्लास गुनगुने पानी और नींबू से करें और प्रोसेस्ड फूड से दूरी बनाए रखें। त्योहारों में हेल्दी रहने का सबसे पहला फॉर्मूला है खाने।पीने की थोड़ी प्लानिंग करके चलें। अगर आप उपवास कर रही हैं, तो दूध, सूखे मेवे, खजूर और मौसमी फल अपनी डाइट में शामिल करें। वहीं अगर व्रत नहीं कर रही हैंए तो तली।भुनी और ज्यादा मसालेदार चीजों से दूरी बनाकर रखें। मीठा भी कम खाएं, क्योंकि इससे त्वचा पर मुंहासे निकल सकते हैं। इस दौरान सोशल लाइफ काफी एक्टिव रहती है और आपको अनेक सामाजिक समरोहों ध डिनर पार्टियों में जाना पड़ सकता है। ऐसे में स्वस्थ विकल्प पूछने से न डरें। अक्सर वहां बहुत सारे फल, हरी सब्जियां और साबुत अनाज उपलब्ध होते हैं। इस दौरान भोजन कतई न छोड़ें क्योंकि इससे बाद में ज्यादा खाने की प्रवृत्ति हो सकती है। इसके बजाय पूरे दिन नियमित भोजन और नाश्ता करें। जब खाना भरपूर और स्वादिष्ट हो तो ज्यादा खाना आसान है। अपने हिस्से के आकार का ध्यान रखें और छोटे निवाले लें। नाश्ते में पोषक तत्वों से भरपूर चीजों को शामिल हो। दोपहर की थाली में साबुत अनाज, फल और सब्जियों को शामिल करें। रागी का सूप, वेजिटेबल सूप, मूंग दाल का सूप, खिचड़ी और वेजिटेबल दलिया डिनर का बेहतर विकल्प हो सकते हैं जो दिन के गरिष्ठ खाने के बाद रात के वक्त पेट की सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। रात का डिनर लाइट करें। शाम को अगर पकवान ज्यादा खा लिए हैंए तो डिनर स्किप भी कर सकते हैं।

**एक्टिव रहें**

त्योहारों में व्यस्तता के कारण लोग वॉक या एक्सरसाइज छोड़ देते हैं, जिससे कैलोरी बर्न नहीं हो पाती इस दौरान नियमित रूप से डांसिंग, ब्रिस्क वॉकिंग या आउटडोर खेल आदि गतिविधिओं में कम से कम 30 मिनट का समय दें। रात देर तक जागने और सुबह जल्दी उठने से शरीर की बायोलॉजिकल क्लॉक बिगड़ जाती हैए जिससे थकान और चिड़चिड़ापन बढ़ सकता हैण् कोशिश करें कि त्योहारों में भी कम से कम 7।8 घंटे की नींद लें। साइकिल चलाना, सीढ़ियां चढ़ना, और रोजाना पैदल चलना भी जरूरी है। सोने से पहले तनाव से बचने के लिए स्क्रीन्स टाइम को कम करें और पढ़ने या ध्यान करने जैसी गतिविधियों से जुड़े रहें। इसके अलावा रात के समय पर्याप्त नींद जरूर पूरी करें और कम से कम तनाव लेने का प्रयार करें। वहीं समय– समय पर अपनी दवाएं लेना न भूलें।

**नारियल का पानी**

नारियल पानी प्राकृतिक और स्वास्थ्यवर्धक पेय है जोकि शरीर को हाइड्रेट करता है जिससे आप उर्जाबान और एक्टिव महसूस करते हैं यह ना सिर्फ शरीर को ठंडक देता है बल्कि इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर होता है, जो ताजगी और ऊर्जा प्रदान करते हैं नारियल पानी पीने से थकान और कमजोरी दूर होती है और यह पाचन क्रिया को भी सुधारता है। नारियल पानी दिन के किसी भी समय पिया जा सकता है, लेकिन आयुर्वेदाचार्य इसे सुबह खाली पेट पीने की सलाह देते हैं ताकि आपको इसका अधिकतम लाभ मिल सके। नारियल पानी में एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन सी होते हैंए जो स्किन को अंदर से ग्लोइंग बनाने में मददगार है। सुबह खाली पेट एक गिलास नारियल पानी पीने से त्वचा हेल्दी और आकर्षक बनती है।

नारियल पानी में फाइबर होता है जो पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। रोजाना एक गिलास नारियल पानी पीने से पेट को हेल्दी रखने में मदद मिल सकती है। नारियल पानी में 94 प्रतिशत पानी की मात्रा होती है। ए शरीर को जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति करता है। त्योहारों के दौरान आउटडोर एक्टिविटीज शॉपिंग, घर की साज सजा से हुई थकावट में नारियल पानी का सेवन काफी लाभदायक माना जाता है क्योंकि इसमें मौजूद इलेक्ट्रोलाइट्स शरीर को हाइड्रेटेड और उर्जाबान रखने में मदद करते हैं।

**फ्लेवर्ड पानी**

त्योहारों में डी हाइड्रेशन से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह दी जाती है लेकिन अनेक लोगों बदलते मौसम की बजह से सादे पानी का स्वाद पसन्द नहीं आता जिसकी बजह से बह पानी पीने से कतराते हैं। अगर आप भी उनमें से हैं तो फ्लेवर्ड पानी– आपके लिए बेहतर विकल्प है। फलों से तैयार यह पानी आपके लिए स्वास्थ्यवर्धक हो सकता है। आपको उम्दा स्वाद भी देगा और पानी की कमी भी नहीं होने देगा। फ्लेवर्ड पानी बनाने के लिए सादे पानी में ताजे फल, जड़ी बूटियों, सब्जियों और मसालों आदि का स्वाद मिलाकर इसे स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाया जाता है। पानी को फ्लेवर्ड बनाने से उसमें विटामिन्स और मिनरल्स की मात्रा भी बढ़ जाती है जिससे हम दिन भर उर्जाबान रहते हैं। फ्लेवर्ड पानी के कारण हम कार्बोनेटेड ड्रिंक्स सोडा आदि के सेवन से बचे रहते हैं। फ्लेवर्ड वॉटर में कई तरह के फल और जड़ी बूटियों के तत्व मिले होने से यह हेल्दी होता है और अच्छे से डिटॉक्स करता हैध लेकिन फ्लेवर्ड वॉटर तब हानिकारक भी हो जाता है, अगर वह बाजार का बोतल बंद फ्लेवर्ड वॉटर है और उसमें जरूरत से ज्यादा कृत्रिम मिठास और प्रिजर्वेटिव्स होते हैं। फ्लेवर्ड वॉटर बनाने के लिए मटके या सुराही में ठण्डा पानी भरें ध इसमें पतली कटी हुई फल, हर्ब्स या मसालों की स्लाइस डालें धइसे कुछ घण्टे या रात्रि भर रेफ्रीजिरेटर में ठण्डा होने दें धअब आपका फ्लेवर वाटर तैयार हो गया है।

**आइस्ड हर्बल चाय**

त्योहारों में बार बार गरमा–गरम चाय कॉफी और एरेटेड ड्रिंक्स पीना सेहत के लिए नुकसान दायक सावित हो सकता है। ऐसे में आप एंटी ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर हर्बल चाय ट्राई कर सकते हैं जोकि सेहत और स्वाद दोनों तरफ से बेहतर सावित होगी हर्बल चाय, खासकर मिंट और ग्रीन टी इस दौरान बहुत फायदेमंद होती है। यह न केवल शरीर को हाइड्रेट करती हैए बल्कि शांति और ताजगी भी देती हैध हर्बल चाय में शहद या कम चीनी का उपयोग करें ताकि यह ज्यादा हेल्दी रहे। हर्बल चाय के साथ साथ आप आइस्ड टी भी उपयोग कर सकते हैं जोकि आपको तरोताजा रखेगी। आइस्ड टी में हर्बल चाय के अतिरिकत कुछ कूलिंग और रिफ्रेशिंग चीजों को भी शामिल किया जाता है। दिन में एक हर्बल आइस टी के सेवन से उच्च रक्तचत, शुगर और तनाव को नियन्त्रित करने में मदद मिलती है। हर्बल आइस टी तुलसी, दालचीनी, मुलेठी, पुदीना, लौंग, काली मिर्च आदि से बनती है ध आप कैमोमाइल, पेपरमिंट, या हिबिस्कस की आइस टी बनाकर भी पी सकते हैं।

# इजरायल गाजा में जंग रोकने को तैयार

## ट्रम्प ने 20 पाइंट का प्लान बनाया, नेतन्याहू से कहाः हमास नहीं माने, तो उसे खत्म कर दो






**वाशिंगटन।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में सीजफायर पर सहमत हो गए हैं। नेतन्याहू ने सोमवार (29 सितम्बर) रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से वाशिंगटन डीसी में मुलाकात की। इसके बाद दोनों नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी।

ट्रम्प ने सीजफायर के लिए 20 पाइंट का एक प्लान तैयार किया है। ट्रम्प ने कहा कि अगर हमास इस प्लान को नहीं मानता तो इजरायल के पास उसे खत्म करने का पूरा अधिकार है और अमेरिका इसमें साथ देगा। वहीं, नेतन्याहू ने कहा गाजा में एक शांतिपूर्ण प्रशासन होगा।

हमास के सभी हथियार हटाए जाएंगे और गाजा से इजरायल धीरे-धीरे पीछे हटेगा। नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि यह काम आसान या मुश्किल तरीके से होगा, लेकिन इसे पूरा जरूर किया जाएगा। अगर हमास इस प्लान को नहीं मानेगा तो इजरायल खुद यह काम पूरा करेगा। इधर, हमास ने हथियार डालने से इन्कार कर दिया। कहा कि हमें प्लान का औपचारिक प्रस्ताव नहीं मिला है। वहीं, फलस्तीनी सरकार ने ट्रम्प के प्लान का स्वागत किया है। ट्रम्प ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस प्लान में गाजा में युद्ध रोकना, सभी बंधकों को छोड़ना और गाजा में प्रशासन चलाने के लिए एक अस्थाई बोर्ड बनाने का प्रस्ताव है। इस बोर्ड की अध्यक्षता ट्रम्प करेंगे और इसमें पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भी होंगे।

### सीजफायर के लिए 20 पाइंट

**1. तुरंत युद्ध रोकनाः**

इजरायल और हमास के बीच सहमति बनी तो गाजा में युद्ध तुरंत खत्म होगा।

**2. इजरायल पीछे हटेगाः**

सहमति से इजरायल अपनी सेनाओं को धीरे-धीरे गाजा से निकाल लेगा।

**3. बंधकों को छोड़नाः**

हमास 72 घंटे में सभी इजरायली बंधकों को रिहा करेगा, जिनमें जिंदा और मृत दोनों होंगे।

**4. कैदियों की रिहाईः**

युद्ध खत्म होने पर इजरायल, गाजा के उम्रकैद की सजा काट रहे 250 लोगों और अन्य 1700 कैदियों को छोड़ देगा।

**5. शवों का आदान-प्रदानः**

हर मृत इजरायली कैदी के बदले 15 मृत फलस्तीनी कैदियों के शव लौटाए जाएंगे।

**6. गाजा को आतंक मुक्त बनानाः**

गाजा से हमास के सारे ठिकाने और हथियार हटाए जाएंगे।

**7. हमास प्रशासन में शामिल नहींः**

हमास और अन्य लड़ाके गाजा की सरकार में हिस्सा नहीं लेंगे।

**8. अंतरिम प्रशासन समितिः**

गाजा के लिए एक अस्थाई तकनीकी समिति बनाई जाएगी, जिसमें योग्य लोग होंगे।

**9. शांति बोर्ड बनेगाः**

इस बोर्ड की अध्यक्षता अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे, इसमें टोनी ब्लेयर और अन्य देशों के नेता शामिल होंगे।

**10. पुनर्निर्माण योजनाः**

बोर्ड गाजा के विकास और सुधार की योजना बनाएगा और उसका खर्च उठाएगा।

**11. मानव सहायताः**

गाजा को तुरंत पर्याप्त मदद दी जाएगी।

**12. विशेष व्यापार क्षेत्रः**

गाजा में खास व्यापारिक क्षेत्र बनाए जाएंगे, जिससे रोजगार बढ़ेगा।

**13. लोगों की आजादीः**

किसी को गाजा छोड़ने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा, जो चाहे जा सकता है और लौट सकता है।

**14. सुरक्षा के लिए फोर्सेसः**

एक अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा बल गाजा में सुरक्षा बनाए रखेगा।

**15. पुलिस की ट्रेनिंगः**

सुरक्षा बल गाजा पुलिस को ट्रेनिंग देंगे और मदद करेंगे।

**16. सीमा सुरक्षाः**

इजरायल और मिस्र की सीमाओं पर सुरक्षा मजबूत होगी।

**हमास के सभी हथियार हटाए जाएंगे और गाजा से इजरायल धीरे-धीरे पीछे हटेगा**

**17. लड़ाई बंदः**

युद्ध खत्म होने तक हवाई हमले और गोलाबारी रोकी जाएगी।

**18. मानवाधिकार सुनिश्चितः**

अंतर्राष्ट्रीय संगठन गाजा में मदद और सुरक्षा की निगरानी करेंगे।

**19. शांति बातचीतः**

इजरायल और फलस्तीन के बीच शांति के लिए बातचीत शुरू होगी।

**20. भविष्य की योजनाः**

इस योजना का मकसद गाजा में स्थाई शांति, विकास और बेहतर जीवन लाना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद दोनों नेता बिना मीडिया के सवाल लिए चले गए। ट्रम्प और नेतन्याहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में रिपोर्टर्स के सवाल नहीं लिए। ट्रम्प ने कहा कि अभी दस्तावेज साइन होने और सब कुछ तय होने तक सवाल लेना ठीक नहीं है। ट्रम्प ने नेतन्याहू से पूछा कि क्या वे कुछ इजरायली पत्रकारों के सवाल लेना चाहेंगे, इस पर नेतन्याहू ने कहा कि मैं आपके फैसले पर भरोसा करूंगा। इसके बाद रिपोर्टर्स सवाल पूछने लगे, लेकिन दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया और वहां से चले गए। ट्रम्प ने बताया कि इस प्लान के बनने के दौरान पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर उनके साथ संपर्क में थे।

## ट्रम्प की गाजा शांति योजना का 8 अरब-इस्लामी देशों ने किया स्वागत

**दुबई।** आठ अरब और मुस्लिम बहुल देशों ने मंगलवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की गाजा युद्ध को खत्म करने और क्षेत्र में शामिल बहाल करने के लिए पेश की गई 20 बिंदुओं वाली योजना का स्वागत किया।

यह योजना ट्रम्प और इस्रा. इली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच हुई बातचीत के बाद पेश की गई थी। इसमें गाजा युद्ध को तत्काल रोकने और हमास द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों को 72 घंटों के भीतर रिहा करने का प्रस्ताव है। हालांकि, हमास ने अभी तक इस शांति योजना को स्वीकार नहीं किया है। जिन देशों के विदेश मंत्रियों ने इस योजना का समर्थन किया है, उनमें जार्डन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), इंडोनेशिया, पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब और मिस्र शामिल हैं। इन देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा कि क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए अमे. रिका के साथ साझेदारी जरूरी है। संयुक्त बयान में कहा गया कि विदेश मंत्रियों ने राष्ट्रपति ट्रम्पकी उस घोषणा का स्वागत किया है, जिसमें उन्होंने गाजा में युद्ध समाप्त करने, गाजा में पुनर्निर्माण करने, फलस्तीनी लोगों के विस्थापन को रोकने और शांति की दिशा में आगे बढ़ने की बात कही है।

## अमेरिका में गवर्नमेंट शटडाउन का खतरा

**■ विपक्ष नहीं माना, तो कल रात से ठप होगा सारा काम, जबरन छुट्टी पर भेजे जा सकते हैं 9 लाख कर्मचारी**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में मंगलवार रात फंडिंग बिल पर वोटिंग होनी है। अगर बुधवार रात 12 बजे तक ये बिल पास नहीं हुआ तो ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में पहली बार सरकारी फंडिंग रुक जाएगी। इसे 'गवर्नमेंट शटडाउन' कहते हैं।

दरअसल अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठन गई है। इससे सरकारी काम-काज के ठप होने और 9 लाख कर्मचारियों को जबरन छुट्टी पर भेजने का खतरा बढ़ गया है। डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर है कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई, तो सरकार खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत होगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे। शटडाउन रो. कने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प और डेमोक्रेटिक नेताओं ने सोमवार को व्हाइट हाउस में बैठक की थी लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला। अमेरिका का फिस्कल ईयर यानी खर्च का साल 1 अक्टूबर से शुरू होता है। यह एक तरह से सरकार का आर्थिक साल होता है, जिसमें वह अपना पैसा खर्च करने और बजट बनाने की योजना बनाती है। इस दौरान सरकार तय करती है कि कहां पैसा लगाना है।

## मोदी ने ट्रम्प की गाजा शांति योजना का किया स्वागत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गाज़ा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच का संघर्ष रुकवाने की अमेरिकी राष्ट्रपति की योजना का स्वागत किया है और विश्वास जताया है संबंधित पक्ष इसको स्वीकार करेंगे।

मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक बयान में कहा कि हम राष्ट्रपति डोनाल्ड द्वारा गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक योजना की घोषणा का स्वागत करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना फलस्तीनी और इजरायली लोगों के साथ-साथ व्यापक पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक और स्थाई शांति, सुरक्षा और विकास का एक व्यवहार्य मार्ग प्रदान करती है। मोदी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सभी संबंधित पक्ष राष्ट्रपति ट्रम्प की पहल के पीछे एकजुट होंगे और संघर्ष को समाप्त करने एवं शांति सुनिश्चित करने के इस प्रयास का समर्थन करेंगे। ट्रम्प ने वाशिंगटन की यात्रा पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ सोमवार को व्हाइट हाउस में बातचीत के बाद गाजा में संघर्ष समाप्त करने की एक व्यापक योजना की घोषणा की। उसके तहत गाजा से संचा. लित आतंकवादी गतिविधियां बंद होंगी और गाजा पट्टी का व्यापक पुनर्निर्माण किया जाएगा। योजना में हमास के कब्जे में पड़े बंधकों की वापसी और इजरायल द्वारा हिरासत में लिए गए कुछ फलस्तीनियों की रिहाई का भी प्रस्ताव है।

## H-1B वीजा में बड़े बदलाव करने जा रहा अमेरिका

**■ भारतीय पेशेवरों पर पड़ेगा असर**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने कहा कि फरवरी 2026 से पहले एच-1बी (एच-1बी) वीजा प्रक्रिया में काफी बदलाव होंगे। गौरतलब है कि ट्रम्प सरकार ने एच-1बी वीजा की फीस कई गुना बढ़ाकर 100000 अमेरिकी डालर कर दिया है और नया शुल्क भी फरवरी 2026 से ही लागू होगा।

लुटनिक ने एच-1बी वीजा पर सस्ते तकनीकी सलाहकारों के देश में आने और अपने परिवारों को लाने के विचार को बिल्कुल गलत बताया। लुटनिक ने एक हालिया इंटरव्यू में बताया कि फरवरी 2026 में जब एच1बी वीजा की बढ़ी हुई फीस लागू होगी, तब इसमें कई बड़े बदलाव होंगे। लुटनिक ने संकेत दिए कि अमेरिकी सरकार एच1बी वीजा के तहत लाटरी सिस्टम को खत्म कर सकती है। लुटनिक ने लाटरी सिस्टम की आलोचना की और सवाल किया कि क्या किसी देश को लाटरी के जरिए कुशल श्रमिकों को अपने देश में लाना चाहिए? अमेरिका के वाणिज्य मंत्री लुटनिक ने कहा कि एच-1बी लाटरी को ठीक किया जाना चाहिए और अमे. रिका को उच्च-कुशल नौकरियां केवल सबसे कुशल लोगों को ही देनी चाहिए। लुटनिक ने कहा कि कंपनियों को ऐसे तकनीकी सलाहकारों और प्रशिक्षुओं को रखने का विचार समाप्त कर देना चाहिए जो सस्ते हों। इस बारे में मेरी राय पक्की है। मुझे लगता है कि राष्ट्रपति इन मुद्दों पर मेरे साथ हैं। मेरा मानना है कि सस्ते तकनीकी सलाहकार इस देश में आएं और अपने परिवारों को भी लाएं, ये मुझे बिल्कुल गलत लगता है, और मैं इसे सही नहीं मानता हूं। माना जा रहा है कि भविष्य में अमेरिकी सरकार एच1बी वीजा के तहत सिर्फ उच्च प्रशिक्षित पेशेवरों को ही वरीयता दे सकती है।

## पाक के क्वेटा में बम ब्लॉस्ट, 10 की मौत

### राष्ट्रपति जरदारी का आरोपः बलॉस्ट के पीछे भारत समर्थित आतंकियों का हाथ



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के क्वेटा शहर में मंगलवार दोपहर भीड़भाड़ वाली सड़क पर सुसाइड बम ब्लॉस्ट हुआ। पाकिस्तानी न्यूज पेपर डान के मुताबिक, इसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 32 घायल हैं। मारे गए लोगों में 4 उग्रवादी भी हैं। क्वेटा के एसएसपी मोहम्मद बलोच के मुताबिक, पैरामिलिट्री फोर्स हेडक्वार्टर के पास विस्फोटक से भरी गाड़ी में धमाका हुआ।

धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों की खिड़कियां टूट गई और दीवारों में दरार आ गई। पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा है कि इसके पीछे भारत समर्थित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों का हाथ है। भारत ने अभी तक इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बलूचिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री बख्त मोहम्मद काकर के मुता. बिक घायलों को सिविल अस्पताल और ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सभी बड़े अस्पतालों में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। इनमें क्वेटा सिविल अस्पताल, बलूचिस्तान मेडिकल कालेज (बीएमसी) अस्पताल और ट्रामा सेंटर शामिल हैं। सभी डाक्टरों, फार्मासिस्ट, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को अस्पतालों में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने इस घटना को आतंकी हमला बताया। उन्होंने कहा धमाके के बाद सुरक्षा बलों ने कार्रवाई की और चार आतंकियों को मार गिराया। हम शहीदों के परिवारों के साथ खड़े हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। 2001 में अमे. रिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया, तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। इसमें बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सेना के विरोधी गुट के लोग शामिल थे। इनकी लड़ाई पाकिस्तान की सेना और सरकार के खिलाफ है। अमेरिका ने पाकिस्तान को चेताया है कि टीटीपी एटमी हथियारों तक पहुंच सकता है।

## पीओजेके में प्रदर्शन के दौरान हिंसा में तीन की मौत

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में सोमवार को हालात उस वक्त बिगड़ गए जब क्षेत्र की पुलिस भी पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ सड़कों पर उत्तर आई। अवामी एक्शन कमेटी पहले से क्षेत्रीय समस्याओं के खिलाफ शहबाज सरकार के विरा. ध में धरने-प्रदर्शन करती आ रही है। सोमवार को स्थानीय पुलिसकर्मियों में भी पाकिस्तान की सरकार के प्रति नाराजगी देखने को मिली। हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई और 22 लोग घायल हो गए। स्थानीय पुलिसकर्मियों ने मांगे पूरी न होने पर पूरे पीओजेके में बंद किया। हालात नियंत्रित करने के लिए सरकार ने भारी संख्या में सुरक्षा बल को प्रांत में तैनात कर दिया। इनमें 7000 सुरक्षाबल और फ्रंटियर फोर्स के सैनिकों को तैनाती मिली।

## तालिबान ने अफगानिस्तान में इंटरनेट सर्विस बंद की

**■ अनैतिकता रोकने के लिए फैसला लिया**

**काबुल।** तालिबान ने सोमवार से पूरे अफगान में इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क सेवाएं बंद कर दी हैं।

न्यूज वेबसाइट काबुलना के मुताबिक, काबुल, हेरात, मजार-ए-शरीफ और उरुजगान सहित कई शहरों में फाइबर-आप्टिक इंटरनेट सर्विस ठप हो गई। इसके बाद मोबाइल डेटा कुछ टाइम तक तो काम करता रहा, लेकिन सिग्नल टावर बंद होने से वो भी बंद हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये फैसला अनैतिक गतिविधियों को रोकने के लिए लिया गया है। इससे पहले कुछ प्रांतों जैसे बल्ख, कंधार, हेलमंद, उरुजगान, और निमरोज में फाइबर-आप्टिक नेटवर्क बंद किए गए थे। लेकिन अब ये इंटरनेट बंदी पूरे देश में लागू हो गई, जिसमें मोबाइल नेटवर्क भी शामिल है। 2024 तक अफगानिस्तान में 9350 किलोमीटर का फाइबर-आप्टिक नेटवर्क था, जो पूर्व सरकारों ने बनवाया था।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com




